

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जूना अखाड़े की अनूठी पहल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -254, पृष्ठ -18+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 42.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 28 सूर्यास्त 18 : 43

कानपुर, रविवार, 5 मई 2024


वेट्टैयन में दिखेगी अमिताभ-रजनीकांत की जोड़ी...-2

# कानपुर में 'नमो उत्सव' से माहौल बना गए पीएम मोदी

## 52 मिनट का रोड शो कर लोकसभा चुनाव के लिए जगा गए लोगों में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर नगर के गुमटी में आयोजित रोडशो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री योगी, कानपुर और अकबरपुर के प्रत्याशी रथ पर रहे साथ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को कानपुर में भव्य रोड शो करके मतदाताओं के बीच चुनावी माहौल बना गए। भारी भीड़ के बीच गुमटी गुरुद्वारे पर माथा टेककर शुरू हुए रोड शो के दौरान मोदी-मोदी और नमो-नमो की गूंज रही। बिना बोले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट तक भीड़ को बांधे रखा। क्या बच्चे, क्या बड़े, क्या बुजुर्ग और महिलाएं, सब जोश से लबरेज रहे। आसपास के जिलों से भी भीड़ आई। रोड शो के रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कानपुर नगर प्रत्याशी रमेश अवस्थी, अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी भी रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान चकेरी एयरपोर्ट पर शाम 5.45 बजे पहुंचा। यहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व भाजपा विधायकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनकी फ्लीट 5.47 पर एयरपोर्ट से निकली। उन्होंने रामादेवी चौराहे के दोनों ओर खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी शाम करीब 6.18 मिनट पर गुमटी गुरुद्वारा पहुंचे जहां मुख्यमंत्री योगी और गुमटी गुरुद्वारा कमेटी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में माथा टेका। करीब 6.38 बजे प्रधानमंत्री मोदी गुरुद्वारे से निकले और रोड शो के रथ पर सवार हो गए। भवनों की छतों पर खड़े लोगों ने मोदी-योगी के ऊपर फूलों की वर्षा की। पीएम और योगी ने कमल के निशान वाली एलईडी लाइट लेकर अभिवादन स्वीकार किया।

### अयोध्या में दो किमी लंबा रोड शो आज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या आएंगे। शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम मंदिर पहुंचेंगे। वहां रामलला का दर्शन-पूजन कर रामपथ पर उतरेंगे। इसके बाद सुग्रीव किला से लता चौक तक लगभग दो किमी तक रोड शो कर फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता का समर्थन मांगेंगे।

## सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

- न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन साथ ही न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। इस फैसले से महाराष्ट्र सहित प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में किसानों के एक बड़े वर्ग की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकार ने न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) और साथ ही 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है।

# हिरासत में लिए गए विधायक रेवन्ना

**सेक्स वीडियो मामला**

बेंगलुरु, एजेंसी



- महिला के अपहरण के आरोप में मैसुरु में मामला दर्ज

अपहरण के एक मामले में यहां की एक अदालत ने कर्नाटक जद (एस) के विधायक एचडी. रेवन्ना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद शनिवार को विशेष जांच दल के अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पूर्व मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मैसूरु में मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने यह भी आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जद(एस) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। मामले में बबन्ना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रेवन्ना को यहां देवेगौड़ा के आवास से हिरासत में लिया गया।

कर्नाटक में सेक्स वीडियो कांड विवाद को लेकर एसआईटी ने जदएस विधायक एचडी रेवन्ना और उनके पुत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। सीबीआई द्वारा हासन के सांसद प्रज्ज्वल के खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने की संभावना है।

### राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर जद-एस के नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के उत्पीड़न का शिकार हुईं पीड़िताओं को हरसंभव मदद देने को कहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने सिद्धरमैया को लिखे पत्र में कर्नाटक से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के कृत्यों की निंदा की और उनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हाथ होने का आरोप लगाया।

## लवली, चौहान समेत दिल्ली कांग्रेस के कई नेता भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व विधायक नसीब सिंह, नीरज बसोया ने भी ली सदस्यता

दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नीरज बसोया तथा नसीब सिंह सहित कुछ अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में कांग्रेस के सभी पूर्व नेताओं ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ विपक्षी पार्टी के गठबंधन की आलोचना की।

लवली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उन्होंने उन्हें और उनके सहयोगियों को ऐसे समय पार्टी में शामिल होने का अवसर दिया जब वे खोया हुआ महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी मौजूदा लोकसभा चुनाव में बड़े बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखेंगे। लवली ने हाल ही में आम आदमी पार्टी के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध करते हुए दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

## पुंछ में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला

जम्मू, एजेंसी



- गोलीबारी में पांच जवान घायल, दो की हालत गंभीर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवादियों ने वायु सेना के एक वाहन सहित सुरक्षाबलों के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शाम को शशिधर के पास हुआ जब सुरक्षाबलों के वाहन जिले के सुरनकोट इलाके में सनाई टॉप की ओर बढ़ रहे थे।

इस हमले में पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस के अतिरिक्त जवानों को इलाके में भेजा गया है और आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें मार गिराने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया गया है।

**एक नजर**

### एअर इंडिया विमान में रख सकते हैं 15 किग्रा सामान

**नई दिल्ली।** घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू उड़ानों पर न्यूनतम किराए वाली श्रेणी में एक यात्री के लिए केबिन में रखने के लिए सामान का न्यूनतम वजन 20 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने कहा कि सभी के लिए एक आकार का नजरिया अब आदर्श नहीं है। कंफर्ट और कंफर्ट प्लस श्रेणियों के तहत 2 मई से निशुल्क केबिन बैगेज सुविधा को 20 किग्रा और 25 किग्रा से घटाकर 15 किग्रा कर दिया है।

### यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के खिलाफ महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप की जांच के लिए गठित कोलकाता पुलिस की जांच टीम अगले कुछ दिनों में गवाहों से बात करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को कहा कि जांचकर्ता पहले ही राजभवन से सीसीटीवी फुटेज साझा करने का अनुरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक जांच दल का गठन किया है जो इस मामले में अगले कुछ दिनों में कुछ संभावित गवाहों से बात करेगा।

### दुष्कर्म-हत्या में चार को मौत की सजा

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पंचकूला में सीबीआई की अदालत ने 2016 के नूंह सामूहिक दुष्कर्म और दोहरे हत्याकांड में चार दोषियों को शनिवार को मौत की सजा सुनाई है। 10 अप्रैल को हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोहरे हत्याकांड, सामूहिक दुष्कर्म और डकैती की घटना में का दोषी ठहराया था। यह घटना हरियाणा के नूंह में 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात की है। अदालत ने दोषियों पर कुल 8 .20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## जीआईसी में सेवानिवृत्त शिक्षकों की फिर से ली जाएंगी सेवाएं

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने का फार्मूला
- शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पढ़ाने पर भी जोर

**अमृत विचार** : राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए अब माध्यमिक शिक्षा विभाग सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा लेगा। इन शिक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी।

विभाग की ओर से ऐसे शिक्षकों को एक निर्धारित मानदेय भी दिया जाएगा। इस संबंध में विभाग की ओर से उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है। जिसमें राजकीय कॉलेजों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की सेवा लिए जाने का निर्णय हुआ है। औपचारिक घोषणा आचार संहिता समाप्त होते ही की जाएगी। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक आयोग की ओर से नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती है तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा जारी रहेगी। बता दें कि 2024 के परीक्षा परिणाम राजकीय कॉलेजों से एक भी टॉपर न आने का मुद्दा अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था।

### मुख्यमंत्री योगी भी बता चुके हैं विकल्प

बीते वर्ष अक्टूबर माह में आयोग की ओर से चयनित प्रधानाचार्यों को नियुक्त पत्र देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी माध्यमिक शिक्षा विभाग को सुझाव देते हुए कहा था कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए, तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएं और उन्हें एक निश्चित मानदेय दिया जाए।

> राजकीय कॉलेजों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया जुलाई माह में पूरी होगी। इसके साथ ही कॉलेजों में एक घंटा अतिरिक्त भी पढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 की परीक्षा में परिणाम बेहतर आए।
> -**डॉ. महेन्द्र देव**, निदेशक माध्यमिक शिक्षा।

## मोदी शहंशाह हैं, जनता से उन्हें मतलब नहीं : प्रियंका

लखानी (गुजरात), एजेंसी



- राहुल गांधी के लिए मोदी के शहजादा तंज पर किया पलटवार

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शहजादा' तंज पर शनिवार को पलटवार करते हुए उन्हें (मोदी को) 'शहंशाह' बताया, जो महल में रहते हैं और जनता से कटे हुए हैं। कांग्रेस महासचिव अपनी पार्टी की उम्मीदवार गेनीबेन ठाकोर के प्रचार के लिए गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने मोदी पर सत्ता के लिए गुजरात के लोगों का इस्तेमाल करने और फिर उन्हें भूल जाने का भी आरोप लगाया। प्रियंका ने कहा कि वह मेरे भाई को शहजादा कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादे आपकी समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चले, किसानों और मजदूरों से मिले तथा उनसे पूछा कि हम उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं।

## अब पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी का चुनाव लड़ने से इनकार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुरी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और पार्टी से वित्तीय मदद न मिलने का आरोप लगाते हुए पार्टी को टिकट लौटा दिया। कांग्रेस के पूर्व सांसद ब्रजमोहन मोहंती की बेटी सुचरिता ने शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल को एक ईमेल भेजा, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनका प्रचार अभियान बुरी तरह प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने वित्तीय मदद देने से इनकार कर दिया है। आरोप लगाया कि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी अजॉय कुमार ने उनसे अपने दम पर चुनाव लड़ने को कहा है।






**हेराफेरी** | व्यापारी खरीदते गेहूं, धान, मक्का समेत अन्य शुल्क के उत्पाद, दर्शाते शुल्क मुक्त

# चोकर और राजमा के नाम करोड़ों का मंडी शुल्क चोरी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- चोकर, राजमा, फल, सब्जी आदि कृषि उत्पाद में नहीं लगता मंडी शुल्क और जीएसटी

**अमृत विचार** : प्रदेश में मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों द्वारा जमा किया जा रहा मंडी शुल्क, विकास सेस व जीएसटी में बड़ा अंतर है। इस तरह से करीब 300 करोड़ रुपये मंडी शुल्क और विकास सेस चोरी होने की आशंका है। मंडी परिषद ने व्यापारियों के मंडी और जीएसटी के आंकड़ों का मिलान कराने के लिए राज्य कर विभाग को पत्र लिखा है। कई मामले मंडी अधिकारियों ने पकड़े हैं, जिनमें व्यापारियों ने गेहूं, मक्का, धान आदि शुल्क आधारित कृषि उत्पाद खरीदे, जबकि कागजी प्रक्रिया में चोकर, राजमा समेत कई तरह के शुल्क मुक्त उत्पाद दिखाए। इस हेराफेरी में ऐसे भी कुछ कृषि उत्पाद शामिल बताए गए, जो मंडी और विकास शुल्क से मुक्त हैं पर जीएसटी लागू है। इसका भी व्यापारी फायदा उठाकर खरीद में ऐसे उत्पाद दिखाकर मंडी और विकास शुल्क बचाकर सिर्फ जीएसटी भर रहे हैं। इसी तरह जीएसटी भी बचा रहे हैं।

मंडी परिषद हर वर्ष करोड़ों रुपये मंडी और विकास शुल्क चोरी होने की संभावना जताकर राज्य कर विभाग से व्यापारियों के जीएसटी संबंधित आंकड़े मांग रहा है।

### फल, सब्जी, गल्ला समेत 81 उत्पाद पर शुल्क

फल, सब्जी व गल्ला समेत 81 कृषि उत्पाद पर कुल डेढ़ प्रतिशत मंडी व विकास शुल्क लागू है। इनमें आलू, प्याज, टमाटर, नीबू, लहसुन, अदरक को छोड़कर बाकी सब्जी व फल शुल्क मुक्त हैं। जीएसटी से भी सभी सब्जी व फल मुक्त हैं। इसी तरह धान, चावल, ज्वार, बाजारा, मक्का, गेहूं, उड़द, जौ, जई, मूंग, चना, मटर, अरहर, मसूर, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, अलसी, लाही-सरसों आदि पर मंडी व विकास शुल्क देय है। इनमें शामिल दलन और तिलहन में जीएसटी लागू है।

> व्यापारियों द्वारा भरे जा रहे मंडी शुल्क और जीएसटी में अंतर से बड़े पैमाने पर शुल्क बचाने की आशंका है। राज्य कर विभाग को आंकड़ों का मिलान करने के लिए लिखा है। - **चंदन कुमार पटेल**, उपनिदेशक, मुख्यालय मंडी परिषद

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जाइंटस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# एलएसजी को घर में केकेआर देगी कड़ी टक्कर

**लखनऊ, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने



पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। इसके बाद गेंदबाजों ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए मुंबई की टीम को 18.5 ओवर में आउट कर 24 रन की यादगार जीत दर्ज की।

### सीएसके के खिलाफ पंजाब की निगाह लगातार दूसरी जीत पर

**धर्मशाला।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी जिससे टीम मुश्किल में है। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है और पांच बार की चैंपियन उम्मीद करेगी कि स्थान बदलने से उसका भाग्य भी बदल जायेगा क्योंकि नॉकआउट चरण में अपना स्थान पक्का करने क लिए महज चार मैच बचे हैं। सीएसके हरप्रीत बरार और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। उनकी बल्लेबाजी भी कप्तान रूतुराज गायकवड़ और शिवम दुबे पर निर्भर होती जा रही है तथा जैसे ही इनमें से एक विफल होता है, वैसे ही टीम के अनिरंतर बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। गायकवाड़ ने सत्र का पांचवां 50 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया जबकि अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

# हार्दिक का दवाब स्वाभाविक : फिंच

**मुबंई, एजेंसी**



आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और टीवी कमेंटेटर एरोन फिंच ने कहा कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में मुबंई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उसकी गरिमा के अनुरुप नहीं रहा है और ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या के चेहरे पर दवाब परिलक्षित होना स्वाभाविक है।

स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बातचीत में फिंच ने शुक्रवार को केकेआर के खिलाफ मुबंई की हार पर कहा वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी के लिए एक खूबसूरत जगह है। हालांकि मुबंई का प्रदर्शन थोड़ा चौकाने वाला था। टीम के लगातार निराशाजनक प्रदर्शन से कप्तान हार्दिक का तनाव में आना स्वाभाविक है और वह भी तब, जब कप्तान का खुद का प्रदर्शन भी अच्छा न हो। मैं खुद उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं मगर वह दिखता नहीं है और जब टीम उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, तो यह वास्तव में बहुत ही कठिन हो जाता है। टीम के प्रदर्शन के लिए कप्तान की भूमिका ऐसे समय में काफी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

### पीठ में जकड़न के कारण इम्पैक्ट सब के तौर पर खेले रोहित

**मुंबई।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण केकेआर के खिलाफ बतौर 'इम्पैक्ट सब' खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था।



इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही जोड़ सके। इस मैच में मुंबई इंडियंस को केकेआर से 24 रन की हार का सामना करना पड़ा। इससे पांच बार की चैंपियन टीम इस साल के आईपीएल से लगभग बाहर हो गयी है। चावला ने वानखेडे स्टेडियम में मैच के बाद कहा उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी इसलिए ऐहतियातन यह फैसला किया गया।

## खेल डायरी

### ब्रिटेन दौरे पर विभिन्न टीम से भिड़ेगी तमिलनाडु की युवा टीम

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा खिलाड़ियों की टीम ब्रिटेन दौरे के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाफ सीमित ओवरों के मैच के अलावा कई दिन चलने वाले मुकाबले भी खेलेगी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने शनिवार को टीम के श्रृंखला के लिए रवाना होने की घोषणा की। टीएनसीए ने कहा कि यह दौरा आधिकारिक रूप से सोमवार से शुरू होगा। टीम के कोच पूर्व भारतीय गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी हैं जबकि एक अन्य पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोबिन सिंह सलाहकार और तनवीर जब्बार बल्लेबाजी कोच हैं। राज्य के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन और प्रदोष रंजन पॉल टीम के मशहूर चेहरे हैं। इस दौरे पर नाटिंघम, मैनचेस्टर और लंदन में सात वनडे और चार कई दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे।

### हरिद्वार की मनीषा ने बनाई भारतीय हॉकी टीम में जगह

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से वंदना कटारिया के बाद श्यामपुर की मनीषा चौहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाई है। टीम में घोषणा के बाद मनीषा चौहान के परिवार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनीषा चौहान के पिता सेना से रिटायर हैं और मनीषा चौहान ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके बाद मनीषा चौहान को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफ आई एच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। मनीषा का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ।

### ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए ज्योति और शैली करेंगी मशक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी और लॉन्ग जंपर शैली सिंह पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए यूरोप में कई प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ज्योति मई से जून के बीच पूरे यूरोप में छह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी, जबकि लॉन्ग जंप खिलाड़ी शैली चार यूरोपीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनके प्रस्तावों को भारतीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने मंजूरी दे दी।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद लय में आई बेंगलुरु की टीम, सिराज, विशाक और दयाल ने लिए दो-दो विकेट

# आरसीबी ने गुजरात को 147 पर किया ढेर






विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम को 19.3 ओवर में 147 के स्कोर पर समेट दिया।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर गुजरात टाइटंस को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। ऋद्धिमान साहा (1), शुभमन गिल (2) और साई सुदर्शन (6) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 61 रन जोड़े।

शाहरुख खान ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने 20 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली। इसके बाद राशिद खान (18), विजय शंकर (10) मानव सुथर (1) और मोहित शर्मा (शून्य) पर आउट हुये। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 19.3 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। बेंगलुरु को जीत के लिए 148 रन बनाने होंगे। आरसीबी की ओर से मोहम्मद सिराज, यश दयाल और विजयकुमार वैशाख ने दो-दो विकेट लिये। कर्ण शर्मा और कमरून ग्रीन को एक-एक विकेट मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |



गुजरात को सस्ते में समेटने के बाद अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते विराट। ● एजेंसी

### गुजरात 147/10

19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिधिमान साहा का कार्तिक बो सिराज | 1 | 7 | 0/0 |
| शुभमन गिल का विशाक बो सिराज | 2 | 7 | 0/0 |
| साइ सुदर्शन का कोहली बो ग्रीन | 6 | 14 | 0/0 |
| एम शाहरूख खान रन आउट | 37 | 24 | 5/1 |
| डेविड मिलर का मैक्सवेल बो शर्मा | 30 | 20 | 3/2 |
| राहुल तेवतिया का विशाक बो दयाल | 35 | 21 | 5/1 |
| राशिद खान बो दयाल | 18 | 14 | 2/1 |
| विजय शंकर का सिराज बो विशाक | 10 | 7 | 2/0 |
| मानव सुतार का स्वप्निल बो विशाक | 1 | 2 | 0/0 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| नूर अहमद रन आउट | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 1-0-1-0, सिराज 4-0-29-2, दयाल 4-0-21-2, ग्रीन 4-0-28-1, विशाक 3.3-0-23-2, शर्मा 3-0-42-1

# इंग्लैंड की महिला टीम चयन के लिए इस्तेमाल कर रही कृत्रिम मेधा : कोच

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुकाबलों का संबंध है तो उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक मुहैया कराया है और उन्हें एशेज श्रृंखला जीतने में भी मदद की।

लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कोचिंग कर रहे थे। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने भी कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया था। इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई प्रणाली से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाड़ियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली। हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। पिछले साल एक खिलाड़ी का चयन करना था, हमने ऑस्ट्रेलियाई टीम की मजबूती देखी और फिर उसी के अनुसार अपनी टीम को मजबूती दी, अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुनी। यह कारगर रहा, हमारे लिए फायदेमंद रहा।

# एथलीटों को प्रतिबंधित दवाओं पर जागरूक कर रहे हैं पूर्व मुक्केबाज अखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज और झज्जर पुलिस में सहायक आयुक्त अखिल कुमार ने झज्जर के जवाहरलाल बाग स्टेडियम में बातचीत में उभरते हुए खिलाड़ियों को सलाह दी कि नशीली दवाओं के खतरे से बचें।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले 43 वर्षीय अखिल ने 2006 में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक था। उन्होंने 100 से ज्यादा खिलाड़ियों से बातचीत की जिसमें मुक्केबाज भी शामिल थे। अखिल ने कहा, बतौर खिलाड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के पैनल के सदस्य होने के नाते मैं इसके खतरे को समझता हूं। मैंने उन्हें सलाह दी कि इससे कैसे दूर रहें। नियमित रूप से होने वाले मेडिकल चेक-अप के दौरान भी उन्हें डॉक्टर को बताना चाहिए कि वे एथलीट हैं ताकि वे उन्हें प्रतिबंधित दवाई नहीं लिखें।

# आई-लीग के चार खिलाड़ी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक द्वारा शनिवार को घोषित 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल के फॉरवर्ड



● फीफा विश्व कप और एएफसी एशियाई कप के लिए संभावित सूची में शामिल

लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी की टीमें आईएसएल फाइनल में भिड़ेगी ऐसे में इन दोनों टीमों से राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले संभावितों के नाम की घोषणा दूसरी सूची में होगी। भारत 10 मई को भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगा। टीम ग्रुप ए के आखिरी दो मैचों में 6 जून को कोलकाता में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद 11 को दोहा में कतर का सामना करेगी।

## एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी

# भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए रिकॉर्ड 43 पदक

**अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी**

आकाश गोरखा, विश्वनाथ सुरेश, निखिल और प्रीत मलिक ने शनिवार को यहां अंडर-22 पुरुष फाइनल में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में अभूतपूर्व 43 पदक पक्के किये। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन आकाश ने 60 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के इलासोव सयात पर 5-0 से जीत हासिल की।

मौजूदा युवा विश्व चैम्पियन विश्वनाथ (48 किग्रा) ने रिव्यू के बाद फिलीपींस के बारिकुआत्रो ब्रायन पर 5-2 से जीत दर्ज की। निखिल (57 किग्रा) और प्रीत (67 किग्रा) ने



भी क्रमशः मंगोलिया के दोर्जानयाम्बु गानबोल्ड और किर्गिस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव को 5-2 के समान अंतर से मात दी। लेकिन एम जादूमणि सिंह (51 किग्रा), अजय (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा), ध्रुव (80 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) और युवराज (92 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य प्रीति (54 किग्रा) सहित नौ महिला मुक्केबाज सेमीफाइनल खेलेंगी। अंडर-22 फाइनल मंगलवार को खेले जाएंगे।

# टी-20 विश्व कप में इंपैक्ट प्लेयर नहीं होने से रणनीतिक रूप सोचना पड़ेगा : स्टार्क

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।



इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है। स्टार्क ने कहा कि टी-20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा ऐसे में इसका असर स्कोर पर दिखेगा। आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

## बॉलीवुड हलचल

# वेट्टैयन में नजर आयेगी अमिताभ रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की सुपरहिट जोड़ी फिल्म वेट्टैयन में नजर आएगी। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म वेट्टैयन लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई जा रह है। फिल्म वेट्टैयन के मेकर्स लाइका प्रोडक्शनस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। पहली ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत साथ में पोज करते दिखाई दे रहे हैं, तो दूसरी फोटो में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक-दूसरे से गले मिलते दिख रहे हैं। तीसरी फोटो में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत बातें करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही प्रोडक्शन हाउस ने एक कैप्शन भी लिखा है, द टाइट्नस ऑफ इंडियन



सिनेमा सुपरस्टार रजनीकांत और शंहशाह अमिताभ बच्चन मुंबई में वेट्टैयन के सेट पर। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था। इससे पहले दोनों कलाकार फिल्म अंधा कानून (1983) और गिरफ्तार (1985) में स्क्रीन शेयर कर चुके हैं।

# फरवरी में शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 की शूटिंग फरवरी 2025 में शुरू हो सकती है। फरहान अख्तर अपनी सुपरहिट फिल्म डॉन का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म डॉन की फ्रेंचाइजी है। पहली डॉन में शाहरुख के साथ प्रियंका चोपड़ा नजर आई थीं। इसके बाद वर्ष 2011 में प्रदर्शित डॉन के सीक्वल में भी शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी नजर आई। अब डॉन 3 आ रही है, जिसमें रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि डॉन 3 की शूटिंग अगले साल फरवरी महीने में शुरू होगी। रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग से पहले अपनी अपकमिंग फिल्म राक्षस की शूटिंग पूरी करेंगे। फरहान अख्तर डॉन 3 की लोकेशन के सिलसिले में लंदन में हैं।



### जुलाई-अगस्त में अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे शाहरुख

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान जुलाई-अगस्त में अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। शाहरुख खान ने पिछले साल पठान और जवान और डंकी जैसी कामयाब फिल्मों में काम किया था। शाहरूख खान ने बताया कि वह जुलाई या अगस्त से अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। शाहरुख खान ने कहा मुझे महसूस हुआ कि मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। तीन फिल्में पठान, जवान और डंकी कर चुका हूं, इसमें काफी मेहनत लगती है। ऐसे में मैंने सोचा कि अब मैं थोड़ा आराम कर सकता हूं। मैंने अपनी आइपीएल टीम से भी कहा था कि मैं सभी मैचों में आऊंगा। मेरी शूटिंग अब अगस्त में है या जुलाई में है ऐसे में मैं इन दिनों एकदम फ्री हूं और अपनी आइपीएल टीम को सपोर्ट करने के लिए हर मैच के दौरान मौजूद रह सकता हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# पोस्टल बैलेट से 423 कर्मियों ने किया मतदान

## डीएम ने मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का लिया जायजा, 45 कर्मी नदारद मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में चल रहा है। डीएम ने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण व पोस्टल बैलट से मतदान के लिए बनाए गए सुविधा केंद्र का जायजा लिया।

शनिवार को डीएम आलोक सिंह ने सभी मतदान कार्मिकों से कहा कि वह प्रशिक्षण को भालीभाति पूरी तन्मयता के साथ प्राप्त करें। जिससे मतदान दिवस के दिन किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराए जाने के लिए मतदान कार्मिकों का विशेष योगदान होता है। डीएम ने सभी मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिया कि वह गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर ध्यान दें और मतदान कर्मिको के शंका समाधान का तत्काल निवारण करें। डीएम ने कार्मिकों से प्रशिक्षण, ईवीएम को संचालित करने आदि के संबंध में जानकारी ली। द्वितीय प्रशिक्षण के पहले दिन प्रत्येक शिफ्ट में 170 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया। कुल तीन पालियों में कुल 45 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पोस्टल वैलेट सुविधा केंद्र पर सायं पांच बजे तक विधानसभा रसूलाबाद में 110, सिकंदरा में 196, अकबरपुर में 117 पोस्टल बैलेट से मतदान हुआ। डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार, डीएफओ एके द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


पोस्टल बैलेट से मतदान का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

## प्रेक्षक ने चुनाव गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए जाने के लिए कन्नौज लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता व डीएम की उपस्थिति में मतदान दिवस की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई।

शनिवार को बैठक में प्रेक्षक संदीप कुमार ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी आयोग के दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सामान्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, स्वीप गतिविधि, एफएसटी, एसएसटी टीमों द्वारा की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा कन्नौज की विधानसभा रसूलाबाद में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए सभी तैयारी शीघ्र पूर्ण कर ली जाएं। प्रेक्षक ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को संपूर्ण तैयारी के संबंध में नियमित समीक्षा कर अवगत कराने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद प्रेक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस, मतगणना स्थल, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण व पोस्टल वैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस मौके पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीडीओ लक्ष्मी एन, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, पीडी वीरेंद्र सिंह, एसडीएम रसूलाबाद नीलिमा यादव, बीएसए रिद्धी पांडेय, डीडी एजी रामबचन राम मौजूद थे।

## सरोवर में 'अमृत' की दरकार, पशु-पक्षी बेहाल


भीषण गर्मी में सूखा पड़ा कमलपुर का अमृत सरोवर तालाब। अमृत विचार

संवाददाता, राजपुर

● अमरौधा ब्लाक क्षेत्र के कमलपुर गांव में 17 लाख से बना तालाब सूखा

**अमृत विचार।** राजपुर ब्लाक के गांवों में काफी संख्या में अमृत सरोवर सूखे हैं। लाखों रुपये खर्च कर विकसित किए गए मॉडल तालाब अपनी रंगत खो रहे हैं। हालत यह है कि तालाबों में धूल उड़ रही है और गर्मी में पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। तालाबों का अस्तित्व बचाने के लिए मनरेगा, मुख्यमंत्री जल बचाओ अभियान समेत कई योजनाएं शुरू हुई, लेकिन पानी के नाम पर इनमे एक बूंद तक नहीं है। अमरौधा ब्लाक क्षेत्र के कमलपुर गांव में 17 लाख रुपये की लागत से बनाए गए अमृत सरोवर में पानी की दरकार है। सूखा पड़ा तालाब लोगों की अनदेखी की कहानी बयां कर रहा है। जबकि शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी तालाब व पोखर बचाने के लिए संजीदा नहीं हैं। पर्यावरण संतुलन, मवेशियों, पशु, पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मनरेगा के तहत खोदे गए तालाबों में पानी तक नहीं है। इस बावत अमरौधा ब्लाक के बीडीओ कमलेश कुमार ने कहा कि सूखे तालाबों को चिंहित कर पानी भराया जाएगा।

## एक नजर

### पुखरायां स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आया वेंडर, मौत

**पुखरायां।** कस्बा के मंडी समिति निवासी एक वेंडर ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां मंडी समिति निवासी प्रियांश (20) पुखरायां रेलवे स्टेशन परिसर में सामान बेचते समय मेमो ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया। उपचार के दौरान वहां प्रियांश की मौत हो गई।

### युवक ने फांसी लगाई, मौत

**मंगलपुर।** युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। मंगलपुर थाना क्षेत्र के भूठा गांव निवासी सीताराम के पुत्र विजयपाल उर्फ भूरा (38) ने घर के पास खड़े नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर पारिवारियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। मृतक अपनी मां के साथ रहता था और उसकी मानसिक स्थिति खराब बताई जा रही है।

### युवक की हुई शिनाख्त

**रूरा।** क्षेत्र के रोशनमऊ हाल्ट पर पिछले दिनों ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक के मामले में शव की शिनाख्त परिजनों ने की है। बीते मंगलवार को रोशनमऊ के पास मिले युवक के शव की शिनाख्त शनिवार को डेरापुर थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव निवासी रजपाल ने अपने पुत्र ज्ञान सिंह के रूप में की। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र मानसिक रूप से बीमार रहता था।

### ससुराल गए युवक से मारपीट

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अड़रेपुरवा निवासी युवक ने ससुरालियों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित राजकुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम को वह अपने ससुराल जसू गया था। जहां उसके ससुर राजाराम और अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक को मेडिकल के लिए भेजा है।

### आग से सामान जला

**रसूलाबाद।** बंगले में आग लगने से हड़कंप मच गया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के कंडवर गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कलेक्टर सिंह के बंगले में आग लग गई। बंगले में सबमर्सिबल से ट्यूबबेल संचालित होता था। अज्ञात कारणों से आग लगने से स्टार्टर, पाइप, साइफन, चारपाई, पंखा आदि जल गया।

## बिना मान्यता वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● जिले के सभी ब्लाकों में 62 बिना मान्यता वाले स्कूलों को जारी हो चुके हैं नोटिस

**अमृत विचार।** जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की गई है।

बीएसए कार्यालय से पिछले दिनों निर्देश जारी हुए थे कि जिन स्कूलों ने अस्थायी मान्यता लेने के बाद सभी मानक पूरे कर लिए हैं। वह स्थायी मान्यता लेकर स्कूल संचालित करें, लेकिन अभी तक काफी स्कूलों ने स्थाई मान्यता नहीं ली है। बता दें कि शुक्रवार को रसूलाबाद क्षेत्र के निभू गांव में घर के अंदर बिना मान्यता के संचालित एक स्कूल को बीईओ अजब सिंह ने बंद कराया था। मौके पर 50 बच्चे पढ़ते मिले थे। उन्होंने विद्यालय को नोटिस जारी की थी। दोबारा खुला मिलने पर कार्रवाई की बात कही थी। आंकड़ों के अनुसार रसूलाबाद ब्लॉक में पिछले माह मानकविहीन आठ विद्यालय उसरी, सभानिवादा, माल का पुरवा, सजावरपुर, कहिंजरी, विलाहा, करियावर में संचालित मिले थे। इनमें कुछ अस्थायी मान्यता में चल रहे थे तो कुछ के पास मान्यता ही नहीं थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में 62 स्कूल मानकविहीन संचालित होते पाए गए हैं। इन्हें नोटिस भी पूर्व में जारी की गई है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मानकविहीन व बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों पर कार्रवाई कर रिपोर्ट दें। ब्लॉक से रिपोर्ट आने के बाद विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के आरोपी की जमानत निरस्त

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** डेरापुर क्षेत्र में एकतरफा प्रेम में किशोरी की गला रेत कर निर्ममता पूर्ण हत्या के आरोप के मामले में आरोपी की जमानत उच्च न्यायालय ने निरस्त कर केस की शीघ्र सुनवाई करते हुए छह माह में निस्तारण करने के आदेश विचारण न्यायालय को दिए हैं। यह जानकारी मामले में वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र निस्तारित करते हुए लिखा है कि आरोपी पर एक नाबालिग लडकी की गर्दन को चाकू के तीखे प्रहार से हत्या का आरोप है। घटना को देखा गया है और घटना स्थल पर उसकी उपस्थिति पर संदेह नहीं किया जा सकता। साथ ही तमाम परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त किया है। अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप ने कहा कि आरोपी रिषभ उर्फ शीलू कटियार व उसके पिता के विरुद्ध मृतक किशोरी के चाचा ने थाना डेरापुर में इस आरोप के साथ मुकदमा पंजीकृत कराया था कि आरोपी मृतक किशोरी को अक्सर परेशान करते हुए पीछा करता था।

इसकी शिकायत उसके परिजनों से की, लेकिन वह नहीं माना और 11 जनवरी 2022 को जब किशोरी अपनी चचेरी बहन के साथ सुबह शौंच क्रिया के लिए खेतों में गई थी। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपी रिषभ उर्फ शीलू ने अपने पिता के साथ किशोरी को पकड़ कर चाकू से गला रेत दिया। साथ ही उसकी चचेरी बहन पर भी हमला करने का प्रयास किया। घायल किशोरी को इलाज के लिए ले जाते रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। अधिवक्ता ने बताया की आरोपी रिषभ उर्फ शीलू जिला कारागार में निरुद्ध है। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 स्पेशल जज पाक्सो एक्ट शरद त्रिपाठी की न्यायालय में विचाराधीन है। मामले के विवेचक से बचाव पक्ष की जिरह जारी है। अभियोजन के अन्य गवाह परीक्षित कराए जा चुके है। केस में विवेचक को शेष जिरह के लिए 7 मई की तिथि न्यायालय ने नियत की है।

### दोषी को एक साल सश्रम कारावास

**कानपुर देहात।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की जा रही है। जिसके क्रम में थाना गजनेर में वर्ष 2022 में दर्ज आयुध अधिनियम के मामले में अभियुक्त तौहीद उर्फ गोलू निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर को एफटीसी अदालत ने दोषी पाए जाने पर एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर पांच सौ रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में उसे पांच दिन के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर दिखाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### रेल कर्मियों ने स्कूलों में कराई चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता

**रूरा।** रेलवे स्टेशन रूरा के स्टेशन अधीक्षक व स्टेशन मास्टर द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शनिवार को रूरा स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार व स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय ने बताया कि जनपद में आगामी 13 व 20 मई को मतदान होना है। इसमें सभी को बढ़-चढ कर हिस्सा लेना चाहिए। शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए बच्चों के माध्यम से उनके परिवार को प्रेरित किया जा रहा है। वहीं कस्बे के संविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जूनियर विद्यालय व क्षेत्र के अन्य आधा दर्जन विद्यालयों में चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### फसल रखवाली करने गए किसान पर चाकू से हमला, गंभीर

**रसूलाबाद।** खेत में मक्का फसल की रखवाली करने गए किसान के सोते समय रात में अज्ञात ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल किया। उसे गंभीर हालत में कानपुर से पीजीआई लखनऊ भेजा गया है। शुक्रवार देर शाम मदारपुर मुलाही निवासी राजेश कुमार (25) पुत्र नन्हू अपने खेत पर मक्के की फसल की रखवली करने गए हुए थे। रात में खेत में सोते समय अज्ञात व्यक्ति ने राजेश के मुंह पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर एन चंद्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर राजेश को कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। घायल के पिता नन्हू ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। छानबीन की जा रही है।

### नौकरी का झांसा देकर दो युवकों से 45 हजार की ठगी

**रूरा।** दो युवकों के साथ गांव के ही युवक ने नौकरी का झांसा 45 हजार रुपये ठग लिए। वापस रुपये मांगने पर युवकों को पीट कर भगा दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। मड़ौली गांव के रहने वाले बीरू और चांद बाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व गांव के शाबिर ने उक्त दोनों युवकों से नौकरी लगवाने की बात कही थी और प्रति महीने बीस हजार रुपये वेतन मिलने का आश्वासन दिया था। उसके एवज में एक युवक की नौकरी के 22500 रुपये मांगे। उसकी बात में आकर दोनों युवकों ने नौकरी के लिए हामी भर दी और 45 हजार रुपये दे दिए। जिसके बाद गांव के युवक ने दोनों युवकों को जनपद बरेली बुलाया। जहां दो दिन किसी अंजान जगह रखा। जब युवकों ने नौकरी की बात कही तो उसे आज-कल करते हुए झांसा देने लगे। उन्होंने आरोपी से रुपये मांगे तो उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर मारपीट की और डरा-धमका कर वहां से भगा दिया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि युवकों के साथ ठगी की तहरीर पर जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर खड्ड में गिरे बाइक सवार, युवक की मौत

**मंगलपुर।** मलगाव गांव के पास में कपड़े खरीद कर घर जा रहे दो बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरे और घायल हो गए। झींझक सीएचसी में एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गाऊपुर गांव निवासी जयवीर (23) व दीपक उर्फ दीपू (28) निवासी गाऊपुर रसूलाबाद से कपड़ा खरीद कर बाइक से गांव जा रहे थे। तभी मलगाव गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक खड्ड में जाकर गिर गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने ई रिक्शा से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉ. शिरोमणि ने जयवीर को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर मां सुनीता देवी आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। वहीं सूचना पर देर शाम पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कवायद शुरू की थी।

### चोरों ने पार किए लाखों के जेवरात व नकदी

**राजपुर/पुखरायां।** सटटी गांव व बरौर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में दो घरों से चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, सामान व नगदी पार कर दी। राजपुर प्रतिनिधि के अनुसार सटटी थाना क्षेत्र के सटटी गांव निवासी रमजानो ने पुलिस को बताया कि वह बच्चों के साथ दिल्ली में आइसक्रीम बेचने का काम करती है। करीब एक महीने पहले वह गांव से दिल्ली गई थी। शुक्रवार शाम को गांव के एक व्यक्ति ने घर के दरवाजे की कुंडी टूटी देखकर फोन से जानकारी दी। शनिवार को लौटने पर देखा कि घर के अंदर कमरे से बक्सा निकला पड़ा था और घर का सामान बिखरा था। बक्से से 13 हजार रुपये गायब थे। वहीं चांदी की तोड़िया, झुमकी, पतीला, परात समेत करीब एक लाख का सामान पार कर दिया। थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि चोरी की घटना कब हुई। इस बात की जानकारी गृहस्वामी को नहीं है। मामले में जांच की जा रही है। वहीं दूसरी घटना में पुखरायां प्रतिनिधि के अनुसार बरौर थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी रामचंद्र ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात उसके घर में चोरों ने कीमती जेवरात व 60 हजार रुपये चोरी कर लिए।

### धोखाधड़ी में वांछित आरोपी हुआ गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौकी इंचार्ज अमरौधा शोभित कटियार ने बताया को वह कांस्टेबल हर्ष चौधरी, गौरव कुमार, अभय कुमार के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में अमरौधा मोड़ के समीप खड़ा है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

राजपुर थाना क्षेत्र के एक कस्बे में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती चार अप्रैल को अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाकर एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शनिवार को राजपुर के एक ढाबे के पास से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि कस्बे में रहने वाली एक महिला के सहयोग से मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के उमरी गांव निवासी सोनू पीड़ित की नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले गया था। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को एक ढाबे के पास से आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाज़िर किया गया। वहीं अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।


आरोपी सोनू।

## झींझक डाकघर में आधार संशोधन के नाम पर वसूली का आरोप

संवाददाता मंगलपुर

● व्यापारी ने शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की

**अमृत विचार।** झींझक कस्बे में संचालित पोस्ट ऑफिस में आधार संशोधन के नाम पर गैंग बनाकर धन उगाही करने के आरोप में व्यापारी नेता ने पोस्टमास्टर से शिकायत कर जांच कराने की मांग की है।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश उद्योग मंडल के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने झींझक डाकघर के पोस्टमास्टर रविंद्र बाबू को लिखित शिकायती पत्र देते हुए आधार कार्ड संशोधन के नाम पर विभिन्न कमियों को बताते हुए धन उगाही कर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया। कहा कि डाक घर में एक गैंग बनाकर आधार कार्ड पर एक से दो हजार रुपये तक वसूली की जा रही है। इसके पूर्व भी उन्होंने मौखिक शिकायत की थी। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे क्षेत्र की जनता परेशान है। इसलिए मामले की जांच कराई जाए। पोस्ट ऑफिस में अनावश्यक बैठने वालों पर लगाम लगाई जाए। इस बावत कानपुर मंडल डाक अधीक्षक सर्वेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है। डाक निरीक्षक को निर्देशित किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


झींझक पोस्टमास्टर को शिकायती पत्र देते व्यापारी श्याममोहन दुबे। अमृत विचार

## ट्रैक्टर व पिकअप की टक्कर में दो लोग घायल

**सूलाबाद।** ट्रैक्टर व पिकअप की टक्कर से दो लोग घायल हो गए।

शनिवार सुबह रसूलाबाद बैरगरा निवासी अशोक कुमार (35) व धीरेंद्र कुमार (24) पिकअप से कानपुर जा रहे थे। तभी कानपुर रोड स्थित अंगदपुर के पास रास्ते में गेहूं की मड़ाई कर गेहूं से लदा ट्रैक्टर मुड़ रहा था। इसी दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में जा टकराई। पिकअप सवार अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं धीरेंद्र के भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर एन चंद्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते अशोक कुमार को कानपुर हैलट रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

शिक्षा-दीक्षा | दीक्षा ऐप एवं पॉकेट बुकलेट के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी

## डिजिटल पढ़ाई से बच्चे और बनेंगे होनहार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में डिजिटल पढ़ाई-लिखाई अब और आसान होगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों के बच्चों को बहुत ही आसानी से समझने लायक स्टूडेंट पाकेट बुकलेट उपलब्ध कराई है। इससे डिजिटल लर्निंग को तेजी से बढ़ावा मिल सकेगा। इसके तहत स्टूडेंट पॉकेट बुकलेट में दिए गए गणित, विज्ञान, हिंदी व अंग्रेजी विषयों से संबंधित क्यूआर कोड को स्कैन कर बच्चे आसानी से पढ़ाई कर सकेंगे। बच्चे पॉकेट बुकलेट से स्मार्ट क्लास या अपने मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन कर वीडियो कंटेंट भी बहुत आसानी से पा सकेंगे।

स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की माने तो इससे बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी समझने-समझाने में आसानी होगी। किसी प्रकार की कोई तकनीकी परेशानी न हो इसके लिए दीक्षा एप के माध्यम से डिजिटल शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसमें खान एकेडमी, एमवाइब संस्था, टीचर्स एप के माध्यम से कंटेंट उपलब्ध कराए गए हैं। विभाग द्वारा लगभग 16748 डिजिटल कंटेंट शिक्षकों एवं बच्चों के उपयोगार्थ उपलब्ध कराए गए हैं। दीक्षा एप पर उपलब्ध डिजिटल कंटेंट का उपयोग न करने वाले शिक्षकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षमित्रों व बच्चों द्वारा दीक्षा एप पर डिजिटल कंटेंट प्ले नहीं किया गया है, जो संतोषजनक नहीं है। जिन विकासखंडों में विद्यालयों की स्थिति रिपोर्ट में प्रदर्शित हो रही है। उन विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा ही दीक्षा एप पर प्रोफाइल में जाकर विद्यालयों की मैपिंग की गई है। अवशेष शिक्षकों द्वारा दीक्षा प्रोफाइल में जाकर विकासखंड एवं विद्यालयों की मैपिंग नहीं की गई है। उनका डाटा रिपोर्ट में अनमैप्ड डाटा के रूप में प्रदर्शित हो रहा है। ऐसे शिक्षक व विद्यालयों का डाटा भी रिपोर्ट में प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिन शिक्षकों द्वारा दीक्षा प्रोफाइल में मैपिंग तो की गई है, लेकिन दीक्षा एप पर कोई कंटेंट प्ले नहीं किया गया है। सभी परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों द्वारा दीक्षा एप पर प्रोफाइल में जाकर विद्यालय व विकासखंड की मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए। इससे उनके द्वारा दीक्षा एप का प्रयोग करने पर डाटा रिपोर्ट प्रदर्शित हो सकें। साथ ही सभी शिक्षकों द्वारा कक्षा-शिक्षण में डिजिटल कंटेंट का प्रयोग किया जाए। शिक्षकों द्वारा बच्चों को पाठ्य पुस्तकों में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके दीक्षा एप पर पाठ की कठिन अवधारणाओं को समझने के लिए प्रेरित किया जाए। ताकि डिजिटली पढ़ाई-लिखाई को गति मिल सके।



## कार से टकराने के बाद डंपर से भिड़ी बस, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** झांसी से सवारियां लेकर प्राइवेट शताब्दी बस कानपुर जा रही थी। बस झांसी-कानपुर हाईवे पर अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर आगे जा रही कार से टकराने के बाद आगे मुड़ रहे डंपर से भिड़ गई। जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवारियों में चीख-पुकार मच गई। बस में करीब बीस यात्री सवार थे। मौके का फायदा उठाकर बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने हादसे में घायल उज्जैन से उन्नाव जा रहे दीपक दीवान, उनकी मां सरोज व पुत्र दक्ष दीवान को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जबकि मामूली रूप से चुटहिल यात्री दूसरे वाहन से आगे की ओर रवाना हो गए। कोतवाल ने बातया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है। बस चालक की तलाश की जा रही है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त प्राइवेट बस।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर व अकबरपुर सीटों का फीड बैक लिया

## फोन पर विधायकों और सांसदों से की लाभार्थी और मुस्लिमों का रुख जानने की चर्चा

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से पहले पीएमओ से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को फोन करके एयरपोर्ट पर बुलाया गया। जब पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी समेत विधायकों को फोन कॉल पहुंची तो उनके चेहरे पर एक सवालिया निशान झलका कि एयरपोर्ट पर ही संसदीय सीटों की समीक्षा हो सकती है और हुआ भी यही। लाभार्थी वोटरों पर मोदी का विशेष फोकस रहा। उन्होंने मुस्लिम, दलित, पिछड़ों की बात भी की।

शनिवार शाम मोदी हवाई जहाज से उतरकर वीआईपी लाउंज की तरफ बढ़ गए। कानपुर संसदीय क्षेत्र से गोविंदनगर विधायक सुरेंद्र मैथानी और महेश त्रिवेदी थे। जबकि अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की पांचों सीटों के विधायक अभिजीत सिंह सांगा, नीलिमा कटियार, प्रतिभा शुक्ला, सतीश महाना और घाटमपुर से एनडीए के घटक दल अपना दल की विधायक सरोज कुरील वहां पर थीं। सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सत्यदेव पचौरी की भी उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे परिचय लिया। पचौरी की तरफ देखकर हौले से मुस्करा दिए। मोदी ने चुनाव में जीजान से जुटकर सीट जिताने को कहा साथ ही यह भी पूछा कि उनके क्षेत्र में लाभार्थी वोट कितना है और उसका रुख क्या है। जनप्रतिनिधियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि कानपुर और अकबपुर दोनों ही लोकसभा सीट पार्टी जीत रही है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अकबरपुर से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और कानपुर के उम्मीदवार रमेश अवस्थी के साथ रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार

- अनुसूचित जाति और पिछड़ा वोट पर भाजपा की पकड़ पूछी
- एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी से एकांत में काफी देर चर्चा की

### यूपी का फीड बैक लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अलग से बातचीत की। चौथे चरण में होने वाले कानपुर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा की सीटों पर भाजपा की स्थिति का फीडबैक लिया। इन सीटों 13 मई को मतदान होना है। मोदी ने यूपी की चुनावी स्थिति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्तालाप करके जायजा लिया।


रोड-शो के दौरान मोदी को देखने के लिए गुमटी में उमड़ पड़े हजारों लोग। अमृत विचार


रोड शो देखने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग भाजपा का झंडा लेकर आए।

# दिन में भटके लोग, शाम को लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो खत्म होते ही फजलगंज, जरीबचौकी, अफीम कोठी, टाटमिल, हरजेंदर नगर व टाटमिल समेत अन्य चौराहों पर जाम लग गया। वाहनों की कतार लग गई। मुख्य मार्गों में जाम में फंसे वाहन सवार गलियों से निकले, जिससे गलियों में भी जाम की स्थितियां हो गई। जाम में हरजेंदर नगर में मरीज को ले जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। वहीं रोड शो के मद्देनजर जगह-जगह लगाई गई बेरीकेडिंग से लोग भटकते नजर आए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो शाम करीब साढ़े सात बजे समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री के शहर से जाते ही पाबंदियां खत्म हुई तो प्रमुख मार्गों में जाम में फंस कर शहरवासी कराह उठे। मोदी के रोड शो में शहर समेत आसपास के जिलों से भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होने आए थे, वापसी के दौरान उनकी बसों के पहिए सड़कों में थम से गए। रोड शो खत्म होते ही जीटी रोड पर लगी बेरीकेडिंग हटा दी गई, जिसके बाद रामादेवी से टाटमिल, अफीमकोठी, जरीब चौकी तक जाम लगा रहा। जाम से बचने के लिए वाहन सवारों ने आचार्य नगर, रायपुरवा की गलियों की ओर रूख किया तो वहां भी जाम की स्थितियां बन गई। साथ ही जरीबचौकी से फजलगंज, विजय नगर तक कई किमी वाहनों की कतारें लगी रहीं।


सवारी नहीं मिली तो तेज धूप में खड़ा रहना पड़ा। अमृत विचार

# सभी अस्पतालों में अधिकारी, स्टाफ रहा सतर्क

**कानपुर।** शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य अधिकारी अलर्ट मोड पर दिखे। चार सेफ अस्पतालों का अधिकारियों ने दिन में तीन से चार बार निरीक्षण किया।

उर्सला, हैलट, डफरिन, केपीएम और कांशीराम अस्पताल में सुबह से ही साफ-सफाई शुरू हो गई थी। इमरजेंसी से लेकर वार्डों तक में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट समेत सभी स्टाफ ड्रेस कोड में नजर आए। कॉर्डियोलॉजी, हैलट, मरियमपुर व कांशीराम अस्पताल को सेफ अस्पताल बनाया गया था। यहां अधिकारियों ने तीन से चार बार निरीक्षण किया। इमरजेंसी में भी व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखी गईं। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि तैयारी पूरी थी।

# महेश त्रिवेदी व अजय कपूर के समर्थक भिड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नारेबाजी और धक्का-मुक्की हुई,वीडियो वायरल
- लोकसभा प्रत्याशी ने मामला कराया शांत

**अमृत विचार।** भाजपा की पदयात्रा के दौरान भाजपा समर्थक आपस में ही भिड़ गए। लोकसभा प्रत्याशी ने बीच-बचाव कर उन्हें शांत कराया। शनिवार को मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय कपूर ने कुछ समय पूर्व ही भाजपा की सदस्यता ली है। शुक्रवार को अजय कपूर की ओर से कानपुर सीट से प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में पदयात्रा का आयोजन कराया गया था।

पदयात्रा गोविंद नगर से शुरु होकर परमपुरवा चौराहे तक जानी थी। पदयात्रा शुरू होने से पहले भाजपा कार्यकर्ता गोविंद नगर स्थित दुर्गा मंदिर के पास एकत्र हुए थे, जहां भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी व अजय कपूर समर्थक मौजूद थे। महेश त्रिवेदी के समर्थक नारेबाजी करने लगे, कुछ ही देर में अजय कपूर समर्थकों ने भी नारेबाजी शुरू कर दी।

देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। माहौल बिगड़ता देख प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने बीच-बचाव किया। उनके समझाने के बाद दोनों पक्ष शांत हुए।

# रोड शो का जवाब रोड शो से देगा गठबंधन

विशेष संवाददाता, कानपुर

- रोड शो या जनसभा, कांग्रेस व सपा में मतभेद
- सपा परेड या जीआईसी पर चाहती है जनसभा
- कांग्रेस राहुल-अखिलेश के रोड शो के पक्ष में

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी के लिए राहुल गांधी और अखिलेश यादव के रोड शो के लिए दस मई का समय मांगा गया है। कांग्रेस और सपा संगठन दोनों दिग्गज नेताओं की जनसभा के पक्ष में हैं पर दोनों दलों के वरिष्ठ नेता चाहते हैं कि रोड शो कराया जाए तो बेहतर लाभ मिल सकता है।

कानपुर संसदीय सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के बाद गठबंधन प्रत्याशी खेमे में भी जोरदार प्रचार की रणनीति बनायी जाने लगी है। सपा शहर अध्यक्ष फजल महमूद ने बताया कि दस मई के लिए पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से समय मांगा गया है। कांग्रेस की ओर से मीडिया देख रहे अतहर नईम ने बताया 8, 9 या फिर 10 मई के लिए समय मांगा गया है। अतहर ने जनसभा आयोजन पर अनभिज्ञता जतायी। उनका कहना है कि प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं कांग्रेस में सूचना देने के नाम पर सामंजस्य का अभाव दिखायी दिया।

### रोड शो सफल रहा है-प्रकाश पाल

**कानपुर।** कानपुर-बुंदेलखंड के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि रोड शो सफल रहा है। करीब दो लाख जनता गुमटी रोड शो मार्ग पर पहुंची। पाबंदियों के कारण काफी संख्या में लोग रोड शो स्थल तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अकबरपुर और कानपुर नगर दोनों सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित कर दी है।



कई चौराहों पर लगी रही भीड़, ई-रिक्शा तक नहीं मिले। अमृत विचार

# धूप में सवारी का इंतजार करते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन और बस अड्डा पर बेहाल रहे यात्री
- सिर पर सामान लादकर पैदल निकले लोग

**अमृत विचार।** झकरकटी चौराहा पर बैरिकेडिंग और ई-रिक्शा व आटो वालों के जीटी रोड पर न जाने से शनिवार दिनभर यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी ट्रेनों से सेंट्रल स्टेशन पहुंचे यात्रियों को हुई। घर जाने के लिए पहले तपती धूप में सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार किए, बाद में सिर पर बोझा लादकर पैदल ही निकल पड़े। छोटे-छोटे बच्चे भी धूप में पैदल चलकर थककर चूर हो गए।

प्रधानमंत्री के रोड शो के कारण शनिवार को दिनभर जीटी रोड पर वाहनों के आवागमन में सख्ती रही। ई-रिक्शा और आटो वाले उधर जाने से इनकार करते रहे। यात्रियों ने पैसा बढ़ाकर देने का लालच दिया तो भी नहीं माने। लंबा सफर करके सेंट्रल पहुंचे यात्रियों ने तपती धूप में सिर पर सामान लादकर पैदल ही चल दिए। छोटे-छोटे बच्चों को भी धूप में पदयात्रा करनी पड़ी। यही हाल झकरकटी बस अड्डे का भी रहा। यात्रियों को घर पहुंचने के लिए माथापच्ची करनी पड़ी। सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हुई जिन्हें जीटी रोड पार करके जाना था। क्योंकि ई-रिक्शा और आटो वाले जीटी रोड की तरफ जाने से मना करते रहे।

# ट्रेनों की घटती-बढ़ती रही रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 110 किमी प्रतिघंटा से शुरू होकर 20 से 30 पर पहुंचीं

**अमृत विचार।** पीएम के रोड शो को लेकर शनिवार दिनभर फर्रुखाबाद रूट पर ट्रेनों की रफ्तार दिनभर घटती-बढ़ती रही। शाम को रोड शो शुरू होने से दो घंटा पहले और खत्म होने से दो घंटे बाद ट्रेनों का संचालन सेंट्रल व अनवरगंज से बंद रहा। बाकी दिनभर ट्रेनें का संचालन शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन के तहत हुआ।

सेंट्रल स्टेशन और अनवरगंज से फर्रुखाबाद रूट पर चलने वाली ट्रेनों की रफ्तार अमूमन 120 से 130 होती है। लेकिन शनिवार को रोड शो के कारण चालकों को निर्देश दिए गए थे, कि रफ्तार 110 से ऊपर नहीं होनी चाहिए।

जब ट्रेन अनवरगंज से आगे बढ़ें तो कल्याणपुर पार करने तक गति 20-30 ही हो। शाम को पांच घंटे के लिए ट्रेनों का संचालन सेंट्रल से मंधना तक बंद रहा। फर्रुखाबाद से आने वाली ट्रेनें मंधना तक ही आईं। फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस चार घंटा 30 मिनट रि-शिड्यूलिंग कर चलाई गई।

कासगंज से अनवरगंज एक्सप्रेस को मंधना स्टेशन पर रोका गया। अनवरगंज से फर्रुखाबाद अनारक्षित विशेष ट्रेन को मंधना से चलाया गया। प्रयागराज से भिवानी एक्सप्रेस व गोमती नगर से जयपुर एक्सप्रेस को नियंत्रित करके चलाया गया।

### पीएम ने कहा, कानपुर विकास की धुरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चकेरी एयरपोर्ट पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से कहा कि कानपुर विकास की धुरी है। यह प्रदेश ही नहीं, पूरे देश का गौरव है। हमें कानपुर को और बढ़ाना है। यह ध्यान रखा जाए कि इसकी विकास की डोर टूटनी नहीं चाहिये। एयरपोर्ट से बाहर निकलते वक्त सड़क किनारे उत्साहित भीड़ को देखकर पीएम मोदी खुद को रोक नहीं पाये और कार को धीमी कराकर दरवाजे के गेट से बाहर निकल आए।



लालबंगला में समर्थकों के साथ जयघोष करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

# निर्वाचन आयोग ने जारी किए एप

कार्यालय संवाददाता,बांदा



**अमृत विचारः** लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है। निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। मतदाता बनने के लिए हेल्पलाइन एप काफी कारगर है। इसके जरिये 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लांच की गई है। निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजल एप भी महत्वपूर्ण है। सी-विजिल एप की मदद से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतें घर बैठे दर्ज कराई जा सकती हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य प्रकार की शिकायत करने तथा उनके निस्तारण के लिए आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया है। मतदाता ऐसी कोई भी शिकायत इस एप पर दर्ज करा सकते हैं। सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल सिटीजन एप डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लॉग इन कर शिकायत दर्ज करने के साथ फोटो वीडियो अपलोड किए जा सकते हैं। सी-विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है, जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है। जिला प्रशासन की टीमें सी-विजिल एप व डिस्ट्रिक कॉल सेंटर (डीसीसी) 1950 में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करेंगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रलोभन दिये जाने व अन्य आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों की शिकायत सी-विजिल ऐप पर की जा सकती है। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायत का संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द निस्तारित करेंगे। इसके बाद विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतरू उपलब्ध हो जाएगा। नियंत्रण कक्ष एवं डीसीसी के 1950 टोल फ्री नंबर के साथ दूरभाष 05192-297257, 297258, 297259 और 297260 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# एलटी लाइन टूटने से दुकानों में लगी आग

**बदौसाः** जर्जर एलटी लाइन टूटकर गिरने से सब्जी मंडी में आधा दर्जन दुकानों के छप्पर में आग लग गई। बिजली आपूर्ति बंद कर कर व्यापारियों ने आग बुझाई। तार टूटकर गिरने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने भग कर अपनी जान बचाई।

शनिवार की सुबह सब्जी मंडी में 440 वोल्ट का बिजली की जर्जर तारें शार्ट सर्किट की वजह से टूटकर आ गिरी। कुछ ही देर में दुकानों में धमाके के साथ आग लग गई। व्यापारी नर्बदा गुप्ता, नीरज गुप्ता, लवलेश गुप्ता, उमेश गुप्ता की दुकानों के सामने लगी छानी और छप्पर धू-धू कर जलने लगे। डरे सहमें व्यापारी दुकानें छोड़ कर बाहर भगे। कोई अनहोनी होती बिजली विभग को फोन कर विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। दुकानदारों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाया।

**निरीक्षण** पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का जायजा लिया

# सुरक्षा में चूक न होने देने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** पुलिस प्रेक्षक ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में बनने वाले स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल के साथ सुरक्षाबलों के मंडी में ठहरने की साथ सुरक्षा के सभी प्वाइंटों का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव को मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने जॉय विश्वास को लोकसभा चुनाव का पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। शनिवार को उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी समिति न् में बनने वाले ईवीएम के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल व अर्धसैनिक बलों के ठहरने के साथ-साथ सुरक्षा के लिए बनाए गए प्वाइंटों का बिदुवार निरीक्षण किया। और साथ में आए पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों अर्धसैनिक बलों के स्थान में सफाई, पेयजल, विद्युत के पुख्ता इंतजाम कराए जाने के निर्देश दिए। मंडी समिति में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए समुचित व्यवस्था रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार मौजूद रहे।


मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक जॉय विश्वास व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

# निरोधात्मक कार्रवाई के तहत आठ गिरफ्तार

**बांदाः** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

जनपद के कालिंजर थाना पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए पप्पू पुत्र रामकुमार रैकवार निवासी तरहटी, सुरेश पुत्र पप्पू रैकवार निवासी तरहटी, लाल बाबू पुत्र श्यामलाल निवासी जमवारा, छोटू भइया पुत्र रामप्रताप यादव निवासी परसहार, बाबू पूत्र भुरिया कुशवाहा निवासी कटरा कालिंजर शामिल हैं। जबकि चिल्ला थाना पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों में सलमान पुत्र समसुद्दीन खान निवासी ग्राम लोमर, नईम खान पुत्र हबीब खान निवासी ग्राम लौमर, वहीं मरका पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त निर्मल सिंह निवासी ग्राम काजीटोला शामिल हैं।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर 2.85 लाख ठगे

## जीजा और साले को दुबई में नौकरी लगवाने का दिया था झांसा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** विदेश में नौकरी का झांसा देकर महाराजगंज जनपद के दो लोगों ने लाखों की ठगी कर ली। साले और बहनोई को झांसे में लेकर ठगों ने 2.85 लाख रुपये की ठगी की है। जानकारी मिली है कि आरोपी ने इनके अलावा भी छह लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

हथगाम थाने के वार्ड नंबर दो निवासी दिलशाद ने फर्जी वीजा देकर विदेश भेजने वाले एजेंट महाराजगंज जिला छिंदुरिया थाने के अमतहा खास निवासी अरविंद चौरसिया और उसके सहयोगी बलराम सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि भाई शाहबाज व बहनोई नौशाद को नौकरी वीजा पर विदेश भेजने का झांसा दिया था। दोनों ने एक लाख 85 हजार और एक लाख रुपये हथगाम स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से निकालकर दिए थे। शहबाज और नौशाद को दिल्ली एयरपोर्ट से सात मार्च 2024 को दुबई भेजा गया था वहां पर पहुंचने पर जनाकरी हुई कि उनका वीजा नौकरी का नहीं बल्कि टूरिस्ट का है। वहां से उन्होंने अरविंद व बलराम सिंह को फोन मिलाया तो उन लोगों ने फोन बंद कर लिया। दोनों से संपर्क न होने पर 22 मार्च को भाई और बहनोई वापस लौट आए। खोजबीन में पता लगा कि ठगों ने छह और लोगों से भी विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी की है। मामले में एसपी के आदेश पर हथगाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### साइबर अपराधियों ने डराकर 20 हजार रुपये ऐंठे

**फतेहपुर।** बेटे को मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने परिजनों से 20 हजार रुपयों की ठगी कर ली। जाफरगंज थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव निवासी प्रेम देवी कोतवाली बिंदकी पहुंची और बताया कि मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया था। उनका बेटा सुशील सूरत में प्राइवेट नौकरी करता है। उसे एक मामले में पुलिस हिरासत में होने का झांसा दिया। उसे छुड़वाने के लिए 20 हजार रुपये की मांग रखी। दंपती ने झांसे में आकर खजुहा कस्बा स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से एक मोबाइल नंबर पर 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने कुछ देर बाद अपने पुत्र सुशील से बात की तब जाकर धोखाधड़ी होने का पता लगा। एसएसआई सत्यदेव गौतम ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# पांच वर्षीय बच्ची की कुएं में गिरकर हुई मौत

संवाददाता खागा फतेहपुर

- परिजनों में मचा कोहराम, नहीं कराया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात पांच वर्षीय एक बच्ची की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बच्ची का कुएं में शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। वहीं परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मना करने पर पुलिस ने शव उनके सुपुर्द कर दिया।

खखरेरू थाना क्षेत्र के बरैचा गांव निवासी अनिल कुमार विश्वकर्मा की पांच वर्षीय पुत्री गुनगुन की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बताया कि घटना के समय माता पिता घर पर नहीं थे, कही रिश्तेदारी में गए हुए थे। शुक्रवार रात पुत्री गुनगुन खाना खाकर बाबा अमरनाथ व बड़ी बहन राधिका के साथ घर के बाहर सो रही थी। देर रात को लघुशंका करने के लिए उठी थी तभी बगल में ही स्थित कुएं में गुनगुन जा गिरी। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुल गई और देखा तो गुनगुन अपनी चारपाई पर नहीं थी। इस दौरान बहन राधिका व बाबा अमरनाथ की चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों की नींद खुल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने टार्च लगा कर देखा तो गुनगुन कुएं में पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना को लेकर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की पीड़ित परिवार की तरफ से पोस्टमार्टम के लिए मना किया गया है। शव को उनके सुपुर्द कर दिया गया है।



गुनगुन। अमृत विचार

# अपनों से जूझ रही भाजपा का मामला राजधानी तक पहुंचा

सियासत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पार्टी के कद्दावर नेता अपना रहे हैं एकला राह
- पार्टी के तीन विधायक वर्तमान में चल रहे हैं नाराज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सभी मुख्य पार्टियां जहां अपने अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं तो वहीं भाजपा पार्टी की अंतर्कलह से जूझ रही है। इसकी झलक भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के नामांकन के दिन डिप्टी सीएम की सभा के दौरान स्पष्ट नजर आई। मंच पर पार्टी के कद्दावर नेताओं को उपेक्षित होने पर इन लोगों ने या तो चुनाव प्रचार से किनारा कर रहे हैं या फिर प्रचार की मात्र खानापूर्ति कर रहे हैं। पार्टी का अंतर्कलह का मामला राजधानी लखनऊ तक पहुंच गया है।

बीते दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की सभा में जिले के तीन पूर्व विधायकों को मंच पर उपेक्षा का शिकार होना पड़ा था। पार्टी सूत्रों की मानें तो नए-नवेले पार्टी में शामिल हुए लोगों को उचित स्थान दिया गया लेकिन जो वर्षो से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें उपेक्षित किया गया। जिससे उनमें घोर नाराजगी है।

सूत्र बताते हैं कि पार्टी में अंर्तकलह भारी नुकसान पहुंचा सकती है। पार्टी के अन्य नेता रूठों को मनाने में जुटे हैं लेकिन मामला संभल नहीं रहा है। तीनों पूर्व विधायक एकला राह अपना रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी हैट्रिक लगाने में कितना सफल होंगी, यह तो समय ही बताएगा। फिलहाल यह मामला सीएम आदित्यनाथ योगी तक पहुंचा है। पार्टी सूत्रों की मानें तो नाराज नेताओं को शनिवार को लखनऊ तलब किया गया है।

- सूत्रों के अनुसार नाराज नेताओं को शनिवार को लखनऊ तलब किया गया है

### वर्तमान विधायकों से नाराज जनता चुनाव में बदला लेने को आतुर

- यही नहीं भाजपा के वर्तमान विधायकों से जनता की नाराजगी भी भारी पड़ेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो इनके क्षेत्रों में विधायकों द्वारा मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे वहां की जनता खासी नाराज है। यह भी भाजपा प्रत्याशी के लिए मुफीद नहीं है।

### किसी भी प्रत्याशी की नहीं लगी हैट्रिक

- बीते चुनावों में यदि नजर डाले तो आज तक दोआबा की संसदीय सीट में किसी भी प्रत्याशी ने जीत की हैट्रिक नहीं मारी है। सूत्र बताते हैं कि इस बार भी हैट्रिक लग पाना सम्भव नहीं दिख रहा है। जिस तरह से पार्टी में अंर्तकलह चल रही है, उससे नैया पार होने में समस्या दिख रही है।

# हिन्दू देवता के चित्र से छेड़छाड़ कर किया वायरल

संवाददाता असोथर फतेहपुर

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- पुलिस ने कहा, जांच पड़ताल जारी रहेगी

**अमृत विचार।** हनुमान जी के सीना चीरते हुए फोटो के साथ छेड़छाड़ और अभद्र भाषा लिखकर इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट कर दिया गया। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। हालांकि कि अमृत विचार वायरल पोस्ट की पुष्टि नहीं करता है।

असोथर थाना एसएसआई देवी दयाल वर्मा ने थाना प्रभारी को तहरीर दी कि वह शनिवार को गश्त पर थे। मुखबिर ने सूचना दी कि सातोंपीत गांव के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल्ला पुत्र रईस अहमद ने अपने मोबाइल फोन के नम्बर इंस्ट्राग्राम के आईडी से हिन्दू देवता के फोटो में सीना चीरते हुए में उर्दू से अल्लाह और हनुमान जी के फ़ोटो के ऊपर अल्लाह हू अकबर का चित्र प्रदर्शित किया था और इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस पोस्ट के कारण हिन्दू समाज के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया ने बताया की सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर युवक मोहम्मद अब्दुल्ला पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि धार्मिक भावनाओं और गलत पोस्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नही जाएगा, चाहे वह कोई भी हो।

# बेकाबू कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चार घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर चौराहे से नहर कालोनी गेट पर तेज रफ्तार कार क्रेन से टकराने के बाद ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत चार महिलाएं घायल हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने चालक के नशे में होने की बात बताई है। भीड़ जुटती देखकर चालक कार छोड़कर भाग निकला। बताया जा रहा है कि कार लहराती देखकर उन लोगों ने भाग कर जान बचाई। नहर कालोनी गेट के फुटपाथ पर तरबूज की दुकान के पास ई-रिक्शा खड़ा था। कार की टक्कर से रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा चालक दबने से घायल हो गया। तरबूज दुकानदार मोइन ने बताया कि बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची है। कार एक विधायक के करीबी की बताई जा रही है।

# साथी के साथ मिलकर की थी हत्या

खुलासा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- प्रेमिका पर बुरी नजर रखने के चलते घटना को दिया था अंजाम
- पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार, आलाकत्ल, बाइक और मोबाइल बरामद

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में मिले हत्यायुक्त युवक के शव की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से आलाक़त्ल, घटना मे प्रयुक्त बाइक और मृतक का मोबाइल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी केशन चंद्र की प्रेमिका पर मृतक कृपाशु शुक्ला उर्फ सत्यम बुरी नजर रखता था। जिसके कारण केशन चंद्र ने अपने साथी आशीष के साथ मिलकर 29 अप्रैल की रात ललौली थाना क्षेत्र के सिधाव नहर कोठी के खंडहर मे कृपाशु शुक्ला को शराब पिलाने के बाद उसके गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के उद्देश्य से मृतक के चेहरे पर ईंट से प्रहार कर चेहरा कूंच दिया था। इसके बाद आरोपी बाइक में लादकर मृतक के शव को गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर के पास सूखी नहर मे फेंक दिया था।

थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा और उनकी टीम ने आरोपी केशन चंद्र और उसके साथी आशीष निवासी सिधाव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा है कि आगे भी जांच पड़ताल जारी रहेगी।



पुलिस की गिरफ्त में दोनों हत्यारोपी। अमृत विचार

# 2150 लीटर डीजल और 235 लीटर पेट्रोल बरामद

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पेट्रोल-डीजल के अवैध भंडारण पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाई

**अमृत विचार।** खागा के अमांव हाईवे पर रेस्टोरेंट के अंदर 2150 लीटर डीजल और 235 लीटर पेट्रोल का अवैध तरीके से भंडारण के मामले में पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मई को कोतवाली क्षेत्र के अमांव हाईवे किनारे स्थित खाटू श्याम ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट में छापामारी की थी। जांच के दौरान ढाबा के अंदर एक कमरे से 2150 लीटर डीजल और 235 लीटर पेट्रोल मिला था। बरामदगी स्थल से तीन लोगों को पकड़ा गया था।

जिलाधिकारी से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार की रात को पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक भाष्कर मिश्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट कौशांबी जिला के अझुवानगर पंचायत के वार्ड नंबर दो निवासी आशीष कुमार, वार्ड नंबर 12 निवासी संदीप कुमार उर्फ आकाश व वार्ड नंबर दो के निवासी अग्निवेश पांडेय के खिलाफ दर्ज की गई है।

कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ढाबा संचालक के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा

# दिन में गर्मी से आफत तो रात मिलती राहत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी के मौसम ने लोगों को पहले से ज्यादा अपने शरीर पर ध्यान देने वाला बना दिया है। मजबूरी में ही सही लोग पहले से ज्यादा पानी पीने के साथ अपने खानपान पर नियंत्रण कर रहे हैं। जिससे चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं उनको बीमारियों की जद में न ले जा सकें।

शुक्रवार को आसमान में बदलों की आमद से पारा तो लुढ़का लेकिन गर्मी में कोई खास अंतर नहीं आया। हर दिन मौसम के उलटफेर से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लोग तेज धूप और धूल भरी आंधी के बीच सफर करने को मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप में लोग पानी पीने के साथ अपने शरीर को पूरी तरह से ढक रहे हैं। जिससे धूप की तेजी उनको परेशान न कर सके। गर्मी के मौसम ने पूरे अप्रैल माह के साथ मई के पहले हफ्ते में भी लोगों को आजिज किया है। शनिवार को सारा दिन खुले आसमान से धूप और लू के थपेड़े लोगों का सफर मुश्किल करते रहे। सड़कों पर जरुरी काम निपटाने वाले ही दिखे। ऐसे लोग गमछा और कैप लगाए रहे। महिलाएं स्टॉल और अपने दुपट्टे से अपने चेहरों को ढके दिखीं। लोग मौसम में नरमी आने की प्रार्थनाएं कर रहे हैं पर आने वाले दिनों में मौसम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद कम है।

**मैंगो शेक और गन्ने का जूस लोगों को दे रहा राहत:** शहर के करीब-करीब सभी मुख्य चौराहों पर स्थित मैंगो शेक, गन्ने का जूस, बेल का जूस, मौसमी व संतरे के जूस कार्नर पर लोग खूब जूस पी रहे हैं।



गर्मी की तपिस को कम करने के लिए तरबूज की खरीदारी करते लोग।

### 12 किमी की रफ्तार से चलीं गर्म हवाएं

शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 12 किमी की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। जिससे लोगों को घरों में ही कैद रहे।

### हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की सम्भावना

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 5 दिनों में जिले में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। दोपहर के समय तेज़ हवा या धूल भरी आंधी चलने की संभावना रहेगी। अधिकतम तापमान 40.0 से 43.0 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहेगा जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 से 26.0 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रह सकता है। हवा की दिशा अधिकतर उत्तर-पश्चिमी होगी और हवा की गति सामान्य से तेज बने रहने की संभावना हैं।

# सर्राफ के पास फर्जी क्राइम ब्रांच से आया फोन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- बेटे द्वारा कोई बड़ा कांड करने का दिया झांसा

**अमृत विचार।** चौक बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी के पास शुक्रवार शाम एक फोन आया। बताया जा रहा है कि कॉल करने वाले शख्स ने अपने आप को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहने लगा कि आपका बेटा शिखर है उसने दो लड़के के साथ मिलकर एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और ज्वैलर्स पप्पन रस्तोगी सदर कोतवाली के मसवानी में रहते हैं। चौक बाजार में उनकी ज्वैलर्स की दुकान है। उन्होंने बताया शुक्रवार शाम उनके फोन पर किसी शख्स ने व्हाट्सएप कॉल किया और अपने आप को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहने लगा की आपके बेटे का नाम शिखर रस्तोगी है उसने दो लड़कों के साथ मिलकर एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पहले तो उन्हें कुछ घबराहट हुई लेकिन फिर उनके मन में फ्रॉड कॉल की बात ध्यान में आई तो उन्होंने उस व्यक्ति को खूब खरीखोटी सुनाई वैसे ही उसने फोन काट दिया। बताया कि उनका बेटा शिखर रस्तोगी नोएडा से कंप्यूटर साइंस से बीटेक कर रहा है और उसका दूसरा सेमेस्टर है साथ ही इसके एक्जाम होने वाले हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर कर दी जान

**फतेहपुर।** शराब पीने को लेकर हो रही घरेलू कलह के चलते एक युवक ने पत्नी को पीट दिया। नाराज होकर पत्नी मायके चली गई तो युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर दी। मामले की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी रमेश पुत्र स्व. रामदीन ने संदिग्ध अवस्था में घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के साले रामसजीवन ने बताया कि उसके बहनोई नशे के आदी थे और तीन दिन पूर्व ही उसकी बहन सुमन को मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया था। जिस पर वह घर से चली गई थी और उसी दिन बहनोई ने घर के अंदर फांसी लगा ली। आस-पास के लोगों को जब घर के पास से दुर्गन्ध आई तो इसकी जानकारी परिजनों को दी और घर वाले घर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया।

मनमानी | नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही खुल गए गली-गली स्कूल, स्कूल संचालक अभिभावकों से कर रहे लूट खसोट

# अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे अमान्य विद्यालय

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नया शिक्षासत्र शुरू होते ही जिले की गली-गली बिना मान्यता के स्कूल खुलने लगे हैं। चौराहों पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग टांग दी गई हैं, तो कई स्कूल ई-रिक्शा से प्रचार कर दाखिले के लिए ऑफर दे रहे हैं। खासकर ग्रामीणांचलों में स्कूल संचालकों में प्रचार-प्रसार की होड़ लगी हुई है और इसके साथ-साथ अभिभावकों से जमकर लूट खसोट कर रहे हैं। स्कूल संचालक नये नये नियम कानून बनाकर लोगों से रुपये ऐंठ रहे हैं।

अप्रैल से नए शिक्षासत्र की शुरुआत होते ही अवैध स्कूलों की बाढ़ सी आ गई है। कस्बा हो या गांव हर जगह चौराहों पर अवैध स्कूलों के बड़े-बड़े होर्डिंग नजर आ रहे हैं। इन अवैध स्कूलों में धड़ल्ले से अभिभावकों को गुमराह करके फर्जी पंजीकरण नंबर भी दिखा रहे हैं। स्कूल संचालकों ने इस प्रकार जाल फैला रखा है कि अधिकारी और अभिभावक कोई भी उनके खिलाफ बोलने को तैयार नहीं हैं और सब कुछ सह रहे हैं।

### शिक्षा का कर दिया व्यवसायीकरण





अधिकांश स्कूलों में बच्चों की ड्रेस और कापी-किताब का भी ठेका ले लिया है, जबकि कुछ स्कूल कमीशन सेट होने वाली दुकानों पर भेजने का काम करते हैं और अभिभावक उसी दुकान से किताब और कॉपी लेने को मजबूर हो जाते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि अब ग्रामीण इलाकों में हिंदी मीडियम स्कूल नहीं खुल रहे हैं, बल्कि गांव से शहर तक खुलने वाले सभी स्कूल इंग्लिश मीडियम ही होते हैं। बीते शिक्षासत्र में बेसिक शिक्षा विभाग ने टीम बनाकर कई अवैध स्कूलों में छापेमारी कर नोटिस दी थी। अब नए शिक्षासत्र के लिए फिर शिक्षा की मंडी सजने लगी हैं, लेकिन जवाबदेहों की गम्भीरता नहीं दिख रही है।

### बड़े-बड़े नाम और पढ़ाने वाले इंटर पास

शिक्षा के नाम पर संचालित स्कूलों में टीचर के नाम पर बड़े-बड़े नाम होर्डिंग और पंपलेट पर लिखाए जाते हैं, लेकिन पढ़ाने वाले टीचर इंटर पास ही होते हैं। स्कूल संचालक अप्रशिक्षित टीचरों से बच्चों को पढ़वाते हैं। प्ले वर्ग के संचालित विद्यालयों में मानक और नियम को ताक पर रख कर संचालित रखते हैं।

### प्ले स्कूल के लिए यह हैं नियम

- स्कूल पूरी तरह से स्वच्छ होने चाहिए।
- स्कूलों में बच्चों के खेलने के लिए प्ले ग्राउंड होना चाहिए।
- स्कूल में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगे होने चाहिए।
- छात्र और छात्राओं के लिए अलग से शौचालयों की व्यवस्था होनी चाहिए।
- 20 बच्चों पर एक अध्यापक व एक केयर टेकर की व्यवस्था होनी चाहिए।

### सेफ्टी के लिए भी गाइड लाइन

- फायर सेफ्टी की व्यवस्था होनी चाहिए।
- प्राथमिक उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए।
- स्कूलों में बच्चों को छोड़ने व ले जाने का पूरा रिकॉर्ड व बच्चों का पूरा रिकॉर्ड दुरुस्त होना चाहिए।

> किसी भी हालत में आमान्य विद्यालय संचालित नहीं हो सकते हैं। सभी को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। सभी खंड शिक्षाधिकारियों से जांच कराई जाएगी। पकड़ में आने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय है।
>
> -पंकज यादव, बीएसए

# आग की चपेट में आकर 20 बीघा फसल राख

**फतेहपुर।** थाना चांदपुर के दपसौरा में आग लगने से 20 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर में कल्लू अपने खेत की मेड़ में घास-फूस हटाने के लिए आग लगाकर घर आ गया था।

इस दौरान कल्लू के बगल में शीलू सिंह की पांच बीघा गेहूं की फसल में आग लग गई। पास ही जननायक सिंह के खेत में अरहर की आठ बीघा, चक्रधर सिंह की तीन बीघा गेहूं और तीन बीघा अरहर की फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने निजी नलकूप के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सारी फसल जल कर राख हो चुकी थी। सूचना देने के बावजूद दमकल कर्मी चार घंटे बाद मौके पर पहुंचे। लेखपाल अभिषेक ने बताया कि नुकसान का सर्वे कर लिया गया है। आपदा राहत राशि दिलाने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 24 में से नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज

## फतेहपुर संसदीय सीट में पर्चों की जांच के बाद 15 प्रत्याशी बचे





कलेक्ट्रेट में मौजूद भारी पुलिस बल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे थे। 03 मई को नामांकन पत्र भरे जाने के अंतिम दिन तक कुल 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों के अलग अलग सेट दाखिल किए थे। शनिवार को जिलाधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में इन नामांकन पत्रों की जांच की गई तो इनमें से 09 निर्वाचन नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया। 09 नामांकन पत्र खारिज हो जाने के बाद अब चुनाव मैदान में 15 प्रत्याशी बचे हैं। अभी नामांकन वापस लेने का समय समय शेष है। उसके बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी। अभी मैदान में भारतीय जनता पार्टी की साध्वी निरंजन ज्योति, समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल तथा बहुजन समाज पार्टी के डॉ. मनीष सचान समेत अन्य छोटे दल एवं निर्दल शामिल हैं। **छह मई से नामांकन वापसी:**जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब नामांकन पत्र वापस लेने के लिए छह मई को शाम तीन बजे तक समय निर्धारित किया गया है। नामांकन वापस लेने वाले प्रत्याशियों को नियमानुसार जमानत धनराशि वापस की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- आयोग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई और किसी भी गैर जरूरी व्यक्ति को उधर जाने नहीं दिया गया। बैरिकेडिंग करके जांच की गई बिना जांच की किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। मुख्य गेट से लेकर परिसर के अंदर तक बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

### सुबह से ही प्रत्याशियों में रही गहमा-गहमी

- नामांकन पत्र की जांच को लेकर सुबह से ही काफी गहमा गहमी रही। सुरक्षा व्यवस्था भी काफी कड़ी थी। बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। 24 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्रों के विभिन्न सेट दाखिल किए गए थे। जब जांच की गई तो अलग अलग कमियों के कारण कुल 09 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। अब 15 प्रत्याशी ही रह गए हैं। नामांकन वापसी के बाद स्पष्ट स्थित सामने आ सकेगी। फिलहाल चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई हैं।

## दीवार के नीचे दबकर बच्ची की मौत

**फतेहपुर।** घर के बाहर खेल रही दो बच्चियों के ऊपर घर की दीवार गिरने से दबकर एक बच्ची की मौत हो गई और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घर वालों ने बताया कि घर के बाहर लगा नीम का पेड़ मकान पर गिरने से दीवार बच्चों के ऊपर गिर गई। हादसे में एक बच्ची की जान चली गई है।

राधा नगर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के रहने वाले संदीप कुमार की दो बच्चियों आदिका (6) और देविका (4) घर के बाहर खेल रही थीं। शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे के घर के बाहर लगा नीम का पेड़ उखड़कर मकान पर गिर गया। पेड़ मकान पर गिरने से घर की दीवार टूटकर खेल रही दोनों बहनों के ऊपर गिर गई। इसमें आदिका की मौके पर मौत हो गई। वहीं, देविका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद लोगों ने घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया।

# सहालग खत्म होने पर हरी सब्जियों ने दी राहत

- गर्मी में हरी सब्जियों के दाम में आई गिरावट
- सहालग में सब्जियों की महंगाई से परेशान थे लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल में सहालग खत्म होने के बाद हरी सब्जियों ने बड़ी राहत दी है। सब्जियों के दाम पहले से लगभग आधे हो गए हैं। वहीं, भिंडी, लौकी, तरोई समेत अन्य हरी सब्जियों की कीमतों में भी कमी आई है। हालांकि आलू, प्याज और लहसुन के दाम अभी भी आसमान पर हैं।

करीब पखवारे भर पहले तक परवल की कीमतें 120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई थीं। टमाटर भी 60 से 80 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा था। लहसुन दो सौ रुपये किलो तो प्याज की कीमतें 35 से 40 रुपये किलो तक पहुंच गई थीं। शादी-ब्याह का सीजन शुरू होने के बाद सब्जियों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ था। स्थानीय स्तर पर हरी सब्जियां अभी तैयार नहीं हुई थीं। बाहर से आने के कारण दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई थी। 29 अप्रैल को शादी-ब्याह का सीजन खत्म होने के बाद सब्जियों की कीमतों में तेजी से गिरावट आई है। लोधीगंज स्थित मंडी के आढ़तियों का कहना है कि सहालग बीतने के बाद सब्जियों की मांग अचानक से कम हो गई है। जिसके चलते कीमतों पर असर पड़ा है। इसके साथ ही स्थानीय किसानों और आसपास के जिलों से भी हरी सब्जियां मंडी में आने लगी हैं। इससे भाव गिरे हैं।



सब्जी की दुकान। अमृत विचार

### अभी और गिरेंगे हरी सब्जियों के दाम

- हरी सब्जियों की कीमतों में अभी और गिरावट आएगी। दरअसल, शादी का सीजन खत्म होने के बाद अचानक से सब्जियों की मांग घट गई है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाली हरी सब्जियां भी आ गई हैं। आसपास के जिलों से भी हरी सब्जियां मंडी में आ रही हैं। इससे कीमतें तेजी से कम होंगी। थोक विक्रेताओं के मुताबिक एक सप्ताह बाद इनकी कीमतों में और कमी आने की संभावना है।

### सब्जियों की कीमतों पर एक नजर

| सब्जी का पखवारे भर पहले भाव | अभी की कीमत |
|---|---|
| आलू-25 | 25 |
| प्याज- 40-45 | 30-35 |
| लहसुन- 200-210 | 180-190 |
| नेनुआ- 60-70 | 35-40 |
| परवल- 110-120 | 60-70 |
| मूली- 60-70 | 40-50 |
| करैला- 60-70 | 35-40 |
| भिंडी- 60-70 | 5-40 |
| अदरक- 210-220 | 190-200 |

(नोट सब्जियों की कीमतें रुपये प्रति किलोग्राम हैं)

### टमाटर हुआ सस्ता, मिर्च के दाम यथावत

- सहालग खत्म होने के बाद टमाटर की कीमतों में भी कमी आई है। जो टमाटर पखवारे भर पहले तक 60 से 80 रुपये किलो बिक रहा था, अब उसकी कीमत घटकर 30 से 40 रुपये किलो पहुंच गई है। हालांकि मिर्च की कीमतें जस की तस हैं। अभी भी फुटकर में मिर्च 60 रुपये किलो बिक रहा है। आने वाले दिनों में कीमत और कम होगी।

# कहीं भी बाल विवाह हो तो तुरंत मिलायें फोन

- अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने की अपील

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी व बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ऋशान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिलेवासियों से अपील की गई है कि आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों को रोके जाने में सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कहीं भी बाल विवाह हो रहा है तो उसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी के दूरभाष नम्बर 7518024052, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के दूरभाष नम्बर 9415481730, बाल संरक्षण अधिकारी के दूरभाष नम्बर 8896763442, 181 महिला हेल्पलाइन एवं 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर एवं सम्बधित थाने पर दे सकते हैं। इस तरह की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाता है। बाल विवाह कराने वाले माता-पिता या अन्य कोई भी, के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। जिसमें दोषियों को 02 वर्ष का कारावास या 01 लाख रुपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह समाज पर कोढ़ के समान है।

# भाजपा प्रत्याशी का विरोध, रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा

- प्रचार करने को पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक गांव पहुंची थीं साध्वी निरंजन ज्योति
- ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं, स्लोगन लिखी पट्टियां लहराकर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदाता भी मुखर होने लगे हैं। मतदाता विकास का हिसाब जनप्रतिनिधियों से मांग रहे हैं। शनिवार को हसवां ब्लाक के एक गांव में भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीण रोड नहीं तो वोट नहीं, लिखीं पटिटयां हाथों में लेकर जमकर नारेबाजी की।

जनसंपर्क के तहत शनिवार को हसवां विकास खंड की ग्राम पंचायत सराय मोहन सलेमपुर (नौबस्ता) में भाजपा का कार्यक्रम होना था, लेकिन एक दशक से जर्जर अम्बापुर-हथगाम को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। साध्वी के समर्थकों सहित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही रोड नहीं तो वोट नहीं, साध्वी जी वापस जाओ-वापस जाओ, के शोर से ग्रामीण नारेबाजी करने लगे। मौके की नजाकत को भांपते हुए भाजपा प्रत्याशी समर्थकों सहित बिना जन संवाद किए ही उल्टे पांव वापस चली गईं।

दरअसल इस जिले के संपर्क मार्गो की हालत बद से बद्तर है। टूटी-फूटी सड़कों के चलते आम आदमी के अंदर आक्रोश है। विकास के नाम पर सड़कों की दुर्दशा का खामियाजा बीजेपी प्रत्याशी को भारी पड़ सकता है।




भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति का विरोध करते ग्रामीण। अमृत विचार

### भाजपा विधायक व उनके बेटे पर जमीन हड़पने का आरोप

**फतेहपुर।** शहर के नई कालोनी कृष्ण बिहारी नगर निवासी सीमा शिवहरे पत्नी गिरजा शंकर ने बताया कि उसका प्लाट फतेहपुर दक्षिणी में स्थित है। प्लाट में निर्माण के लिए नियमानुसार नक्सा पास करवाकर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। लेकिन प्लाट के पश्चिम दिशा में रह रहे एक विधायक और उनके बेटे द्वारा लगातार अवरोध किया जा रहा है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसे धमकी दी जा रही है कि वह इस प्लाट को छोड़कर भाग जाएं। यह भी कहा कि यह प्लाट उनके घर के बगल में है और उसकी उन्हें जरूरत है। इसका कब्जा व इस्तेमाल वही करेंगे। धमकी दी कि ऐसा न करने पर झूठे मुकदमों में फंसाकर पूरे परिवार को जेल भिजवा देंगे। पीड़िता ने बताया कि जब उसने ऐसा करने से मना कर दिया तो उसके प्लाट की तीन फुट जमीन पर जबरन बाउन्ड्री कराकर अपने हाते के अन्दर करवा लिया। बताया कि शुक्रवार को मजदूरों को लगाकर काम शुरू कराया तो शाम को विधायक का बेटा पहुंचा और मजदूरों के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर फावड़ा लकर मारने के लिए दौड़ा और धमकी देकर चला गया। पीड़िता ने अपने परिवार के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कैबिनेट सचिव, डीएम को पत्र भेजकर अवगत कराया है। वहीं जब संबंधित विधायक से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## सड़क हादसों में महिला समेत चार लोग घायल

**फतेहपुर।** हुसेनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां निवासी ननकऊ का पुत्र विकास अपने भाई के साथ बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था, जैसे ही वह बड़नपुर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई।

हादसे में दूसरी बाइक सवार शिरोमणि पुत्र शंकर, बब्लू पुत्र गंगा प्रसाद व गंगा प्रसाद की पत्नी गोमती देवी घायल हो गई। इसी तरह मलवां थाना क्षेत्र के चखेड़ी जगदीशपुर गांव निवासी धनराज की पत्नी निशा देवी अपने पुत्र के साथ बाइक से हुसेनगंज किसी काम से जा रही थी। बेरागढ़ीवा के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। हादसे में महिला घायल हो गई। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के रणमस्तपुर निवासी रामविशाल का पुत्र मनोज निषाद किसी जरूरी काम से डांडा अमौली आया था। दोपहर वापस लौटते समय सहिमलपुर मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक खाई में जा गिरी। जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया है।

### 63 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 63 वाहनों का चालान कर दो वाहनों से दो हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 20 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### विस्फोटक पदार्थ एक्ट का दोषी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खखरेरू पुलिस ने पौली गांव निवासी मोहम्मद तोहीद उर्फ छोटी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### पति-पत्नी के दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसिलिंग की कार्रवाई में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व उप निरीक्षक मंजीता यादव और काउंसलिंग सदस्य स्वाति ओमर द्वारा काउंसलिंग कराते हुए दो मामलों में समझौता कराया गया। महिला आरक्षी ममता शर्मा, नीतू व सीमा मौजूद रहीं।

### मोबाइल न देने पर युवक को पीट कर किया घायल

**असोथर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के समतपुर मजरे धरमपुर सातो गांव के रहने वाले अमर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 फरवरी की शाम वह घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के गोपाल सिंह शराब के नशे में धुत होकर आए और उसका मोबाइल फोन मांगने लगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उसने मोबाइल देने से मना कर दिया तो शराबी ने उसे पकड़कर उठाकर जमीन पर पटक दिया। चीख पुकार सुनकर जब बेटी पहुंची तो उसने बेटी को भी मारने के लिए दौड़ा तो गांव के लोग आ गए तो शराबी युवक भाग गया। पीड़ित युवक के तहरीर और सूचना देने के बावजूद थाने के चक्कर काट रहा है।

### नारायन कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स इटावा में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सहयोग से वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें 25 से अधिक कम्पनियों ने प्रतिभाग किया और अधिक से अधिक प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया और इनमे से अधिकांश छात्र/ छात्राओं का चयन भी किया।

### एआरटीओ ने पकड़ा गिट्टी से लदा ओवरलोड डंपर

**बिंदकी।** अधिकारियों द्वारा ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को गिट्टी से लोड एक ओवरलोड डंपर को एआरटीओ ने पकड़ लिया और डंपर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। ओवरलोड डंपर पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। शनिवार की सुबह नगर के पास एआरटीओ ने गिट्टी से लदा एक ओवरलोड डंपर पकड़ लिया। इस मामले में 35 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### मोबाइल सहित बिजली बिल कलेक्शन की रकम चोरी

**औंग।** थाना क्षेत्र के गंगचौली खुर्द निवासी अरविन्द कुमार पुत्र जगन्नाथ ने शुक्रवार की रात चोरी होने के सम्बन्ध में पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के माध्यम से बताया कि शुक्रवार की रात घर से एक बैग चोरी हो गया है। जिसमें एक मोबाइल और बिजली बिल कलेक्शन के 54 हजार रुपये रखे हुए थे।

## पुलिस ने पति-पत्नी के बीच कराई सुलह

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र की जरौली गांव में घरेलू विवाद के चलते जय देवी के साथ उसके पति अखिलेश ने मारपीट कर दी। पीड़ित जय देवी अपने मायके के लोगों के साथ कोतवाली बिंदकी पहुंची और पुलिस को तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने पति पत्नी को समझाया बुझाया और आपस में शांति से रहने का सुझाव दिया। पति अखिलेश को हिदायत दी कि अपनी पत्नी से मारपीट का प्रयास किया तो कार्रवाई की जाएगी।

# चालक -परिचालकों की जांची आंखें

- सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चार मई तक आयोजित हुआ है। हादसों व हादसों में बढ़ती हुई मृतकों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से जनमानस को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करके हादसों में कमी लाने के लिये विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अन्तिम दिन शनिवार को कार्यक्रम में परिवहन निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सहयोग से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यक्रम का आयोजन राज्य सड़क परिवहन निगम बस स्टैण्ड में किया गया। जहां चालकों, परिचालकों एवं यात्रियों को जागरूक किया गया। परिवहन निगम के चालकों के लिए बस स्टेशन पर ही हेल्थ कैंप, चालकों परिचालकों की सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच परीक्षण किया गया।

परिवहन निगम के बस चालकों व परिचालकों को स्वास्थ्य जांच कार्ड परिवहन विभाग एवं परिवहन निगम द्वारा मुद्रण कराकर उपलब्ध कराये गये। नेत्र विशेषज्ञ देवेन्द्र निगम व उनकी टीम द्वारा चालकों व परिचालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। सुरेन्द्र सिंह व एआरएम विपिन अग्रवाल मौजूद रहे।

**चुनावी मुद्दा** भाकियू के नेता ने सीएम से मिल कर सौंपा था पत्र, हर बार चुनाव में किसानों की मांग को किया जाता है अनदेखा

# चीनी मिल न होने से फतेहपुर के किसानों की मिठास दूर

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हजारों गन्ना किसान जिले में चीनी मिल न होने का दंश सालों से झेल रहे हैं। हर बार चुनाव में चीनी मिल की मांग उठी लेकिन इसके स्थापित न होने से किसान ठगा सा महसूस कर रहा है। पड़ोसी जिले कानपुर के घाटमपुर व रायबरेली में सरकारी चीनी मिले थीं। इन मिलों के घाटे के चलते पहिया थम गया। जिससे सालों से हैदरगढ़ चीनी मिल आधे अधूरे किसानों के गन्ने की खरीद करके सिर्फ आंसू पोछने का काम करती। पिछले दिनों भाकियू संगठन के एक राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पत्र भी सौपा। उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था।

जिले में करीब 50 लाख क्विंटल गन्ने का उत्पादन है। लेकिन गन्ना खरीद कर रही चीनी मिल सहकारी गन्ना समिति के सदस्य किसानों के गन्ने की ही खरीद करते हैं। गन्ना खरीद व्यवस्था में अव्यवस्थाएं हावी होने से किसानों को उनकी उपज का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा, जिससे औने पौने दाम में बिचौलियों के हाथों बेचने को मजबूर हैं।

**गुड़ की मिठास में आयी कमी:**बहुतायत संख्या में किसान गन्ना कोल्हू गांवों में लगाकर बडे. पैमाने पर गुड़ बनाने का काम करते थे। जिसमें कमी आयी और रोजगार छिनता गया। सरकार चाहे तो चीनी की तरह गुड़ रोजगार को बढ़ावा दे सकती है लेकिन इस ओर कोई कदम नहीं उठाए गए। जिससे किसानों की उपज का उचित लाभ मिल सके और वह अपनी आय दोगुनी कर सके।

### घाटमपुर व रायबरेली मिल में पड़ गया ताला

केंद्र व प्रदेश की सरकारे चीनी मिल को बढ़ावा देने के बजाए सूबे के कईयों सरकारी चीनी मिल को बंद कर दिया गया। जिन्हे घाटे में चलने का तमगा दिया गया। हालांकि मिलों को घाटे से उबारने के लिए समय समय पर सरकारें लाखों की सब्सिडी भी दी लेकिन इन्हें उबारा नहीं जा सका। जिससे आसपास जनपदों के गन्ना किसानों की फसल उत्पादन से आस टूटती रही ।

### काटों में ठगे जाते हैं किसान

जिन किसानों ने गन्ने की फसल तैयार कर ली है, गन्ना बिक्री के समय उन्हें जगह जगह परेशान होना पड़ रहा है। इंडेट (पर्ची) समय से किसानों तक नहीं पहुंचना, क्रय केन्द्रों पर लोडिंग, ट्रासपोर्टिंग की अव्यवस्था, घटतौली, गन्ने का भुगतान, बिचौलियों के हाथों बेचा जाना जैसी अनेक समस्यायें हावी रहती हैं। जिनका दंश हर साल किसान सहता है। जिले में चीनी मिल स्थापित होने से जहां गन्ना किसानों की समस्याओं में कमी आएंगी, वहीं गन्ना की फसल को और बढ़ावा मिलेगा।

### बोले किसान



गन्ना उत्पादन करने वाले किसान खासे परेशान हैं। गुड़ बनाने के स्थान पर लोगों ने खड़ी फसलें बिक्री करनी शुरू कर दी है। क्रेसर कारोबारियों ने क्षेत्र में डेरा डाल कर औने पौने दाम पर गन्ना खरीद रहे हैं। **- सतेंद्र कुमार मौर्य**



किसानों से सभी को अपेक्षा लेकिन उसके लिए सभी के हाथ खाली हैं। चीनी मिल इलाके का गंभीर और सबसे पुराना मुद्दा है लेकिन लोग आए व चले गए। चीनी मिल नहीं आई। **- रविदेव सिंह गौतम**



जिले के बड़े क्षेत्र में गन्ना उत्पादन है। गन्ना यहां की प्रमुख फसलों में एक है। लेकिन गन्ना किसानों के आर्थिक दशा में सुधार को लेकर सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई। यही दशा रही तो गन्ने की फसल उजड़ जाएगी। **- रामप्रताप वर्मा**



गन्ना खरीद के लिए चीनी मिल कई कांटे स्थापित करती है लेकिन इसमें हाबी बिचौलियों और चुनिंदा किसानों के आगे व्यवस्था तार-तार हो जाती है। वास्तविक किसान उपज बिक्री करने को तरस गए। **- रामबहादुर सिंह**

### फसल का सही मूल्य न मिलने से निरासा

जिले में मिल न होने से हजारों गन्ना किसान समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी फसल का वास्तविक लाभ भी नहीं मिल पा रहा। जिसके चलते क्रेसरों की संख्या बढ़ती गई और किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।

### सूबे के सीएम योगी दे चुके हैं आश्वासन

जिले में चीनी मिल स्थापित की मांग लंबे समय से चली आ रही है। विधान सभा व लोकसभा चुनाव हो सभी दलों के नेता भरोसा भर देते रहे, इसके बाद कोई उनका दर्द पूछने नहीं पहुंचा, जिससे बड़ी संख्या में किसानों में नाराजगी है। भाकियू के कद्दावर नेता व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चीनी मिल की मांग की थी जहां से आश्वासन भी मिला था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **उदय भान भारती उर्फ उदय भान पुत्र लक्ष्मन प्रसाद निवासी केशव नगर ग्रांट पश्चिमी तहसील मनकापुर** का हूं। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आलम पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आलम हकदार रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **मौसिम खान पुत्र मुस्तकीम खान, निवासी- 271 फिरोज गाँधी नगर, जिला रायबरेली** ,मेरे सभी सरकारी अभिलेखों (आधार कार्ड आदि) में मेरा नाम मौसिम खान (MOUSIM KHAN) दर्ज है जबकि मेरे अंकपत्र व प्रमाण पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश मोसिम खान (MOSIM KHAN) अंकित हो गया है। अतः मैने अपना नाम समस्त प्रपत्र में मौसिम खान (MOUSIM KHAN) ही रखना चाहता है। अतः मुझे आज की तारीख से (MOUSIM KHAN) मौसिम खान के ही नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जायें।

**सूचना**

सूच्य हो कि एलआईसी की पालिसी संख्या 213420263 भूपेंद्र कुमार मिश्रा के नाम है अन्य अभिलेखों में बीमाधारक का नाम अरविंद कुमार मिश्रा है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।- **अरविंद कुमार मिश्रा पुत्र रामचंदर मिश्रा, निवासी बाल्हाराई पोस्ट-नगवा जिला गोंडा**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **आमीना पत्नी स्व0 मो0 रफीक, निवासी- ग्राम ओदरहना महेवागंज, थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी** मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र स्व0 मो0 रफीक मेरी देखरेख करते है तथा खाना कपड़ा की व्यवस्था करते है मै अपने पुत्र के व्यवहार से काफी खुश है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पत्ति में हिस्सेदार व हकदार मानती है तथा मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति में मेरा पुत्र मो0 आजम उर्फ अब्दुल रहमान हकदार रहेगा।


क्षतिग्रस्त कार को एक्सप्रेसवे से हटाती क्रेन। अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में घायलों से हालचाल लेते तहसीलदार अवनीश कुमार। अमृत विचार

# एक्सप्रेस-वे पर हुए ट्रक की टक्कर से कार सवार दो की मौत, 10 घायल

## रामलला के दर्शन के लिए जा रहे थे अयोध्या, घायलों को मेडिकल कालेज भेजा गया

संवाददाता, तालग्राम-कन्नौज

**अमृत विचार।** अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान श्री रामलला के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार सवार महिला सहित दो लोगो की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

शनिवार को तड़के ग्वालियर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार में तेज रफ्तार ट्रक ने एक्सप्रेस वे के 182 किमी पर पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में मुंबई निवासी अरुण (58) पुत्र दत्तात्रेय व कर्नाटक निवासी शोभा (58) पत्नी अरविंद की मौके परी मौत हो गई। घटना में कर्नाटक निवासी आरुष (09), अरविंद (64), सुजीत (12), शुभ (09), लक्ष्मी (56), नारायण (64), लक्ष्मी (64), सुमन (48), मुंबई निवासी हेमा (64), ग्वालियर निवासी बलवंत (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को थाना तालग्राम पुलिस व यूपीडा की टीम ने एंबुलेंस की मदद से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। यूपीडा की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाकर यातायात को सुचारु कराया।



तिर्वा के चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती घायल। अमृत विचार

### तहसीलदार ने पहुंचकर लिया हालचाल

**तिर्वा।** एक्सप्रेस वे पर हादसे की जानकारी होते ही डीएम के निर्देश पर मेडिकल कालेज पहुंचे तहसीलदार ने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल लिया। हादसे की खबर पर डीएम ने तहसीलदार अवनीश कुमार को मेडिकल कॉलेज भेजकर रिपोर्ट मांगी। तहसीलदार ने घायलों से मुलाकात की तथा डॉक्टरों को इलाज में किसी तरह की लापरवाही न करने के निर्देश दिए। घायलों को मदद का भरोसा दिलाया।

## फ्रॉड कर निकाले गए 24,887 रुपये वापस कराए

**कन्नौज।** थाना साइबर क्राइम ने शिकायत पर तत्काल कार्रवाई कर फ्रॉड ट्रांजेक्शन से गई धनराशि वापस कराई।



साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में जिला मुख्यालय पर साइबर थाना खोला गया है। शिकायतकर्ता शरद कटियार निवासी ग्राम भवानीपुर प्रताप थाना कोतवाली कन्नौज से से अज्ञात कॉलर ने अपने आपको शिकायत कर्ता का परिवारिक बताकर किसी अप्रिय घटना का हवला देते हुए फ्रॉड ट्रांजेक्शन करा लिया। इसकी शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने संबंधित बैंक से संपर्क स्थापित कर कार्रवाई करते हुए पीड़ित से फ्रॉड निकाले गए 24,887 रुपये वापसी करा दिए।

# प्राइवेट स्कूल में छात्राओं की आंखों में गिरा केमिकल, भर्ती

संवाददाता, सौरिख/कन्नौज

- एक का निजी अस्पताल व तीन मरीजों का मेडिकल कॉलेज में इलाज
- नादेमऊ के निकट एलएस इंटरनेशनल एजूकेशन सेंटर का मामला

**अमृत विचार।** निजी स्कूल में प्रैक्टिकल की तैयारी कर रहीं छात्राओं की आंखों में केमिकल गिरने से उनकी हालत बिगड़ गई। आंखों में जलन मचने के साथ ही कम दिखने लगा। इसके बाद विद्यालय प्रशासन ने उनको अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि एक घायल का निजी व तीन का इलाज तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में चल रहा है।

मामला थाना सौरिख के नादेमऊ चौकी क्षेत्र के एलएस इंटरनेशनल एजूकेशन सेंटर का बताया गया है। ग्रामीणों की माने तो शनिवार को कुछ छात्र-छात्राएं रासायन विज्ञान का प्रैक्टिकल कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह बिना किट व मास्क के ही प्रयोग कर रहे थे। इसी दौरान दो केमिकल मिलाते ही परखनली फट गई। इससे प्रैक्टिकल कर रही संजयनगर सौरिख निवासी अनिल कुमार की 14 वर्षीय पुत्री निशा, खड़िनी निवासी राजेश कुमार की 14 वर्षीय पुत्री सिमरन, सना व जाह्नवी के आखों में रासायनिक पदार्थ गिर पड़ा। इसके बाद शिक्षकों ने स्कूल में ही छात्राओं की आंख पानी से धुलवाईं। जब आराम न मिला तो शिक्षकों ने जाह्नवी को निजी अस्पताल व सना, सिमरन, निशा को मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने उनका इलाज शुरू कर दिया।

> तीन छात्राएं राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती हैं। केमिकल की वजह से दिक्कत आई है। आंखों में समस्या बताई गई है। छात्रों की तबियत ठीक है।
>
> -डॉ. दिलीप सिंह, सीएमएस

> जिस विद्यालय का मामला है वह यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त नहीं है। सीबीएसई से संबंधित स्कूल हो सकता है। छात्राओं के ऊपर केमिकल गिरने व उनके घायल होने की जानकारी भी नहीं मिली है।
>
> -डॉ. पूरन सिंह, डीआईओएस

## दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अप्रैल में दुर्घटना में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुत्र में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये सदर कोतवाली में तहरीर दी। दुर्घटना में एक व्यक्ति की पहले मौत हो चुकी थी।

सदर केतवाली के हैवतपुर कटरा गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र राजेश कुमार ने सदर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सात अप्रैल को पिता राजेश कुमार एक अन्य के साथ खेत देखने रोड के किनारे जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित कार ने दोनों लोगों को टक्कर मार दी थी। इसमे पिता घायल हो गये थे जबकि साथीकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पिता को जिला अस्पताल के बाद मेडिकल कालेज तिर्वा में भर्ती कराया गया। इसके बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। वहां उनकी 10 अप्रैल को मौत हो गई।

पुलिस ने जांच कराने के लिये शिकायती पत्र को पाल चौराहा चौकी प्रभारी को भेजा है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**छिबरामऊ।** रविवार को फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजन सुबह 9 बजे से शाम को पांच बजे तक लाहौरी टोला के पास किया जाएगा। शिविर में फर्रुखाबाद से डॉ.अफ्फान अली, डॉ. अंकित कटियार मरीजों का परीक्षण करेंगे।

## वाहन चालकों के आंख-कान की जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन यातायात पुलिस ने चालकों का निःशुल्क मेडिकल परीक्षण कराया। खासतौर पर आंखों व कान की जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश व जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु के नेतृत्व में प्रभारी यातायात आफाक खां सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतिम दिन वाहन चालकों को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां उनकी आंखों एवं कानों का परीक्षण कराया। रोग होने पर दवाइयां भी दी गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि वाहन चलाते समय चालकों को चार कदम की जानकारी होना जरूरी होती है। सड़कों पर पहचानने का काम चालक द्वारा सामने आंखों से किया जाता है और पीछे कानों से किया जाता है। इसके लिए वाहन चालकों के आंख और कान सही हालत में होना आवश्यक होता है। दूसरा कदम अनुमान लगाने का और तीसरा कदम निर्णय लेने का और चौथा कदम क्रियान्वयन का होता है।

इस मौके पर मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी धनीराम वर्मा एवं लालू यादव मौजूद रहे।


आटो चालकों की आंखों की जांच करते डॉक्टर व मौजूद सीएमएस डॉ. शक्ति बसु व यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

- यातायात पुलिस ने जिला अस्पताल में कराई जांच

## दो महिलाओं ने पीया कीटनाशक, गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम नवलपुर 35 वर्षीय गुड्डी देवी का उनके पति दर्शन सिंह शाक्य से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने कीटनाशक पी लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

दूसरी घटना में ग्राम राजापुर भगवंतपुर निवासी अनिल कुमार का उनके भाई पंकज से झगड़ा होता देख अनिल की 20 वर्षीय पत्नी शिपली ने अपनी ननद की दवाइयां खा लीं। हालात बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# ऑटो चालक ने सफाई कर्मी के साथ की मारपीट

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- नाली की सफाई के दौरान ऑटो हटाने को लेकर हुआ विवाद

**अमृत विचार।** कस्बा में नालियों की सफाई कर रहे कर्मी के साथ ऑटो चालक ने मारपीट कर दी। बीचबाचाव करने पहुंची महिला सफाई कर्मी को भी आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित सफाई कर्मी ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

शनिवार को सफाई कर्मी उधन सिंह की निगरानी में अन्य सफाई कर्मी कस्बा के खैरनगर रोड पर नाली की सफाई कर रहे थे। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इसी दौरान नाली के पास खड़े चालक से ऑटो हटाने को कहा। इससे गुस्साया ऑटो चालक गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। बीचबाचाव करने पहुंची पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। अन्य सफाई कर्मियों को एकत्र होता देख चालक ऑटो को छोड़कर भाग गया।

मारपीट की सूचना पर ईओ देवांशी दीक्षित मौके पर पहुंचीं और मामले की जानकारी ली। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि ऑटो के नंबर से गाड़ी मालिक की खोजबीन की जा रही है। तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य लोग। अमृत विचार

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**कन्नौज।** शहर के पंडित सुंदरलाल मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय बीएड छात्र-छात्राओं का स्पेशल इंट्रोडक्टरी प्रशिक्षण शनिवार को समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. अमित सचान, डॉ. श्याम बाजपेई, श्रद्धा मिश्रा, विभा तिवारी, शालिनी कटियार, कुलदीप कुमार, मुकेश गुप्ता, संतोष त्रिपाठी, अखिलेश पांडे, आलोक शुक्ल मौजूद रहे। साथ ही प्रज्ञा सिंह, प्रदीप त्यागी व ललित शर्मा ने प्रशिक्षण संपन्न कराया।

### अन्ना मवेशी के हमले से नानी व नातिन घायल

**कन्नौज।** काली-गंगा नदी के बीच कटरी में गेहूं के गट्ठे बांध रही नानी व नातिन पर अन्ना मवेशियों ने हमला बोल दिया। दोनों को गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हरदोई जनपद के कोतवाली विलग्राम के गांव शेखनपुर्वा निवासी अयोध्या प्रसाद के खेत सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव अलियापुर के सामने काली नदी व गंगा के बीच कटरी में हैं। उसकी पत्नी राजरानी (55) अपनी नातिन कीमती (17) निवासी गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरौली के साथ शनिवार को सुबह के समय खेत पर गेहूं के गट्ठे बांध रही थी। इसी बीच कुछ अन्ना मवेशी गेहूं खाने लगे। उनको भगाने का प्रयास किया तो मवेशियों ने उन पर हमला कर दिया। निकट खेतों में काम कर रहे लोगों ने देखा तो बचाने के लिये पहुंच गये। दोनों को घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की रीढ़ की हड्डी में अधिक चोट पाई गई।


अन्ना मवेशी के हमले से घायल नानी राजरानी।


घायल नातिन कीमती। अमृत विचार

### अतिगंभीर रोगियों को पुनर्जीवन देने पर हुई चर्चा

**तिर्वा-कन्नौज।** अति गंभीर मरीजों को कैसे बचाया जा सके इसके लिए आयोजित कार्यशाला में डॉक्टरों ने चर्चा की। समापन के मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों को सम्मानित भी किया गया। डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कालेज में दो मई से आयोजित कार्यशाला में देश भर से आए डॉक्टरो ने अपने-अपने विषय पर चर्चा कर उपयोगी जानकारियां दीं। पहले दिन गुड क्लीनिक व प्रैक्टिस पर चर्चा के साथ रिसर्च पर बात हुई। यह भी बात हुई कि कैसे आने वाले मरीज के साथ व्यवहार करें। कार्यशाला के अंतिम दिन अति गंभीर मरीजों को कैसे पुनर्जीवित किया जाए इस पर बाहर से आए डॉक्टरों ने चर्चा की। बताया गया कि मरीज पर प्रयोग की जाने वाली दवाओ को अगर फार्माकोलॉजी विभाग से प्रमाणित करा लें तो सही होगा। इससे दवा के साइडफैक्ट के बारे मे पता हो जाता है। अंतिम दिन डॉक्टरों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोहम्मद अतहर, डॉ. अनंत पाटिल, डॉ. रीना, डॉ. पारूल कमल, डॉ.इरफान, डॉ.आलोक दीक्षित समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।



अतिथि डॉक्टर को सम्मानित करतीं डॉ. पारूल कमल। अमृत विचार

### दिमागी बुखार से बालिका की मौत

**जलालाबाद, कन्नौज।** दिमागी बुखार की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। कस्बा निवासी व्यापारी राहुल गुप्ता ने बताया कि उसकी पुत्री माधवी उर्फ तान्या (05) को दो दिन पहले बुखार आया था। इस पर उसने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सक ने दिमागी बुखार बताकर कानपुर रेफर कर दिया। शुक्रवार की देर रात करीव 9:50 बजे पुत्री की कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।


माधवी उर्फ तान्या।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा, होगा डीएनए टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरायमीरा में किशोरी को भगा कर दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जिला अस्पताल में आरोपी का डीएनए टेस्ट कराने के लिए सैंपल लिया है।

सदर कोतवाली के सरायमीरा कटियारन मोहल्ला निवासी सौरभ पुत्र प्रकाश समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप लगाया गया था कि उक्त लोगों उसकी नाबालिग पुत्री को 28 अप्रैल को फोन कर बुलाया और इस के बाद बंधक बना कर उससे तीन लोगों ने बलात्कार किया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म व 4(2) पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की। पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। जिला अस्पताल में डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल लिया गया। इसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह, दरोगा शेखर सैनी आदि रहे।

## परिवार के लोगों ने युवती से की मारपीट

**गुरसहायगंज।** जमीन के विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने गाली गलौज की और घर में घुसकर युवती को मारपीट कर घायल कर दिया।

ग्राम बिबिया जलालपुर निवासी सोनी पुत्री स्व. अजब सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 अप्रैल की शाम लगभग 05 बजे परिवार के दुर्बीन सिंह, शैलेन्द्र सिंह दरवाजे पर आए और जमीन के विवाद को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर घर में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान माल की धमकी दी।

## दुकानदार को चकमा दे सोने के पेंडल उड़ाए

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- नहीं लगा युवक का सुराग, एक पेंडल रास्ते में मिला

**अमृत विचार।** जेवरात देखने के बहाने दुकान पर आए युवक ने दुकानदार को चकमा दे दिया। सोने का पेंडल लेकर वह फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी अभिषेक कौशल उर्फ चुन्नू ने बताया कि उसकी जीटी रोड पर कृष्णा ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। शनिवार की दोपहर लगभग 01:15 बजे दुकान पर एक युवक आया और सोने का पेंडल दिखाने की बात कही। इस पर उस ने छह सोने के पैंडल दिखाए। युवक ने किसी से फोन पर बात की और पेंडल की फोटो खींचकर भेजी। इसी बीच मौका पाकर युवक तीन सोने के पेंडल लेकर भाग निकला। भागते समय एक पेंडल रास्ते में गिर गया। दुकानदार ने स्थानीय लोगों के साथ चोर का पीछा जीटी रोड से राम मंदिर, गांधी नगर आदि स्थानों तक किया। लेकिन युवक भीड़ में कहीं गुम हो गया।

दुकानदार ने बताया कि पेंडल की कीमत लगभग एक लाख रुपये है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से युवक को चिंहित कर कार्रवाई की जाएगी।


जानकारी देता पीड़ित दुकानदार।

**आक्रोश** — सरायमीरा के मोहल्ला कृष्णा नगर के लोग दे रहे मतदान बहिष्कार की चेतावनी

# विकास न होने पर आठवें दिन भी लोगों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास न होने से नाराज मोहल्ले के लोगों ने मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की है। आठवें दिन भी लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

शहर के मोहल्ला सरायमीरा कृष्णा नगर में विकास न होने से लोगों का विरोध प्रदर्शन आठवें दिन जारी रहा। मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया है कि मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं की पूरी तरह से कमी है। गलियां टूटी तो बिजली की समस्या भी बनी हुई है। जल निकासी के लिये नाला नहीं है। करीब 20 वर्ष से 100 परिवार यहां निवास कर रहे हैं। इनको आवागमन में दिक्कत हो रही है। जगह-जगह भरे पानी से दुर्घटनाएं हो रही हैं। घर से निकल रहे बच्चे पानी में गिर रहे हैं। वाहन घरों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसी तरह की कई समस्या होने के बाद भी नगर पालिका ने मोहल्ले में कोई विकास नहीं कराया है। सबसे अधिक दिक्कत बरसात के मौसम में हो जाती है जब तालाब के उफान से पानी घरों तक पहुंच जाता है। इससे घरों में नमी पहुंचने लगती है। इस को लेकर मोहल्ले के लोग मिट्टी डलवा कर अपने मकान को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। बीते आठ दिनों से चल रहे प्रदर्शन व मतदान बहिष्कार के एलान के बाद भी प्रशासन ने मोहल्ले में किसी तरह का काम नहीं कराया है। तालाब का पानी निकालने का कार्य एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका की ओर से जरुर कराया जा रहा है। इसके अलावा कोई काम नहीं हो रहे हैं। शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने रेलवे ट्रैक के निकट मतदान बहिष्कार का बैनर लगा कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सर्वेश कुमार, श्रीकृष्ण सक्सेना, राजेश यादव, रानी मिश्रा, रवि शंकर शुक्ला, रश्मी तिवारी, स्वेता अवस्थी, मधू तिवारी, रीतेश चतुर्वेदी, कांती शुक्ला, दुर्गेश तिवारी, शिवा चतुर्वेदी, गिरीश चंद्र दुबे, अंजना दुबे, सज्जन देवी, सुधा पाल, कुमकुम, ममता, प्रवीण मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।


सरायमीरा के मोहल्ला कृष्णा नगर में प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

## गैंगस्टर का आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**कन्नौज।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तमंचा बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर दिग्विजय सिंह ने गैंगस्टर के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली सदर में गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने वांछित वसीम पुत्र मोहम्मद नईम निवासी मोहल्ला शेखपुरा थाना व जनपद कन्नौज को देशी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। थाना कन्नौज आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपी पर गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट के मुकदमें सदर कोतवाली में दर्ज हैं।


वसीम।

# प्रशिक्षण से नदारद 14 मतदान कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आज ट्रेनिंग लेने का मौका उसके बाद दर्ज होगी रिपोर्ट
- प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने विभागों को भेजी लिस्ट

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर शहर के एक निजी स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण में 14 मतदानकार्मिक गैरहाजिर रहे। उनको पांच मई को ट्रेनिंग लेने की मोहलत दी गई है। उसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

शनिवार को प्रशिक्षण से एक पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारी प्रथम, सात मतदान अधिकारी द्वितीय और चार मतदान अधिकारी तृतीय गैरहाजिर रहे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी व उच्च प्राथमिक स्कूल मुरैया बुजुर्ग के प्रधानाध्यापक इंद्र देव बाजपेयी, मतदान अधिकारी प्रथम में प्राथमिक स्कूल बहिदापुर के शिवराज सिंह व प्राथमिक विद्यालय टिकरा के सहायक अध्यापक शिवनारायण भदौरिया गैरहाजिर रहे। उन्होंने बताया कि मतदान अधिकारी द्वितीय में प्राथमिक स्कूल लोहामढ़ के शिक्षामित्र मुकेश, कंपोजिट स्कूल छिबरामऊ के सहायक अध्यापक आकृति सिंह, प्राथमिक स्कूल रमजनापुर के शिक्षामित्र सर्वेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय तेरामल्लू के शिक्षामित्र महेंद्र पाल, प्राथमिक स्कूल खुड़ावा की सहायक अध्यापक नीतू पाल, प्राथमिक स्कूल वनपुरा के शिक्षामित्र धीरेंद्र कुमार व प्राथमिक स्कूल रौरा की प्रधानाध्यापक संतोष कुमारी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचीं। इसी तरह मतदान अधिकारी तृतीय बनाए गए ग्राम पंचायत सराय कायम की पंचायत सहायक रेखा, नगर पालिका परिषद कन्नौज की सफाई कर्मी सरिता, खड़िनी ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक अर्जित चतुर्वेदी व नलकूल चालक जयनरायन पर कार्रवाई के लिए लिखा गया है।

### निलंबित होने के बाद भी ड्यूटी लगी

बताया गया है कि ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल टिकरा के सहायक अध्यापक शिव नरायण भदौरिया को बीएसए उपासना रानी वर्मा ने पूर्व में निलंबित कर दिया था। उसके बाद भी चुनाव में ड्यूटी लगी है। शनिवार को सीडीओ की ओर से जारी हुई गैरहाजिर कार्मिकों की सूची में निलंबित शिक्षक का नाम है।

# विधायक कैलाश राजपूत का अपने ही इलाके में विरोध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वोट मांगने गए तो बरुआहार के ग्रामीणों ने अभद्रता की
- भारी विरोध के चलते भाजपा एमएलए को लौटना पड़ा

**अमृत विचार।** जिस तिर्वा विधानसभा क्षेत्र से कैलाश राजपूत विधायक बने अब उसी इलाके में उनका विरोध शुरू हो गया है। लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए वोट मांगने बरुआहार गांव गए विधायक को ग्रामीणों ने खूब खरीखोटी सुनाई। उसके बाद अपशब्द भी कहे। भारी विरोध के चलते उनको लौटना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खूब प्रसारित हो रहा है।


विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत को घेरे खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

तिर्वा-गुरसहायगंज मार्ग पर कोतवाली के निकट बसा गांव बरुआहार लोधी बाहुल्य है। बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को भाजपा विधायक 13 मई को होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए वोट मांगने गए थे। उसी दौरान ग्रामीणों ने कई समस्याएं बताईं। कई आरोप भी लगाए। प्रधानों व बीडीसी को जबरन हराने की चर्चा भी हुई।

भड़के लोगों ने सवाल उछाला कि नगर पंचायत के चुनाव के बाद कहां चले गए थे। अब फिर चुनाव में ही इतने दिनों बाद क्यों आए हो। बातों-बातों में ग्रामीण उत्तेजित हो गए और विधायक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भारी विरोध के चलते विधायक वहां से चलने लगे। इसी दौरान कुछ लोगों ने अपशब्द भी कहे। गाड़ी में बैठकर विधायक वहां से निकल लिए। मीडिया की कोशिश पर भी उन्होंने बात नहीं की।

### बेईमानी से प्रधान बनाया...वीडियो वायरल

तिर्वा विधायक का एक और वीडियो दो दिन से सोशल मीडिया पर ही वायरल हो रहा है। उसमें विधायक कैलाश राजपूत माइक से ग्रामीणों के बीच एक कार्यक्रम में कह रहे हैं कि... कई किमी में ग्राम सभा है। काम न करने को लेकर कहते दिखाई-सुनाई दे रहे हैं कि एक तो मैंने आपको बेईमानी से प्रधान बनाया...वोट से। तब भी काम नहीं कर रहे हो। बताया गया है कि यह वीडियो ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र के किनौरा गांव है। यहां आरआरसी केंद्र का शुभारंभ करने के दौरान वह ग्रामीणों के बीच अपनी बात कह रहे थे। इस कार्यक्रम में कुछ अधिकारी भी बैठे हैं। वीडियो करीब दो महीने पुराना हल्की सर्दियों का है जो अब वायरल किया गया है।

### फोन उठाने वाले ने यह कहा

विधायक कैलाश राजपूत से जब वायरल वीडियो के बारे में उनका पक्ष लेने के लिए कॉल की गई तो किसी फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि विधायक बिधूना में मुख्यमंत्री की सभा में गए हैं। अभी गाड़ी में नहीं हैं।

तिर्वा विधायक का गांव-गांव विरोध हो रहा है। जो भी लोधी जाति का नेता क्षेत्र में ऊपर उठा, उसको उन्होंने ठिकाने लगा दिया। अब मतदाता जागरूक हो गए हैं। नगर पंचायत तिर्वा से प्रभात वर्मा की पत्नी को विधायक ने जबरन हरवाया था। उसका भी गांव में विरोध है।

**-उदय राजपूत, सपा नेता व हसेरन के पूर्व ब्लॉक प्रमुख**

# पहले दिन 30 फीसदी ईवीएम की हुई कमीशनिंग

## वीवीपैट में चुनाव चिह्न अपलोड कर किया गया परीक्षण, एक-एक वोट डालकर ईवीएम हुई चेक, कल होगा मॉकपोल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए ईवीएम की कमीशनिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 30 फीसदी ईवीएम को चालू किया गया और प्रत्येक में एक-एक वोट डालकर चेक किया गया। बेंगलुरू से आए इंजीनियरों ने वीवीपैट में चुनाव-चिह्न अपलोड और परीक्षण किया। अब पांच प्रतिशत ईवीएम में मॉकपोल कराया जाएगा।


कलेक्ट्रेट में ईवीएम की कमीशनिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम की कमीशनिंग की गई। सबसे पहले बैलेट यूनिट में मतपत्रों को लगाया गया और कंट्रोल यूनिट से जोड़ा गया। इसके बाद वीवीपैट को जोड़कर परीक्षण किया गया। कर्मचारियों ने बैलेट यूनिट में प्रत्येक बटन से एक-एक वोट डालकर चेक किया। वीवीपैट में पेपर रोल लगाकर परीक्षण किया गया। सभी ईवीएम में पेपर फ्लैग लगाकर बूथवार अंकन और सील कर रख दिया गया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि पहले दिन तीनों विधानसभा क्षेत्रों कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा के लिए 30 प्रतिशत ईवीएम की कमीशनिंग की गई है। प्रक्रिया को पूरा होने में तीन दिन का समय और लगेगा। इसके बाद राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा पांच प्रतिशत मॉकपोल कराया जाएगा और एक हजार वोट डालकर उसकी गिनती की जाएगी। जो ईवीएम खराब होगी, उसे इंजीनियर सही करेंगे।

## पैरामिलिट्री के सुपुर्द होगा स्ट्रांग रूम स्थानीय पुलिस भी लगाई जाएगी

**कन्नौज।** मतदान के बाद ईवीएम को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। इसकी सुरक्षा पैरामिलिट्री फोर्स के हाथ में होगी। स्थानीय पुलिस तीन घेरों में तैनात की जायेगी। तीन पालियों में 30 पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जायेगी। 13 मई को मतदान के बाद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। इसकी मुख्य सुरक्षा पैरामिलिट्री के सुपुर्द रहेगी पर बाहरी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस की होगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार तीन घेरों में पुलिस लगाई जायेगी। पहला घेरा मंडी के गेट पर, दूसरा मंडी के अंदर और तीसरा स्ट्रांग रूम के बाहर रहेगा। स्ट्रांग रूम के निकट जाने की किसी बाहरी व्यक्ति को इजाजत नहीं होगी। ईवीएम को मतगणना स्थल तक लाने के लिये भी बैरीकेडिंग की जायेगी।

### ईवीएम में नई बैट्री लगाकर चेक किया

भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड बेंगलुरू के इंजीनियरों ने ईवीएम में नई बैट्री लगाकर चेक किया। इंजीनियरों ने बताया कि यह उच्च क्वालिटी की बैट्री होती है, जो लंबे समय तक चलती और डिस्चार्ज नहीं होती है। इसको चार्ज करने की आवश्यकता नहीं होती और न ही खराब होती है। बैट्री को इस प्रकार से बनाया गया है कि वह ईवीएम में किसी प्रकार का शार्ट सर्किट न हो। बैट्री निकाल लेने के बाद भी ईवीएम से कोई डाटा गायब नहीं होता है।

## एसएसओ से मारपीट कर फाड़ी डेली लॉग शीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र में घुसकर एसएसओ से मारपीट की और लॉग शीट फाड़ दी। इसके बाद विद्युत कर्मियों से गालीगलौज कर धमकी दी और जबरन फीडर बंद कर दिया। अवर अभियंता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विद्युत उपकेंद्र रामाश्रम के अवर अभियंता रामकुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि तीन मई की सुबह लगभग 09.45 बजे ग्राम परीक्षितपुर सराय प्रयाग निवासी अंशुल, नितिन, आलोक, विनोद, चंदन सिंह अपने 15 साथियों के साथ विद्युत उपकेंद्र पर आए और एसएसओ ग्राम मौरा निवासी हरिनारायन को मारपीट कर घायल कर दिया। सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए डेली लांग बुक व अन्य दस्तावेज फाड़ दिए। सभी फीडर बंद कर विद्युत कर्मियों को धमकी दी। पुलिस ने अवर अभियंता की शिकायत पर पांच नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप


पीएसएम डिग्री कॉलेज में मतदान को जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### विकसित राष्ट्र के लिए अवश्य करें मतदान

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। विद्यार्थियों को मताधिकार के बारे में जानकारी दी और स्वस्थ लोकतंत्र व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपील की। छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के कानपुर पब्लिक स्कूल में एवं मकरंदनगर स्थित पीएसएम पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पदाधिकारियों ने सैकड़ो छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया। अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने एवं राष्ट्रवाद के साथ-साथ भारत को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान देने के लिए बताया गया। पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा ने बताया कि भारत युवाओं का देश है, सभी को शत प्रतिशत वोट करके मजबूत लोकतंत्र का एक संदेश देना चाहिए एवं लोकतंत्र के इस पावन पर्व को उत्साह के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पीएसएम पीजी कॉलेज के कार्यकर्ता विपिन, सुनील, विकास, गौरव, मीनाक्षी, शिल्पी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


मंडी छिबरामऊ का निरीक्षण करते एसपी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### एसपी ने मतदान कर्मी रवानगी व पुलिस के ठहरने के स्थल जांचे

**कन्नौज/ छिबरामऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को देखते हुए एसपी ने मतदान कर्मी रवानगी स्थल व पैरामिलेट्री के अलावा होमगार्ड व पुलिस के ठहरने के स्थल का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिये। कहा सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने शनिवार को नवीन मंडी छिबरामऊ पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्किंग, बैरिकेटिंग व सीसीटीवी कैमरों आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी तरह एसपी ने छिबरामऊ व थाना सौरिख क्षेत्र में सीआरपीएफ, होम गार्ड एवं पुलिस बल के ठहरने के लिये चिन्हित किये गये स्कूल, कॉलेजों का निरीक्षण किया। मूलभूत सुविधाओं जैसे शौचालय, स्नानागार, बिजली, जेनरेटर, पंखे की मौके पर जांच की गई। इस दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### माफियाओं का भाजपा ने किया सफाया : जया पाल

**कन्नौज।** प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने गुंडे-माफियाओं को पोषित किया, जबकि भाजपा सरकार ने इनका सफाया किया। आज स्थिति यह है कि गुंडे माफिया प्रदेश या फिर दुनिया छोड़ चुके हैं। अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओं को उनके गुनाहों की सजा मिली है, इसके लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को उनका हक व सम्मान दिलाया है। शनिवार को जीटी रोड स्थित सांसद कार्यालय पर प्रयागराज से आईं अधिवक्ता स्व. उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। उमेश पाल की अतीक अहमद के गुर्गों ने दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी थी। जया ने बताया कि उनके पति की हत्या के बाद मुख्यमंत्री ने सदन में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। उसके बाद उन्होंने वही किया। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद सुब्रत पाठक, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा, छिबरामऊ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चुनाव प्रशिक्षण से लौट रहे सफाई कर्मी की मौत

**सौरिख-कन्नौज।** औरैया से लोकसभा चुनाव ड्यूटी का प्रशिक्षण लेकर बाइक से लौट रहे सफाई कर्मी की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। प्रशिक्षण लेकर युवक जनपद मैनपुरी में अपने गांव जा रहा था। मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र गांव नगला बील (अर्जुनपुर) कैथोली निवासी राकेश चंद्र (50) पुत्र जहांगीरनाथ जनपद औरैया के थाना एरवा कटरा के गांव बढ़िन में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। शनिवार को लोकसभा चुनाव ड्यूटी में मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण लेकर विशंभर सिंह इंटर कॉलेज औरैया से वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी हादसा हुआ।

# पीठासीन, मतदान अधिकारियों को बताई गईं जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पोलिंग पार्टियों को दिया गया ईवीएम से मतदान कराने का प्रशिक्षण
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक निजी विद्यालय में मतदानकार्मिकों को ईवीएम से चुनाव कराने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों ने पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को उनके दायित्व बताए। साथ ही लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में सावधानी बरतने को कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। कहा कि निर्वाचन कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण पूरी लगन के साथ लें जिससे निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा ना आए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के संचालन की बारीकियां बताईं। मतदाता कार्मिकों को तीनों मशीनों को आपस में जोड़ने व मतदान में प्रयोग करने, मतदान के बाद उसे सील करने का प्रशिक्षण दिया गया।


प्रशिक्षण स्थल पर जानकारी करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल।

### 88 कार्मिकों ने मतपत्र से डाले वोट

प्रशिक्षण के दौरान ड्यूटी पर लगे मतदान कार्मिकों ने मतदाता सुविधा केंद्र पर डाक मतपत्र के माध्यम से कुल 88 कार्मिकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया गया है कि विधानसभा क्षेत्र 198-कन्नौज में 35, 196-छिबरामऊ क्षेत्र से 12, 197-तिर्वा इलाके में 38 और अन्य जनपद में कार्यरत कन्नौज जिले के तीन मतदाताओं ने मतदान किया। जनपद में ड्यूटी पर लगाए गए 214 कार्मिकों को शनिवार को ईडीसी चुनाव ड्यूटी प्रमाणपत्र वितरित किए गए। सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, बीएसए उपासना रानी वर्मा मौजूद रहीं।

## तेज रफ्तार कंटेनर ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कंटेनर को भगा ले गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम तरींद निवासी 60 वर्षीय बाबूराम शाक्य पुत्र करोड़ी लाल शनिवार की सुबह बाइक से रिश्तेदारी में जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज के ग्राम वर्ना खुर्द जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि वर्ना खुर्द में एक रिश्तेदार की मृत्यु हो गई थी, जिसमें मातमपुर्सी के लिए वह जा रहे थे। नगर के फर्रुखाबाद चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह रोड पर गिर गए। इसके बाद कंटेनर चालक उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में बाबूराम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# 333 बुजुर्ग-दिव्यांग ने दिया मत, वृद्धाश्रम में तीन वोट पड़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों और दिव्यांगों ने पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शनिवार को 18 पोलिंग पार्टियों को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किया गया और प्रारूप 12 भरने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों की वोटिंग कराई गई। देर शाम तक मतपेटियों को कोषागार के डबल लॉक में जमा कराया गया। दिव्यागंजन व 85 वर्ष से अधिक आयु के 333 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वृद्धाश्रम में भी 03 वृद्धजनों ने मतदान किया।


पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम में मतदान करता बुजुर्ग।

शनिवार सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार व प्रभारी अधिकारी (पोस्टल बैलेट) प्रमोद सिरोही ने 18 पोलिंग पार्टियों को तिर्वा, छिबरामऊ व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्रों में रवाना किया। पार्टियों ने प्रारूप 12 भरने वाले 85 साल से अधिक के बुजुर्गों के घर जाकर उनका वोट डलवाया तो दिव्यांगों के वोट भी डलवाए। जिले में 100 बुजुर्गों और 284 दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए आवेदन किया था। शाम पांच बजे तक वोटिंग कराने के बाद मतपेटियों को कोषागार के डबल लॉक में रखवाया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छह मई को भी मतदान कराया जाएगा। अभी मतपेटियों को कोषागार में रखवाया जा रहा है।

**जनमत** | 13 मई को मतदान कर जनता सुनाएगी अपना फैसला

# जनता की चुप्पी के आगे बेअसर हो रहे नेताओं के प्रलोभन

सरायप्रयाग-कन्नौज। लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती तेज हो गई है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों ने जनता की आवभगत शुरू कर दी है। प्रत्याशी सहित वोटों के ठेकेदार भी मतदाता की गणेश परिक्रमा कर रहे है। ध्रुवीकरण के लिए साम, दाम, दंड, भेद का फार्मूला भी गांव से लेकर शहरों तक खूब चल रहा है। इधर, जनता अब जागरूक हो चुकी है और सब जानती है। मतदाता चुप्पी साधे है और वोट की चोट कर जनप्रतिनिधियों के भाग्य का फैसला सुनाएगा। पेश है सराय प्रयाग संवाददाता सतेन्द्र कुमार की जनता से की गई बातचीत...

### युवाओं की मेहनत पर सरकार ने फेरा पानी



ग्राम इस्माइलपुर निवासी अगम कुमार दुबे का कहना है कि सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई। परीक्षा के नाम पर युवाओं से धनउगाही कर भटकाया गया है। कड़ी मेहनत कर युवाओं ने परीक्षा की तैयारी की जिस पर सरकार की नीतियों ने पानी फेर दिया। ऐसा कोई चुना जाएगा जो समस्या का समाधान करे।

### एमएसपी लागू न होने से किसान परेशान



ग्राम आदिनगर अमर सिंह यादव बताते है कि सरकार की नीतियों से खुश नहीं है। युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। किसानों के हित में कोई कार्य नहीं हुआ। खाद, बीज, दवा, बिजली, पानी पर छाई महंगाई ने किसानों को परेशान किया है। एमएसपी लागू न होने से फसल की लागत भी नहीं मिल पाई है।

### हाईवे निर्माण से सुगम हुआ आवागमन



ग्राम विशंभरपुर निवासी प्रेम चन्द राजपूत केंन्द्र सरकार के विकास कार्यों से खुश हैं। सरकार ने हाईवे का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम किया है लेकिन किसानों के हित में फैसले लेने चाहिए थे। सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अन्ना पशु सबसे बड़ी परेशानी बने हैं। निराकरण होना चाहिए।

### रामलला की स्थापना से हुई सनातन की जीत



ग्राम रोहली निवासी सतेंद्र सिंह सरकार के कार्यों से खुश हैं। कहते हैं कि सरकार ने ऐतिहासिक कार्य कर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। अयोध्या में रामलला की स्थापना से सनातन धर्म की जीत हुई है। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे फैसलों ने देश का मजबूत करने का कार्य किया है।

### मुफ्त राशन देकर जनता को किया गुमराह



ग्राम फखरपुर निवासी रमेश चंद्र सविता का कहना है कि सरकार ने जनता को मुफ्त राशन देकर गुमराह किया है। जमीन पर कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। जनता की सुविधा के लिए न तो अस्पताल की व्यवस्था की गई और न शिक्षा के लिए राजकीय इंटर व डिग्री कॉलेज की स्थापना कराई गई।

# चार युवतियां लापता एफआईआर हुई दर्ज

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- अलग-अलग क्षेत्रों से लापता हुईं युवतियां

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों पर चार युवतियां गायब हो गईं। अपहरण व गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शाहजहांपुर निवासी युवक ने बताया कि वह परिवार के साथ पानीपत में रहता है। बड़ी बहन की गुरसहायगंज के मोहल्ले में ससुराल है। वह बहन की ननद की शादी में शामिल होने के लिए 22 अप्रैल को छोटी बहन (20) के साथ आया था। तीन मई को सुबह लगभग 06 बजे बिहार के बेटिया, थाना बेरिया ग्राम सादवा निवासी संजय कुमार पुत्र शंभू शाह बहन को भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में मोहल्ला निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पड़ोसी युवक अनस 02 मई की सुबह लगभग 04 बजे उसकी 21 वर्षीय पुत्री को ले गया। पुत्री अपने साथ सोने चांदी के जेवर भी ले गई। तीसरे मामले में ग्राम निवासी युवक ने बताया कि उसकी 29 वर्षीय पत्नी एक मई की सुबह 09 बजे घर से छिबरामऊ जाने की बात कहकर स्कूटी से गई थी जो वापस नहीं लौटी। पति ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। इसी प्रकार नगर के मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री तीन मई की दोपहर लगभग 02 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसमें भी गुमशुदगी दर्ज की गई है।

## हलधर किसान यूनियन ने ज्ञापन सौंपकर उठाई किसानों की समस्याएं

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को भारतीय हलधर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सोनू सिकरवार के नेतृत्व में तहसील पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के पेशकार धर्मेंद्र अग्निहोत्री को सौंपा। उन्होंने मांग की कि किसान आयोग का गठन कराया जाए, स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू की जाए, सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाए, डेम एवं नहरों व माइनरों की सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए, किसानों की उपज का सही मूल्य दिलाया जाए, कृषि उपकरणों पर अनुदान उपलब्ध कराया जाए, समस्त जनपदों में तैनात लिपिक और अधिकारियों की पटल बदली भी की जाए। इस दौरान कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वोट जिहाद की बात करना लोकतंत्र को कलंकित करना: मुख्यमंत्री

## कमालगंज के रामलीला मैदान में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** वोट जिहाद की बात करके इंडिया गठबंधन के नेता लोकतंत्र को कलंकित कर रहे हैं। यह बात शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। वह कमालगंज के रामलीला ग्राउंड में भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत की चुनावीसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के समय गरीबों को कोई योजना का लाभ नहीं मिल पता था। आतंकवाद और नक्सलियों का खात्मा हुआ है। कहीं विस्फोट होता था तो कांग्रेस की सरकार कहती थी सीमा पार का हाथ है। आज पाकिस्तान सफाई देता है मेरा हाथ नहीं है। नए भारत में आप देख रहे हैं। 2020 में आया था। गंगा पुल बनबाया। अब फर्रुखाबाद एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। हर घर नल योजना के साथ 80 करोड़ को फ्रीराशन मिल रहा है। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कांग्रेस सपा नहीं करा सकते थे। मोदी जी के मार्गदर्शन में हुआ। नए भारत में किसान गरीब महिलाओं का सम्मान हैं।



चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सीएम योगी ने कहा कि सपा कांग्रेस भारत का इस्लामीकरण करने की साजिश कर रहे है। उसी साजिश के तहत वोट जिहाद की बात कही जा रही है। वोट में जिहाद नहीं होता है। दुनिया के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हमें वोट करना होता है। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के हक पर डकैती डालने वाले अब वोट जिहाद की बात कर रहे हैं। भारत की धरती राम और कृष्ण की धरती है जिहाद की धरती नहीं है। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया है।

अपराधी और माफिया का राम नाम सत्य भी हो रहा है। आज वह बाबा महाकाल की धरती उज्जैन से होकर आए हैं। हर जगह भगवा लहरा रहा है। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दौरान पिछड़ा व अनुसूचित वर्ग के आरक्षण पर डकैती डालने का प्रयास किया गया था। जस्टिस रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी के माध्यम आरक्षण पर डकैती डालकर धार्मिक आधार पर आरक्षण देने की साजिश हुई थी। बाबा साहब कभी धार्मिक आरक्षण के पक्ष धर नहीं रहे। इस मौके पर लोकसभा उम्मीदवार मुकेश राजपूत तथा सभी जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

आत्मनिर्भर भारत का मतलब सब आत्मनिर्भर होंगे। उनके आत्मनिर्भर होने का मतलब विकसित भारत यह विकसित भारत की संकल्पना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चौथेचरण में मतदान कर यहां के भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को जितना है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी को लाने के लिए मुकेश को विजयी बनाना है। विकास सुरक्षा हमारी गारंटी है।

### योगी को दिखाया चुनाव के बहिष्कार का बैनर

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज के रामलीला मैदान में भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत की चुनावी सभा को सम्बोधित करने आये प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को शमसाबाद विकास खण्ड के गांव सहसा जगदीशपुर के लोगों ने मतदान के बहिष्कार का बैनर दिखाया। बैनर देखते ही सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के होश उड़ गए। आननफानन में पुलिस ने बैनर छीन लिया। सभा स्थल पर बैनर लेकर गांव वाले कैसे पहुंचे यह बात चर्चा का विषय बनी हुई है।



कमालगंज के रामलीला मैदान में हुई सभा में मौजूद भीड़। अमृत विचार

### सीएम को दिखाया पुलिसकर्मी के शराब पीते का चित्र

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज के रामलीला मैदान में जिस समय सीएम योगी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उसी समय कुछ लोगों ने सीएम को पुलिसकर्मी का शराब पीते हुए पोस्टर दिखा दिया। पुलिस ने आननफानन पोस्टर छीन लिया। बताया गया कि यह फोटो कमालगंज के थानाध्यक्ष का है। अमृत विचार फोटो की पुष्टि नहीं करता है। लोगों द्वारा दिखाया गया पोस्टर सभा स्थल पर चर्चा का विषय बना रहा।



सीएम को दिखाया गया चित्र




सभा में मंचासीन जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# खेत में किसान की गोली मार कर हत्या

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मक्का की फसल की रखवाली करने गया था किसान, मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खेत में खड़ी मक्का की फसल की रखवाली कर रहे किसान की गोली मार कर हत्या कर दी गई। किसान की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।



जांच-पड़ताल करते एएसपी संजय सिंह। अमृत विचार

थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी सनोज उर्फ मटरू (24) पुत्र रामरतन ने अपने खेत में खड़ी मक्का की फसल की रखबाली करने के लिए मचान बना लिया था। वह रात के समय मचान पर ही लेट कर अन्ना पशुओं से फसल की रखवाली करता था। रोज की भांति सनोज घर से खेत पर चला गया। जब सुबह गोली चलने की आवाज आई तो परिजन मौके पर पहुंचे। देखा तो सनोज का शव मचान पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर सीओ अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। फिंगर प्रिंट टीम ने नमूने भरे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के भाई पुष्पेंद्र की तहरीर पर अज्ञात हत्यारोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतक के भाई पुष्पेंद्र ने बताया उसके भाई की गोली मारकर हत्या की गई है। उसका कहना है जंगली जानवरों और जहरीले कीड़े से बचने के लिए उसने मचान बना रखा था। मचान पर ही लेट कर फसल की रखवाली करता था। कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पुत्र की मौत, मां गंभीर घायल

संवाददाता नवाबगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पुत्र की मौत हो गई, मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव भगौना निवासी निर्देश कुमार(23) शनिवार को मां गोमती देवी को बाइक पर बैठाकर गांव कछपुरा निवासी चचेरी बहन मीरा देवी को देखने जा रहा था। वीरपुर मार्ग पर कोल्ड स्टोरेज के सामने तेजी से आ रहे मौरंग लदे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। निर्देश सहित मां गोमती देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। निर्देश के सिर पर गंभीर चोट आई। वह हेलमेट नहीं लगाए था। वहीं गोमती देवी के पैरों के ऊपर से पहिया निकलने से उनके दोनों पैर टूट गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी लेकर गई। वहां डॉक्टर विशिष्ट कटियार ने निर्देश को मृत घोषित कर दिया। गोमती देवी की हालत गंभीर होने पर उनको लोहिया असपताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। भाई कुलदीप, सुमित कुमार, भूपेंद्र कुमार, बहन अंजली व पिता कृपाराम को रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## सार-संक्षेप

### थानाध्यक्ष की मैगजीन व कारतूस गायब!

**फर्रुखाबाद।** थानाध्यक्ष की सरकारी पिस्टल की एक मैगजीन व कारतूस अचानक गुम हो गये। इससे पुलिस कर्मियों में हड़कंप है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के थानाध्यक्ष के लिए आवंटित पिस्टल की मैगजीन व कारतूस 4-5 दिन से गायब है। जब इसकी जानकारी थाने के पुलिस कर्मियों को हुई तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गयी। खोई हुई मैगजीन और 10 कारतूस की तलाश शुरू की गयी। कई दिनों से भीतर ही भीतर उनकी तलाश चल रही है। थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडेय ने बताया कि मैगजीन और कारतूस खोये नहीं थे। मुंशी ने गलत तरीके से दूसरी रैक में रख दिया था। वह मिल गये हैं।

### आरोपी की निशानदेही पर लूट का मोबाइल बरामद

**फर्रुखाबाद।** रेलवेकर्मी से लूटा गया मोबाइल पुलिस ने रिमांड पर लिए गए आरोपी की निशानदेही पर बरामद कर लिया। आरोपी मैनपुरी जेल में बंद था। पुलिस ने उसको 48 घंटे की रिमांड पर लिया था। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव अर्रापहाड़पुर निवासी अंकुर प्रताप सिंह टूंडला रेलवे स्टेशन पर तैनात हैं। वह 15 जनवरी को टूंडला से बाइक से वापस आ रहे थे। मदनपुर के निकट मरहाला के पास बदमाशों ने मारपीट कर बाइक, मोबाइल व नकदी लूट ली थी। पुलिस ने इस मामले में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। अंकुर ने एसपी विकास कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे को लूट में तरमीम किया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया और घटना का खुलासा कर दिया था। दूसरे आरोपी के बारे में विवेचक ने छानबीन की तो पता चला कि जनपद मैनपुरी थाना बेवर गांव जल्लापुर निवासी प्रवीण कुमार यादव उर्फ सीटू मैनपुरी जिला जेल में बंद है। विवेचक ने आरोपी को रिमांड में लेने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट से 48 घंटे की रिमांड मंजूर हो गई। पुलिस ने जेल से प्रवीण को दो मई को रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर नलकूप के पास से मोबाइल बरामद कर लिया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया मतदान जागरुकता का संदेश

**फर्रुखाबाद।** सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, को लेकर शनिवार एनसीसी गर्ल्स बटालियन ने नुक्कड़ नाटक व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। कायमगंज यूनिट 4 यूपी .गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ सब यूनिट शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान कायमगंज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### दिव्यांगों के लिए खरीदी गईं व्हीलचेयर

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर के बूथों के लिए स्वास्थ्य विभाग से व्हीलचेयर कर्मचारियों को सौंप दी गईं। कस्बों के बूथों पर भी व्हीलचेयर भेजी जाएंगी। जनपद में सांसद चुनने के लिए 13 मई को 1527 बूथों पर मतदान होगा। सभी बूथों पर दिव्यांगों को कोई दिक्कत न हो, वह सम्मान से मतदान कर सकें, इसके लिए प्रशासन ने व्हीलचेयर की व्यवस्था की है। शहरी बूथों पर व्हीलचेयर स्वास्थ्य उपलब्ध करायेगा। जबकि ग्रामीण क्षेत्र के बूथों की दिव्यांग कल्याण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके चलते सीएमओ कार्यालय से जेम पोर्टल से कुल 159 व्हीलचेयर खरीदी गईं। एक व्हीलचेयर की कीमत करीब 37500 रुपये बताई जा रही है। इसमें 133 व्हीलचेयर की धनराशि रेड क्रास सोसाइटी से खर्च की गई, जबकि 26 व्हीलचेयर स्टेट बजट से खरीदी गईं। इससे स्वास्थ्य विभाग के पास 200 व्हीलचेयर की व्यवस्था हो गई है। शहर के बूथों के लिए ड्यूटी में लगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को व्हीलचेयर सौंप दी गई।

# ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाई, चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पत्नी से विवाद के चलते ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली के मोहल्ला पल्ला तालाब पश्चिम निवासी 27 वर्षीय राजीव राठौर पुत्र राकेश कुमार ई-रिक्शा चलाने का कार्य करता था। उसका पत्नी सलोनी से विवाद चल रहा था। जिसके चलते पत्नी मायके कमालगंज चली गयी। राजीव की मां मुन्नी देवी ने बताया कि राजीव की पत्नी सलोनी नें पल्ला चौकी में शिकायत की। उसके बाद मायके चली गयी। उसी विवाद के चलते राजीव तनाव में आ गया। मुन्नी देवी के अनुसार रात में राजीव नें खाना खाया और ऊपरी मंजिल पर बने अपने कमरें में सोने चला गया। सुबह जब राजीव की मां उसको उठाने गयी तो वह पत्नी की साड़ी से पंखे पर लटक रहा था। मौके पर पल्ला चौकी प्रभारी योगेश कुमार व शहर कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा मौके पर पहुंचे और जांच की। शहर कोतवाल जेपी शर्मा नें बताया कि जांच की जा रही है। मृतक शराब पीने का आदी था और पत्नी से विवाद चल रहा है।

# प्रशिक्षक ट्रेनिंग के लिए दो खिलाड़ियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद।** दो होनहार खिलाड़ियों का एनआईएस प्रशिक्षक ट्रेनिंग के लिए चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी नेताजी सुभाषचंद्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में हॉकी का प्रशिक्षण लेंगे। राज्य स्तरीय हॉकी खिलाड़ी शबनम शाक्य और अजय माथुर का चयन हॉकी ट्रेनिंग के लिए हुआ है। दोनों ने कहा माता-पिता के आशीर्वाद, कोच के सानिध्य में अभ्यास के चलते ही उन्हें यह सफलता मिली है। हॉकी कोच सत्यम मिश्र, हॉकी इंडिया के जिला सचिव अवनींद्र सक्सेना व कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बंद घर से हो गई लाखों की चोरी

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पटवनगली चौबे कंपाउंड में रिटायर्ड प्रधानाचार्य के घर से लाखों रुपये की चोरी की घटना से हडकंप मच गया। मोहल्ला पटवनगली स्थित चौबे कंपाउंड निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरके दुबे अपनी पत्नी को दिखाने कानपुर गए थे। शुक्रवार की सुबह उनके घर झाड़ू पोछा करने पहुंची महिला ने मुख्य गेट का ताला टूटा देखा तो वह घबरा गई और पड़ोसियों को जानकारी दी। ताले टूटे होने की जानकारी गृहस्वामी और पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां देखा कि नीचे के हिस्से के अलावा ऊपरी मंजिल के भी ताले टूटे थे। पुलिस ने घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिसमें दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए सरिया से दरवाजा तोड़ते नजर आए। कैमरे में देखा गया पहले चोरो ने गली में घूम घूम कर चारो ओर देखा। उसके बाद चोर रिटायर्ड शिक्षक के घर के सामने वाली गली में भी गए। जब कुछ परखने के बाद उन्होंने शिक्षक के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उसके बाद वह निकल गए। पुलिस ने मोहल्ले वासियों के साथ सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए दोनों युवको की पहचान की कोशिश की। इस पर पुलिस ने मोहल्ले के ही कुछ संदिग्ध को निगरानी में लेकर पूछताछ कर रही है। वही आज सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरके दुबे जब जानकारी दी गई। तो वह आज लगभग 1 बजे के बाद वापस आये तो घर के दरवाजो के ताले टूटे देखे तो उनके पैरों तले जमीन खिसख गयी। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आरके दुबे ने बताया कि लाखो रुपए की चोरी हुई है जिसमें जेवरातों सहित 3 लाख रुपये नकद ले गए है ।चोरों की सारी गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है ।वही एक कैमरे तरफ अपना चेहरा दिखा कर कपड़ा बांध रहा था ।



बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

राजनीति

## कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार दर्ज की है जीत, वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के मूलचंद्र दुबे को मिली थी सफलता

# लोस चुनाव : सपा, जनता पार्टी एक-एक व भाजपा दो बार हैट्रिक से चूकी

वैभव तिवारी, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आजादी के बाद जनपद में हुए लोकसभा चुनाव के इतिहास पर नजर डाली जाए तो शुरुआती दौर में कांग्रेस हावी रही है। कांग्रेस ने सर्वाधिक आठ बार जीत दर्ज की, जिसमें हैट्रिक भी शामिल है। वहीं सपा और भाजपा ने दो-दो बार जीत तो दर्ज की, लेकिन हैट्रिक नहीं लगा पाईं। 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा हैट्रिक के द्वार पर खड़ी है। अब देखना यह है कि क्या भाजपा चुनावी गेंद से कांग्रेस व सपा के महागठबंधन प्रत्याशी को आउट कर हैट्रिक लगा पाएगी।



वर्ष 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से मूलचंद्र दुबे ने चुनावी ताल ठोकते हुए पहली जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने हैट्रिक लगाते हुए वर्ष 1962 तक फर्रुखाबाद लोकसभा की सीट कांग्रेस की झोली में ही रखी। मूलचंद्र दुबे की मौत के बाद वर्ष 1963 में हुए उप चुनाव में समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से फर्रुखाबाद से जीत हासिल की थी। वर्ष 1967 में कांग्रेस ने फिर पलटवार किया और अवधेशचंद्र राठौर सांसद बन गए। वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में भी अवधेशचंद्र राठौर ने कांग्रेस की झोली में ही जीत रखी। वर्ष 1977 में कांग्रेस दोबारा हैट्रिक के लिए तैयार थी, लेकिन जनता पार्टी के दयाराम शाक्य ने कांग्रेस से जीत छीन ली। वर्ष 1980 में दयाराम शाक्य ने जीत का सिलसिला जारी रखा, लेकिन वर्ष 1984 में भाजपा हैट्रिक लगाने से चूक गई। कांग्रेस के खुर्शीद आलम खान विजयरथ पर सवार हो गए। 1989 के लोकसभा चुनाव में जनता दल के संतोष भारतीय के सिर जीत का सेहरा बंधा। वर्ष 1991 के चुनाव में पहली बार पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद चुनाव मैदान में उतरे और जीत हासिल की। वर्ष 1996 व 1998 में भाजपा से सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने जीत का परचम फहराया। 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टिकट बदली तो साक्षी महाराज ने बगावत करते हुए भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा। नतीजा पहली बार सपा से चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू चुनाव जीत गए, जो 2004 में भी सपा से विजेता रहे। वर्ष 2009 के चुनाव में सपा हैट्रिक लगाने के द्वार पर खड़ी थी, लेकिन बसपा के कद्दावर नेता नरेशचंद्र अग्रवाल के चुनाव मैदान में होने से कांग्रेस के सलमान खुर्शीद जीत गए। सपा से चुनाव लड़ रहे चंद्रभूषण सिंह तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 व 2019 में भाजपा के मुकेश राजपूत ने जीत दर्ज की। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा हैट्रिक के द्वार पर खड़ी है और मुकेश राजपूत प्रत्याशी हैं। देखते हैं क्या भाजपा हैट्रिक लगाकर कांग्रेस के रिकार्ड की बराबरी कर पाएगी।

## फ्लैश बैक: डॉ. राम मनोहर लोहिया ने दो सभाएं करके चखा था जीत का स्वाद

डॉ. राम मनोहर लोहिया ऐसे प्रत्याशी रहे, जिन्होंने वर्ष 1963 में हुए लोकसभा उप चुनाव में मात्र दो सभाएं करके ही जनता के दिलों में ऐसी छाप छोड़ी कि जब नतीजा आया तो उन्होंने कांग्रेस जैसी पार्टी के प्रत्याशी को हराकर सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

समाजवाद के पुरोधा कहे जाने वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया। वर्ष 1962 में कांग्रेस सांसद मूलचंद्र दुबे की मृत्यु के बाद 1963 में फर्रुखाबाद में लोकसभा उप चुनाव हुआ तो डॉ. राममनोहर लोहिया संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे। डॉ. राम मनोहर लोहिया के प्रस्तावक बने मोहल्ला बजरिया निवासी स्व. श्याम प्रकाश गुप्ता के पुत्र पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विश्वास गुप्ता बताते हैं कि रेलवे रोड पर बंगाली होटल था, जिसमें कांग्रेस विरोधी लोग बैठक करते थे। इसी बैठक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की टिकट से डॉ. राम मनोहर लोहिया को चुनाव लड़ने पर श्याम प्रकाश गुप्ता व अन्य गणमान्य लोगों ने हामी भरी। कांग्रेस से डॉ. बालकृष्ण केसकर चुनावी मैदान में थे। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार प्रसार में इंदिरा गांधी ने पटेल पार्क में जनसभा की। हेलीकॉप्टर से उनके समर्थन में पर्चे भी उड़ाए गए। डॉ. राम मनोहर लोहिया के समर्थन में मुलायम सिंह यादव, जार्ज फर्नांडिस, जनेश्वर मिश्र व हबीबा बानो आदि प्रचार करने आए थे। डॉ. लोहिया ने पहली सभा रेलवे रोड स्थित सरस्वती भवन में की और दूसरी सभा उन्होंने नाव से गंगा नदी पार कर राजेपुर में जाकर की थी। इन्हीं दो सभाओं में ऐसा जादू हुआ कि फर्रुखाबाद की जनता ने डॉ. लोहिया को 57 हजार वोटों से जिताकर संसद भेज दिया।

### फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के विजेता

| वर्ष | विजेता | दल |
|---|---|---|
| 1952 | मूलचंद दुबे | कांग्रेस |
| 1957 | मूलचंद दुबे | कांग्रेस |
| 1962 | मूलचंद्र दुबे | कांग्रेस |
| 1963 | डॉ. राम मनोहर लोहिया | संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 | अवधेश चंद्र सिंह राठौड़ | कांग्रेस |
| 1971 | अवधेश चंद्र राठौर | कांग्रेस |
| 1977 | दया राम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1980 | दयाराम शाक्य | जनता पार्टी |
| 1984 | खुर्शीद आलम खान | कांग्रेस |
| 1989 | संतोष भारतीय | जनता दल |
| 1991 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 1996 | साक्षी महाराज | भाजपा |
| 1998 | साक्षी महाराज | भाजपा |
| 1999 | चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू | सपा |
| 2004 | चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू | सपा |
| 2009 | सलमान खुर्शीद | कांग्रेस |
| 2014 | मुकेश राजपूत | भाजपा |
| 2019 | मुकेश राजपूत | भाजपा |

# विवाहः पवित्र सामाजिक संस्कार



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋ षि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है,लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है,लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है। उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है।

ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है। जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारो ओर सात चक्कर लगाने की परंपरा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से संबद्ध करते हैं।" स्तुति है कि, "हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,''यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, ''इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परंपरा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। संभावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमंत,शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धो के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है? ''युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है।

माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, "इदं नमः ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृदभ्यः-ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।" (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, "वह सभा सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं। जो धर्मतत्व नहीं जानते।" उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परम्परा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

# गलत कार्यों से कमजोर होता है आत्मबल

नाटक हो या सिनेमा का पर्दा। नायक के आते दर्शकों की तालियां बजने लगती हैं। इसमें वह भी शामिल होता है जिसका स्वयं का जीवन सामान्य नहीं क्रूरतम अपराधों का रहा। वह जेल तक गया और सजा की अवधि पूर्ण कर बाहर आया। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि हर दर्शक के मन में नायक के प्रति लगाव होता है। लगाव का कारण स्पष्ट है,क्योंकि नाटक और फिल्म में जो खलनायक होता है,वह निकृष्ट भूमिका में होता है। हर तरह के गलत कामों को अंजाम देता है,लेकिन जब वह नायक के सामने पड़ता है तब उसका आत्मबल क्षीण होने लगता है। अपने खलनायकी स्वभाव के चलते वह नायक से मोर्चा लेता है। जब कभी नायक के पराजित होने का दृश्य दिखाई पड़ता है तब दर्शकों की सांसें ठहर-सी जाती हैं। मन ही मन नायक के लिए दर्शक दुआ करने लग जाते हैं। दृश्य बदलता है। कुछ ही पलों में नायक भारी पड़ने लगता है और खलनायक को मारने लगता है तब दर्शकों की ओर से आवाज भी आने लगती है और मारों इसको। हालांकि इस आवाज का कोई मतलब नहीं होता। नाटक और फिल्म की कहानी तो पहले ही तय हो चुकी है,लेकिन आवाज लगाने वालों को आंतरिक सुकून अवश्य मिलता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब जरा पर्दे से हटकर निजी जीवन की भूमिका पर नजर डाली जाए तो क्या ऐसा होता है कि किसी भी क्षेत्र में गलत रोल अदा करते समय मन यह कहता है कि कोई नायक आए और उसे फिल्म वाले नायक की तरह प्रताड़ित करे? उत्तर शायद ही 'हां' में आए,क्योंकि 'हां' का उत्तर यदि आएगा तब खुद ही मन रुक जाएगा कि गलत कामों का परिणाम गलत ही मिलता है,लेकिन निजी जीवन में तो यही महसूस होता है कि किसी को गलत कार्य किया जाएगा। इतनी सावधानी बरती जाएगी कि किसी को इसकी जानकारी लग पाएगी। देखा जाता है कि मन द्वारा बताए जाने के बावजूद नियम विरुद्ध गलत काम करने में जो खुद को ज्ञाता और पढ़े-लिखे तथा होशियार मानते हैं,वे इसलिए कदम बढ़ा देते हैं,क्योंकि उन्हें मालूम है कि यदि किसी संकट में वे फंसेंगे तो बचाव के लिए वे मददगार खरीद लेंगे। इस तरह वे गलत कार्यों की ओर बढ़ जाते हैं और बच भी जाते हैं,लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि एक अज्ञात भय तो मन में समा ही जाता है।

गलत कार्यों की जानकारी संभव है कि किसी अन्य को नहीं हो सके,लेकिन खुद के मन को तो मालूम है कि नियम विरुद्ध गलत कार्य किया गया है। जब कभी खुद को होशियार मानने वाले के गलत कार्यों का खुलासा होता है और वह कानून के शिकंजे में फंसता है तब उसी तरह की गलती और अपराध करने वाले अन्य लोगों का भी मन भयाक्रांत होने लगता है। इस भय से शरीर पर कितना कुप्रभाव पड़ता है, इसका आकलन किया जाए तो गलत कार्यों से जो लाभ या सुख मिला है, वह बहुत छोटा ही होता है। धीरे-धीरे मन चोर की तरह होने लगता है। इसे ही कहते हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका।' मन में चोर-भाव आते ग्लानि के साथ आत्मबल गिरता है जिसका आत्मबल कमजोर होता है, उसकी स्थिति फिल्म और नाटक के खलनायक जैसी हो जाती है। इसीलिए इतने खूबसूरत जीवन में कार्य ऐसा ही करना चाहिए कि जब खुद अपने कार्यों का मूल्यांकन करने की ईमानदार-कोशिश हो तो मन 'वाह' कहे न कि धिक्कारें। ऐसे लोग नायक जैसे होते हैं। जहां जाते हैं वहां उनके आभामंडल का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि लोगबाग मन से खुशी की तालियां बजाने लगाते हैं जबकि खलनायक प्रवृत्ति के लोगों के लिए तालियां प्रायोजित करनी पड़ती है।

# वनाग्नि का हो स्थायी समाधान



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे।

बीते कई दिनों से संपूर्ण उत्तराखंड से लेकर जम्मू कश्मीर की यात्रा पर हूं। रास्ते भर सुंदर प्राकृतिक नजारे मिल रहे हैं, लेकिन उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में जंगलों में आग लगने के दृश्य विचलित करने वाले हैं। दरअसल आग को लगातार धधकने के लिए ऑक्सीजन चाहिए और जंगलों में इसकी कोई कमी नहीं। तभी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए जंगलों का रुख करते हैं।

उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में चीड़ के पेड़ बहुत है और आग फैलाने में इनका बड़ा योगदान है। गर्मी का समय से पहले बढ़ जाना आग लगने का दूसरा प्रमुख कारण है। तीसरा कारण है ईंधन। जब जंगलों में पत्तियां सूखी हुई हों तो एक छोटी सी चिंगारी भी दूर-दूर तक फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती हैं। आग लगाने से नई घास आती है इसलिए जंगलों में आग लगा दी जाती है ताकि चारे के लिए अच्छी घास मिले। जंगल के आसपास की आबादी में जब कूड़ा जलाया जाता है तो यह भी आग लगने का कारण बनता है। कैंप फायर भी वनाग्नि की बड़ी वजह है। निम्न हिमालय में पौधों की प्रजाति, आबादी और मानव गतिविधियों के कारण आग फैलना आसान हो जाता है।

एफआरआई की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित हैं। बैसाखी के आसपास गेहूं की फसल कटाई के बाद जब अगली फसल बोने से पहले खेतों में आग लगाई जाती है तो यह आग भी जंगलों तक फैल जाती है। इस दौरान गर्मी भी शुरू हो जाती है और शुष्क हवा भी चलती है, जो आग को फैलाने में मददगार होती है। जलते जंगलों की पीड़ा नई बात नहीं है। पिछले लगभग तीस पैंतीस साल से हमारे जंगल धधक रहे हैं। हर साल यह बात उठती है मगर नीति निर्धारित होने तक लाखों हेक्टेयर जंगल जलकर भस्म हो जाते हैं। जल, जंगल और जमीन, यही धरोहर है इस पर्वतीय राज्य की। इसी के दम पर हम ग्रीन बोनस की उम्मीद करते हैं। आरक्षित वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उत्तराखंड का लगभग दो तिहाई हिस्सा जंगल ही है।

राज्य में वन व्यवस्था की शुरुआत कमिश्नर ट्रेल द्वारा 1823 में की गई थी, जिन्हें कुमाऊं में ब्रिटिश शासन का संस्थापक माना जाता है। 1826 में ट्रेल ने वन उत्पादों पर भी भू राजस्व की तरह शुल्क लगाने की वकालत करते हुए वनों की संपत्ति को राज्य संपत्ति घोषित कर वनों से लकड़ी आदि लाने पर टैक्स लगा दिया। इससे पूर्व 1824 में तराई के साल के जंगलों को पूर्णतः संरक्षित कर दिया। तत्कालीन कुमाऊं कमिश्नर सर हेनरी रैम्जे द्वारा जंगलों की ठेका प्रथा को बंद करवा दिया गया था। भारत में वन अधिनियम लागू होने से पहले ही सर रैमजे ने तराई-भावर में साल के वृक्षों से छेड़छाड़ को रोकने और उन्हें संरक्षित करने के उद्देश्य से सन् 1855 में ही कुमाऊं में इसे लागू कर दिया था। 1861 में वन व्यवस्था प्रारंभ हुई। 1865 में लागू हुए भारतीय वन अधिनियम के अनुसार सभी वन सरकार के अधिकार में आ गए और अंधाधुंध कटाई पर रोक लगी।

देहरादून में एक हफ्ते पहले हुई बारिश से थोड़ा राहत उस क्षेत्र में जरूर मिली, लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग एक ज्वलंत समस्या है। आज राहत देने वाले पहाड़ लगातार तप रहे हैं। जिन पहाड़ों में हम कुछ सालों पहले तक गर्मियों में प्राकृतिक ठंडी हवा का आनंद लेते थे, वहां आज पंखे, ए सी के बिना काम नहीं चल रहा है। मुनस्यारी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में भी जाड़ों में बर्फबारी का न होना अच्छा संकेत नहीं है। मार्च के महीने में मुन्स्यारी यात्रा के दौरान वहां भी अपने कमरे से दूर पहाड़ी में वनाग्नि देखकर मन व्यथित हुआ था। तीन दिन तक लगातार जंगल को हुए जलते देखा। इसी तरह अल्मोड़ा में कोसी, गगास, राम गंगा, सुयाल जैसी नदियों के आसपास के जंगलों में सालों से आग लगने की घटनाएं देखी जा रही हैं। नदियों का जल स्तर तो लगातार कम हो ही रहा है,साथ में प्राकृतिक स्रोत भी सूख रहे हैं।

स्थानीय लोगों में समझदारी और उनका सहयोग भी जरूरी है। नहीं तो उनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाए। कुछ ऐसी पारिस्थितिकी परिस्थिति उत्पन्न की जाए कि आगजनी के मामले घटे। फायर वाचर की भूमिका महत्वपूर्ण है। आग लगने का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि खेतों में होने वाले खरपतवार और घास को काटकर जलाया जाता है और अप्रैल के महीने में गर्मी के बढ़ने से जब तेज हवा चलती है तो यह चिंगारी फैलकर जंगलों में पहुंच जाती है। पहाड़ों में चीड़ के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं और इनके पत्ते यानि पिरूल बहुत ही तेजी से आग पकड़ते हैं। जंगलों में आग लगने से पेड़-पौधे वनस्पति ही नहीं धधक रहे हैं, बल्कि करोड़ों रुपए का टिंबर का कारोबार भी खत्म हो गया है। आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट ऐसा कहती है कि कई पशु-पक्षियों ने जंगल छोड़ दिया है। अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान मैंने जंगलों में फलों के पेड़ में बहुत कम फल देखे। नतीजतन यहां रहने वाले बंदर और दूसरे पशु शहरों की तरफ, मंदिरों, दुकानों और घरों के आसपास अधिक दिखाई दिए। पेट की आग तो उन्हें भी बुझानी है। जंगल में कुछ नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक तौर पर शहर की ओर आएंगे। गुलदार और तेंदुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

गर्मी के मौसम में सूखा पिरूल आग भड़काने का काम करता है। इसे गर्मी का मौसम शुरु होने से पहले ही हटाने की आवश्यकता है जबकि हमारी व्यवस्था की सबसे बड़ी खामी यह है कि योजना जंगलों के जलने के बाद बनती है। जगह-जगह उग आए चीड़ के बेहिसाब वृक्ष कई बार घाटे का सौदा साबित होते हैं। इसलिए चीड़ के जंगलों का फैलाव कम कर बांज, ओक जैसी अन्य वनस्पतियों का रोपण किया जाना आवश्यक है, जो नमी को सोखने और रोकने में मददगार हों। सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि समाधान हमें पूर्व में ही सोच कर रखना होगा। यह नहीं कि आग लगने पर पानी लेकर दौड़ें।

## प्रथम कर्तव्य देशहित

कोहम-मैं कौन हूं-मेरा स्वकर्तव्य क्या है, यह हर व्यक्ति को गंभीरता पूर्वक आज निश्चित करने की आवश्यकता है,एक व्यक्ति एक साथ बहुत कुछ होता है। किसी का भाई,किसी का बेटा,किसी का पिता। उसका कुछ वर्ण हो सकता है,संप्रदाय हो सकता है आदि आदि पर उसकी मूल पहचान क्या है जिसमे सब कुछ समाहित हो जाए। स्वकर्तव्य निश्चित करने के लिए हम क्या करें? किसी ब्रह्मज्ञानी की तलाश करें और जब संतुष्टि हो जाए की यह ब्रह्मज्ञानी है तो उसका अनुसरण करे या उसके सुझाए राह पर चलें? इस प्रश्न के समाधान में आचार्य विनोबा भावे ने एक स्थल पर कहा है। कोहम के उत्तर पर स्वकर्तव्य निश्चित होता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

लक्ष्मण ने अपने से यही प्रश्न पूछा-कोहम। उसके अंतर्मन ने उत्तर दिया-राम बंधु हम-मैं राम का भाई हूं। रामानुज। लक्ष्मण दशरथ का पुत्र था, उर्मिला का पति था और अनेक का अनेक था,लेकिन उसका अन्तस्थ उत्तर इतना ही था की मैं राम का भाई पहले हूं। दशरथनंदन, सुमित्रानंदन बाद में। सबसे मान लीजिए उसका उत्तर -मैं दशरथ का पुत्र हूं होता और वह राम के साथ वन न गया होता और दशरथ की अनन्य भाव से सेवा करता रहता अथवा राज्य कारोबार में भारत की मदद करता,तो रामायण अलग तरह से लिखी गई होती! लक्ष्मण का मूल्य कुछ दूसरा ही आंका जाता,परंतु उसका आचरण गलत ठहरता ऐसा कौन कह सकता है? लक्ष्मण की अंतरात्मा ने उसका कर्तव्य निश्चित किया। आज के संदर्भ में क्या यह आवश्यक नहीं है कि हम लक्ष्मण की भांति यह दृढ़ निश्चय करें की पहले हम क्या है-यह निश्चित करें की-मैं कौन हूं? लक्ष्मण की प्राथमिकता-राम बंधुहम-राम का भाई होना था। हमारी प्राथमिकता क्या है। अथर्ववेद में मंत्रदृष्टा ऋषि ने कोहम का उत्तर देते हुए समस्त मानव मात्र की प्राथमिक पहचान बताई-माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्याः -पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। सबसे पहले हम पृथ्वी के, धरती के, वसुंधरा के पुत्र हैं उसके बाद कुछ और। हमारा देश हमारी पृथ्वी है, हमारा प्रथम कर्तव्य देशहित के साथ जुड़ा हुआ है।

## पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व

सैम पित्रोदा ने कहा कि किसी के मरने के बाद उसकी आधी संपत्ति सरकार की होगी और आधी बाल-बच्चों व अन्य उत्तराधिकारियों की होगी। इस पर काफी हंगामा है। मैं तो कहूंगा कि मृतक की शत-प्रतिशत चल और अचल पूंजी/संपत्ति सरकार की होनी चाहिए। उत्तराधिकारी की बात ही बेमानी है। बिल लिखने की प्रथा भी बंद होनी चाहिए। यह ट्रस्टीशिप की धारणा का समुचित अर्थ होगा। इससे राजनीति क्लीन हो जाएगी, स्कैम खत्म होंगे,लूट खत्म होगी,घूसखोरी खत्म होगी। लोग खुलकर खर्च करेंगे,बच्चों को काबिल बनाने पर खर्च करेंगे, समाज और सामाजिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च करेंगे। जब सरकार ही ले लेगी तो जीते जिंदगी स्कूल, कॉलेज, धर्मशाला, लाइब्रेरी, पार्क क्यों न बनवा दें,स्कॉलरशिप क्यों न दे दें,यतीमखाने में क्यों न दे दें,तालाब क्यों न खुदवा दें,इत्यादि। आज की राजनीति में परिवारवाद आलोचना का विषय है,लेकिन सोचिए कि उत्तराधिकार का प्रचलन और इसकी कानूनी मान्यता आर्थिक परिवारवाद की नींव है कि नहीं। आर्थिक परिवारवाद शैक्षणिक,सामाजिक और राजनीतिक परिवारवाद का आधार स्तंभ हो सकता है। मैं तो सोशिओलॉजिकल और बायोलॉजिकल परिवारवाद का भी विरोध करूंगा। बच्चे समाज के बच्चे हों। उनके पालन-पोषण और शिक्षा का दायित्व समाज का हो। आज एक अमीर मां-बाप का औसत बुद्धि वाला बच्चा दून स्कूल में पढ़ रहा है,वहीं एक गरीब मां-बाप का जहीन बच्चा खिचड़ी-स्कूल में बैठा फटी आस्तीन में बहती नाक पोंछ रहा है। क्या यह परिवारवाद नहीं है? बच्चों का प्रजनन भी सीमेन बैंक और आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन से हो। मां के दूध तक के लिए ह्यूमन मिल्क बूथ हो। यह आदमी और समाज को एक नया ढांचा देगा। आगे,अगर भगवान ने चाहा तो बच्चे फैक्ट्री में बनेंगे और मॉल में मिलेंगे। मनचाहा बच्चा खरीदिए,जब तक दिल चाहे रखिए और जब चाहिए सेकंड हैंड मार्केट में बेच लीजिए। या फिर स्टॉक मार्केट की तरह बच्चों का मार्केट विकसित कीजिए। अनंत संभावनाएं हैं। सोचिए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# दुर्लभ और शक्तिशाली है मनुष्यता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है।वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है।यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम।

मनुष्यता दुर्लभ है। मनुष्यता बहुत शक्तिशाली है। उसे किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। न जाति की सीमा में न देश की सीमा में। वह मनुष्यता ही तो थी जिसके कारण एक स्काटिश आईसीएस के मन में भारत और भारतवासियों के प्रति करुणा का भाव पैदा हो गया था,जो काम बंगाल में सुरेन्द्र नाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस इंडियन एसोसियेशन के माध्यम से करना चाहते थे,किंतु नहीं कर पा रहे थे,जो काम बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशन और इंडियन लीग करना चाहती थीं,किंतु नहीं कर पा रही थीं,वही काम उस अंग्रेज ने आगे बढ़ा दिया और वह भी तत्कालीन वायसराय की सहमति से।

इस तथ्य को मनुष्यता की दृष्टि से ही समझना होगा,बातों से नहीं उस आदमी के व्यवहार से,वह व्यवहार जो कहीं न कहीं,शिमला के इतिहास में दबा हुआ है। वह अस्पताल,जो उसने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए बनवाया था। वह बहुत बीमार हो गया था, बचने की आशा नहीं थी उसकी कहानी कह रहा है। यह आदमी था, एलेन आक्टेवियन ह्यूम। एलेन आक्टेवियन ह्यूम ने पूरे देश में घूमकर कुछ ऐसे शिक्षित लोगों को एकत्र किया जिनके मन में देश के लिए कुछ कर पाने का जज्बा था,जैसे दादाभाई नौरोजी। उसने इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की। जब 18 मार्च 1894 को वह यहां से विदा हुआ,तब उसने कहा था "मैं अपनी असफलता महसूस करता हूं कि मैं केवल बीज ही बो सका हूं,फसल नहीं दे सका। किंतु मैं निराश नहीं हूं,जिस धरती से मैंने प्यार किया है,एक दिन वह विजयी होगी। लोग मुझे याद करना चाहेंगे तो याद कर लेंगे कि वह आदमी भारत के लिए निरंतर श्रम करता रहा,हो सकता है कि उसने कोई गलती भी की हो,किंतु वह भारत को प्यार करता था!" मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की?

महामति चाणक्य ने! /ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही। नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वालाः जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक। महान मेधावी चाणक्य,वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य, किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्यसाम्राज्य स्थापित किया था।

वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि नप्रयोजनमन्तरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना,मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। 542-543 शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्या यों ही कह दी थी? बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही,बोला-धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया।

## जीएसटी की वसूली

भारत देश में सामान्यता दो प्रकार से करों की वसूली की जाती है। एक प्रत्यक्ष कर लगाकर। दूसरा अप्रत्यक्ष कर लगाकर। जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है जिसमें एक जन सामान्य,एक उपभोक्ता के रूप में सुबह से शाम तक खरीदे गए प्रत्येक सामान पर कर का भुगतान करता है और उसे पता ही नहीं चलता कि कर के रूप में एक मोटी राशि सरकार द्वारा उससे वसूली जा रही है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अप्रैल के महीने में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से भारत के नागरिकों से 1.92 लाख करोड़ रुपये की वसूली हुई है। यह जीएसटी व्यवस्था के तहत अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह है। हमें समझना चाहिए कि करों की वसूली से समृद्धि नहीं आती,अगर करों से समृद्धि आती तो दुनिया में कोई गरीब देश नहीं होता।

जीएसटी का सबसे ज्यादा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर ही पड़ता है। यह स्थापित हो चुका है कि गरीब और मध्यम वर्ग द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी का लगभग 90 प्रतिशत भुगतान किया जाता है,क्योंकि अंत में उपभोक्ता ही इसका भुगतान करता है। उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए जाने के बाद श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों को एक-एक करके रिफंड मिलता है।

उदाहरण के लिए,यदि कोई उत्पाद 100 +12 प्रतिशत जीएसटी पर अपनी यात्रा शुरू करता है और 500+12 प्रतिशत जीएसटी पर समाप्त होता है तो सभी बिचौलियों को उत्पाद के ऊपर बिकने पर उनका रिफंड मिलता है। अंत में सरकार को उत्पाद पर 60 रुपये मिलते हैं,जबकि स्रोत पर इसकी शुरुआत 12 रुपये से होती है, क्योंकि समस्त जीएसटी का खर्च अंत में उपभोक्ता ही वहन करता है, इसलिए इस कर संग्रह के आंकड़े का जश्न मत मनाइए,बल्कि इस बात पर दुखी होइए कि सरकार ने आपसे इतना कुछ वसूला है।

फिलहाल जीएसटी की वसूली को लेकर बीते दिनों आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ राहत देने वाला हो सकता है जिसमें कहा गया है कि सभी कर वसूली मामलों में जेल नहीं भेजा जा सकता,क्योंकि लोगों और कारोबारियों द्वारा संबद्ध अधिकारियों पर जीएसटी की वसूली को लेकर उत्पीड़न के आरोप लगाए जा रहे थे। देश की सरकार कब तक मूक रहेगी। एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी की मार और दूसरी ओर जीएसटी रूपी करों की मोटी वसूली की मार आखिर जनता कब तक सहेगी और कब जनता को इससे राहत मिलेगी,यह एक यक्ष प्रश्न है।

## एक नजर

### आर्म्स एक्ट में एक दोषी को तीन माह की सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने अवैध रूप से शस्त्र रखने के 17 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया और उसे तीन माह सात दिन की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। बलरई थाना पुलिस ने वर्ष 2007 में गस्त के दौरान यासीन पुत्र अब्दुल हमीद को अवैध शस्त्र रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। पुलिस की पैरवी और पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने यासीन का दोषी पाया और उसे तीन माह सात दिन की सजा सुनाई।

### ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई

**इटावा।** सांख्य दर्शन अपने आप में अध्यात्म का ऐसा अद्भुत सिद्धांत है जो जीवात्मा को इस लोक और परलोक में भी परम सुख प्रदान करता है। स्वयं परमपिता परमात्मा ने कपिल मुनि के रूप में अवतरित होकर अपनी माता देवहूति को संख्या शास्त्र का उपदेश दिया। यह विश्लेषण अयोध्या धाम से पधारे जगद्गुरु रामानंद दास महाराज ने अशोक नगर में भरथना चौराहे के पास विशाल मेगा मार्ट के पिछवाड़े शर्मा बंधुओ द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन कपिल उपाख्यान प्रस्तुत करते हुए किया। कथा रसिक हरिदास विनोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि व्यास पीठ से स्वामी रामानंददास महाराज ने राजा बलि के मान मर्दन हेतु वामन अवतार। ब्रह्मांड को रसातल से लाने और हिरण्याक्ष के वध के लिए वराह अवतार एवं भक्त प्रहलाद प्रसंग में नरसिंह अवतार के साथ ही ध्रुव चरित्र पर भी रोचक ढंग से विश्लेषण करते हुए व्याख्यान दिया। परीक्षित के रूप में उपस्थित महेश चंद्र शर्मा ने प्रसाद वितरण किया गया।

### आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जली

**ताखा, इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र के आडरपुर गांव में शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग से चार किसानों की 15 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राखहो गई। आडरपुर गांव निवासी किसान नेम सिंह की चार बीघा, महिला की तीन, नेत्रपाल की चार, दशरथ सिंह की चार बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अग्निशमन दल के आने से पहले ही फसल जलकर नष्ट हो गई। ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र पाल ने बताया कि बीडी पीने वालों या किसी अन्य कारण से आग लगने की संभावना है। तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया कि सूचना मिली है। राजस्व टीम से नुकसान का आंकलन करवाकर किसान को राहत दिलाई जाएगी।

# सपा के गढ़ में आज गरजेंगे पीएम मोदी

## भरथना के ककराई में होगी जनसभा, तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे नेता और अफसर

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

- ट्रायल में हेलीपैड पर तीन बार उतारा सेना का हेलीकॉप्टर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भरथना के पास ककराई में रविवार को विशाल चुनावी रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। लोकसभा के तीसरे और चौथे चरण के बीच होने जा रही यह रैली राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हो गई है। इटावा, मैनपुरी, कन्नौज और फर्रुखाबाद चार लोकसभा सीटों के केंद्र में आने वाले ककराई पक्का ताल का चयन रैली के लिए इसी लिहाज से किया गया है।

रैली की सफलता के लिए भाजपाइयों ने पूरी ताकत झोंक दी है। पिछले तीन दिनों से जिला पदाधिकारी ककराई में ही डेरा डाले हुए हैं। रैली को लेकर भाजपाई काफी उत्साहित हैं। शनिवार की दोपहर बाद तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वाटर प्रूफ पंडाल के साथ बड़ा मंच बना है। मंच पर पीएम के साथ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य के अलावा इटावा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, मैनपुरी प्रत्याशी जयवीर सिंह, कन्नौज प्रत्याशी सुब्रत पाठक, फर्रुखाबाद प्रत्याशी मुकेश राजपूत भी मौजूद रहेंगे।


ककराई पक्का ताल मैदान पर प्रधानमंत्री की रैली के लिए बन रहा वाटर प्रूफ पंडाल। अमृत विचार

प्रधानमंत्री की जनसभा के लिये तीन दिनों से चल रहीं तैयारियों को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। एसपीजी ने जनसभा स्थल से पांच किमी का क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया है। सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस, पीएसी के अलावा औरैया, कन्नौज, मैनपुरी से भी पुलिस को बुलाया गया है।


पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

शनिवार को जनसभा स्थल के पास बनाए गए हेलीपैड पर सेना का हेलीकाप्टर ट्रायल के रूप में 30 मिनट के अंतराल पर तीन बार उतारा गया। सैफई हवाई पट्टी पर विशेष विमान से आने के बाद इसी हेलीपैड पर प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से आएंगे। जबकि मुख्यमंत्री अलग चार्टर प्लेन से लखनऊ से यहां पहुंचेंगे। सैफई हवाई पट्टी पर भी सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं।

### राजनीतिक हलचल बढ़ी

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गृहजनपद में होने वाली नरेंद्र मोदी की जनसभा के चलते राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दूसरे दल के प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं की जनसभा आयोजित कराने को प्रयास में जुट गए हैं। सपा प्रत्याशी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा प्रत्याशी ने बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा की मांग की है।

### पीएम बनने के बाद पहली बार आ रहे इटावा

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां इस पद को संभालने के बाद पहली बार इटावा की धरती पर किसी राजनैतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आ रहे हैं। इसके पहले वह 2014 के लोकसभा चुनाव में भरथना क्षेत्र में जनसभा करने आये थे। तब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा थे।

# कवियों ने प्रस्तुतियों से बटोरी तालियां

**संवाददाता महेवा, इटावा**

- जनमानस मंदिर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**अमृत विचार।** जनमानस मंदिर टिलीटिला राहतपुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश के कोने-कोने से विद्वान कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थितों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कवि सम्मेलन में चंदन राय मुंबई, लटूरी लट्ठ, सतीश मधुप, पूर्व मंत्री एवं कवि अशोक यादव, अनिल दीक्षित, भूमिका जैन, रौनक इटावी, रोहित चौधरी, वंदना विशेष, मंजू यादव ने अपनी रचानाओं से जमकर तालियां बटोरीं। किसी ने देश भक्ति तो किसी ने भाईचारा की कविता सुनाकर लोगों का मन मोह लिया।

कवियों ने अपने कविता पाठ के माध्यम से समाज का दिशा देने के लिए मौजूदा हालात से निपटने के लिए तमाम कविताएं पढ़ी। यह कार्यक्रम पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अनिल यादव ने अपनी पत्नी अंजू यादव की तृतीय पुण्यस्मृति में कराया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्रीकृष्ण यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, योगेश कुमार, विनय कुमार, भोले दीक्षित, सांसद प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कमलेश यादव, शिव शंकर यादव, जय प्रकाश दोहरे, रवि दिवाकर, अन्नू प्रधान रहतपुर, सहकारी समिति अध्यक्ष गंभीर सिंह यादव, समाजसेवी डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा, बृजराज पांडे, राहुल यादव, यशपाल यादव, राकेश सिंह, संत कुमार, गंभीर सिंह दोहरे, कमलेश दोहरे, अनिल गौतम, अमोल सिंह ठेकेदार, विवेक यादव सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।



जनमानस मंदिर में प्रस्तुति देते कवि। अमृत विचार

# सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लेकर बनाएं करियर

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

- सरकार से छात्र-छात्राओं को मिलती है स्कालरशिप की सुविधा

**अमृत विचार।** जिले में एक मात्र सरकारी डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राएं बीटेक के विभिन्न कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। विशेष बात यह है कि छात्र-छात्राओं को सभी कोर्स में उत्तर प्रदेश सरकार से 100 प्रतिशत स्कालरशिप भी दी जाती है।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में क्वालीफाइड फैकल्टी के साथ आधुनिक लैब, विशाल खेल का मैदान, गर्ल्स, बॉयज हॉस्टल, साफ सुथरा मैस, मेडिटेशन क्लास की सुविधा है। उन्होंने बताया कि इस कॉलेज में छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्स जैसे बीटेक इन एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, बीटेक इन डेयरी टेक्नोलॉजी, बीटेक इन फिशरीज साइंस, बीटेक इन कंप्यूटर साइंस में यूपी केटेट परीक्षा के माध्यम से ही प्रवेश दिया जायेगा। जिसकी फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सात मई 2024 है।

### अतुल अंजान को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल अंजान के निधन पर किसान सभा ने गहरा शोक प्रकाट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रांतीय महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि साथी अतुल अंजान की मृत्यु से किसान आंदोलन की अपूर्णनीय क्षति हुई है। वह राष्ट्रीय कृषि आयोग के सदस्य थे जो स्वामीनाथन आयोग के नाम से जाना जाता है। इसी आयोग ने सभी फसलों के लागत के डेढ गुना दाम का फार्मूला दिया था।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से किसान की मौत, पत्नी और भाई घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर की मड़ैया में भाड़े पर ट्रैक्टर लेकर भूसा लादने के लिए खेतों पर जा रहे एक किसान की ट्रैक्टर पलट जाने के चलते मौत हो गई व दो लोग घायल हो गए।

शनिवार की सुबह लगभग पांच बजे गांव सकतपुर मड़ैया के रहने वाले हुकम सिंह (48) पुत्र रघुवीर सिंह किराए पर ट्रैक्टर करके अपने खेतों से भूसा लादने जा रहे थे। उनके साथ पत्नी सोमा देवी व चचेरे भाई डाल चन्द्र पुत्र घनश्याम भी थे। गांव से कुछ दूरी पर बीहड़ की तरफ चालक ने ट्रैक्टर पर संतुलन खो दिया और अनियंत्रित होकर मिट्टी के टीले पर चढ़कर पलट गया। जिसमें तीनों लोग दब कर गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। गांव के लोग मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को निकाला। परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने हुकम सिंह को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र संदीप ने यह जानकारी पुलिस को दी। बलरई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पहचान पत्र न हो तो इन दस्तावेजों से डालें वोट

**कार्यालय संवाददाता, इटावा**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गए स्मार्ट कार्ड, केंद्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईसी शामिल हैं। प्रवासी निर्वाचकों को, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 की धारा 20 क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, उन्हें केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### मतदान कर्मी सुबह सात बजे पहुंचें मंडी परिसर

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संपन्न कराए जाने के लिए मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जसवन्तनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कराया जाना है। 6 मई को कृषि उत्पादन मंडी समिति फर्रुखाबाद रोड इटावा के परिसर में स्थापित डिस्पेच सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। निर्वाचन में नियुक्त किए गए अधिकारियों, कर्मचारियों से अपील की गई है कि वह डिस्पेच सेंटर में सुबह 7:00 बजे प्रत्येक दशा में पहुंच जाएं तथा समय से निर्वाचन सामग्री व ईवीएम प्राप्त कर लें।




**सियासत** | महिलाओं के बीच जाकर मांग रहीं हैं समर्थन, मोदी और योगी सरकार की गिना रहीं खामियां

# बेटी अदिति भी कर रहीं मां डिंपल का चुनाव प्रचार

**संवाददाता, सैफई-इटावा**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। जिसका चुनाव प्रचार 5 मई की शाम को थम जाएगा। अंतिम समय में हर पार्टी जोरों-शोरों के साथ प्रचार-प्रसार कर रही है। तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाईल सीटों में से एक मैनपुरी लोकसभा सीट है। यहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। जिनके चुनाव प्रचार में जहां सपा मुखिया सहित परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

बेटी अदिति यादव भी सैफई ब्लॉक क्षेत्र में लगातार दो दिन से मां डिंपल यादव के लिए वोट मांग रही हैं। वह महिलाओं के बीच जाकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लिए दादा मुलायम सिंह यादव और पिता अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में किए गए कार्यों को गिनाती हैं। वह सीधे तौर पर केंद्र की नरेंद्र मोदी और यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार पर भी निशाना साधते हुए शिक्षा और रोजगार के मुद्दे को उठाती हैं।

शनिवार को सैफई ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उझियानी मे स्थित प्रिंस फार्म हाउस पर एवं ग्राम पंचायत पिडारी मे नुक्कड़ सभा में पहुंचकर मां डिंपल यादव के लिए वोटो की अपील की हैं।


महिलाओं के बीच अखिलेश यादव की बेटी अदिति। अमृत विचार

### सपा का चुनावी प्रचार रथ उड़नदस्ता ने रोका

**चकरनगर, इटावा।** सपा का चुनाव प्रचार रथ उड़नदस्ता ने रोक लिया। पलभर में एकत्रित हुए सपाइयों ने जब परमीशन आदि दिखाया तब छोड़ा गया। मामला चकरनगर कस्बा के चौराहे का है। सपा प्रत्यासी जितेंद्र दोहरे का प्रचार रथ जा रहा था। चौराहे पर लगी उड़नदस्ता टीम ने प्रचार रथ को रोक दिया। सपा नेता सुरजीत यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उड़न दस्ता टीम से नोकझोंक हुई। इसके बाद परमीशन आदि दिखाया। तब कहीं उड़नदस्ता टीम ने जाने दिया। इस दौरान जगतौली ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह दोहरे भी मौजूद रहे।

# हत्यारोपी पति और ससुर को भेजा जेल

**लखना, इटावा।** औरैया जनपद के अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर निवासी कृष्ण बिहारी ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी 28 वर्षीय पुत्री ऊषा की शादी बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम अहेरीपुर गोपियापुर निवासी दशरथ सिंह के पुत्र जितेन्द्र कुमार के साथ 30 नवंबर 2020 को की थी। ससुरालीजन दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पुत्री ने मायके आकर सारी बात पिता तथा भाई को बताई। दो मई की दोपहर ऊषा की हत्या कर ससुरालीजन भाग गए। पुलिस ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर दहेज हत्या सहित अन्य धाराओ में पति जितेंद्र व ससुर दशरथ सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ी। अमृत विचार

### किड्स एथलेटिक्स दिवस पर बच्चों ने खेलकूद में दिखाई प्रतिभा

**इटावा।** वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स दिवस पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन इटावा के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की डायरेक्टर यामिनी सिंह ने बताया कि वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिताएं कराई गईं। मुख्य अतिथि ओलंपियन अर्जुन पुरस्कार विजेता एमपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सचिव जिला एथलेटिक एसोसिएशन एसके यादव रहे। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट सिद्धार्थ कृष्णा ने बैच लगाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन इटावा संयुक्त सचिव डॉ. मो. जियाउर्रहमान ने बताया कि प्रतियोगिता 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष की आयु तक के बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।


पोस्टर के माध्यम से जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

### बच्चों ने मतदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क साधा

**जसवंतनगर, इटावा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल संसद के बच्चों ने डोर टू डोर संपर्क किया। मतदाता जागरुकता रैलियां निकालीं। बच्चे सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, एक वोट से होय फैसला मतदाता का यही हौसला, नाते रिश्ते खूब निभाओ पर पहले मतदान कराओ आदि नारों के गूंज के साथ मतदाताओं को जागरूक करते दिखे। कंपोजिट विद्यालय रजमऊ जसवंतनगर में जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार, ब्लॉक स्काउट मास्टर पीयूष दीक्षित व प्रधानाध्यापक राजेश पांडेय के नेतृत्व में बाल संसद की टोलियों ने डोर टू डोर संपर्क किया। सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।



मतदाताओं से हस्ताक्षर करवातीं छात्र-छात्राएं।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**जसवंतनगर, इटावा।** प्राथमिक विद्यालय नगला रामसुन्दर बाल संसद के पदाधिकारी और स्टाफ ने हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। प्रधान अध्यापक आलोक सिंह ने अनुरोध किया कि वह अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। लोकतंत्र के महापर्व में सम्मिलित होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।


महेवा में रैली निकालते बच्चे।

### महेवा के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत महेवा के प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। बच्चों ने घर-घर पहुंचकर मतदान का महत्व समझाया एवं आमंत्रण पत्र के साथ मत देने के लिए वचन लिया। रैली में सुधा पांडेय, पुष्पा देवी आदि शिक्षकों ने सहयोग दिया।


महिला को दी गई रेहड़ी का उद्घाटन करतीं नमिता तिवारी।

### फाउंडेशन ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए बढ़ाया हाथ

**इटावा:** ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के अपने प्रयासों में एक और कड़ी जोड़ी। महिला चमेली देवी को एक रेहड़ी उपलब्ध कराई। जहां वह खानपान की वस्तुओं समोसा कचौड़ी आदि को बनाकर बेचेगी। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने रेहड़ी सौंपते हुए कहा कि उनका फाउंडेशन जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनको सतत आय उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। समाज सेविका नामिता तिवारी ने फीता काटकर रेहड़ी का उद्घाटन किया। गरिमा दुबे ने कार्यक्रम का संचालन किया। नीलम त्रिपाठी, सोनल, तृप्ति शकील, अंजलि, प्रीति शर्मा, प्रभा गावा मौजूद रहीं।

### माफिया नहीं जनता विकास के साथ : रामशंकर

**इटावा।** भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पत्रकारों को बताया कि इस ऐतिहासिक रैली में इटावा लोकसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पहले सपा का गढ़ माना जाता था। अब यह गढ़ ध्वस्त हो चुका है। सपा को वोट देकर कोई मतदाता यह नहीं चाहता कि गुंडई माफियागीरी हो, जमीनों पर कब्जे हों लूटपाट हो माताओं और बहनों का सम्मान खतरे में पड़े। इसलिए यहां की जनता विकास वाद और राष्ट्रवाद के आधार पर भाजपा के साथ है। जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, अन्नू गुप्ता, जिला मंत्री रजत चौधरी, जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, मंडल अध्यक्ष ओम प्रताप गौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप जाटव, मंडल महामंत्री कृष्ण हरि दुबे, गोविन्द रावत, रोहित शाक्य, अमित तिवारी मानू आदि नेतागण मौजूद रहे।

### बाबा की बंदूक लहराने वाला किशोर गिरफ्तार

**इटावा।** बाबा की बंदूक लहराते हुए किशोर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस किशोर को बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि मीडिया सेल प्रभारी यशोदा रानी ने टीम के साथ उपरोक्त वीडियो देखा तो इलेक्ट्रिक मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर सैफई थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र को अवगत कराया। शुक्रवार रात साढ़े 10 बजे गांव खड़कोली पुलिया के पास 17 साल के किशोर को लाइसेंसी बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। किशोर ने बताया कि बंदूक दादा की। जिनकी तीन साल पहले मौत हो गई। बंदूक चाचा के घर पर रखी थी, वहीं से उठा लाया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। किशोर को किशोर न्यायालय में भेजा जा रहा है।

# भाजपा सरकार में माफिया की जगह जहन्नुम में

## सीएम ने कांग्रेस-सपा पर जमकर बोला हमला, कहा- इन्होंने दलित और पिछड़ों के हकों पर डकैती डालने का काम किया




मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न देते सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

- कन्नौज लोस क्षेत्र के प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए मांगे वोट
- लोगों को चौमुखी विकास का दिया आश्वासन

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में तहसील के पीछे आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा ये सरकारें आतंकवादियों की पैरवी करतीं थीं जबकि हमारी सरकार आतंकवादियों माफियाओं को जहन्नुम में भेजती है।

उन्होंने कहा सपा, बसपा सरकार में आए दिन दंगे होते थे। महीनों तक कर्फ्यू लगता था जबकि भाजपा सरकार में अपराधी या तो जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए या फिर जान की भीख मांग कर रिक्शा चला रहे हैं। कहा आए दिन अयोध्या, वाराणसी, मथुरा में आतंकवादी घटनाएं करते थे और चले जाते थे। ऐसे आतंकवादियों की पैरवी में सपा ने 19 आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले लिए थे लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के चलते संभव नहीं हो पाया था।

मुख्यमंत्री ने सपा शासन काल में हुई गुंडागर्दी अराजकता लूट-खसोट भ्रष्टाचार की याद दिलाते हुए कहा कि यह लोग फिर उसी तरह का वातावरण बनाना चाहते हैं। यदि जरा सी चूक हो गई तो यह सब फिर झेलना पड़ेगा।

योगी आदित्यनाथ ने राममंदिर आंदोलन के नायक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ग विशेष के डर से सपा मुखिया अखिलेश यादव एवं सैफई परिवार का एक भी व्यक्ति बाबूजी के पार्थिव शरीर पर दो पुष्प अर्पित करने नहीं पहुंचा जबकि एक कुख्यात गुंडा माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने की फुर्सत मिल गई।

उन्होंने अयोध्या का जिक्र करते हुए कहा कि सपा शासन काल में जिस अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गईं थीं कहा जाता था कि परिंदा भी पर नहीं मार पायेगा वहां आज रामजी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है और लाखों भक्त रोजाना दर्शन करने जाते हैं। उन्होंने सपा शासन काल में सुब्रत पाठक पर हुए जुल्मों का जिक्र करते हुए कहा कि कन्नौज लोकसभा की जनता को इस बार सुब्रत पाठक को भारी मतों से चुनाव जिता कर उन जुल्मों का बदला लेना है जो ढाए गए थे।

उन्होंने कहा कि आज एयरपोर्ट हाईवे, रेलवे ,मेडिकल कालेज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस के साहबजादे औरंगजेब के जजिया टैक्स की तरह देश की जनता के ऊपर विरासत टैक्स लगाने की बात करते हैं और दलितों पिछड़ों के आरक्षण को काटकर अपने मुस्लिम वोट बैंक को देना चाहते हैं लेकिन भाजपा ऐसा कभी नहीं होने देगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को विश्वास दिलाया कि इस बार कन्नौज लोकसभा में भारी पैमाने पर विकास कार्य कराए जाएंगे और जो लोग भी योजनाओं से वंचित रह गए है उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा कि सपा सुप्रीमो उनसे अपनी पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए चुनाव मैदान में उतरे है। कहा उन्हें चुनाव हराने की उनकी क्या औकात थी। उनकी पत्नी को सुब्रत पाठक ने नहीं कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की जनता ने चुनाव हराकर वापस भेजा था। इस बार भी कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की जनता सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को भारी मतों से चुनाव हराकर वापस भेजेगी।

जनसभा को कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री असीम अरुण, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, विधायक औरैया गुड़िया कठेरिया, विधायक रसूलाबाद पूनम संखवार, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे पूर्व मंत्री एवं विधायक, अर्चना पांडे पूर्व मंत्री, अरविंद प्रताप सिंह पूर्व विधायक,सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर, कन्नौज लोकसभा प्रभारी वीर सिंह, सीमा कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह कुशवाह आदि ने संबोधित किया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह सेंगर अनिल शुक्ला जिला पंचायत सदस्य वासुदेव प्रजापति महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू सिंह चौहान, सुलोचना प्रजापति, सविता राजावत मंडल अध्यक्ष,प्रेमलता अरुणा सक्सेना मंडल अध्यक्ष आशीष वर्मा, सभासद अशोक चौहान, भानु ठाकुर , प्रशांत चौहान,आदि भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

## झलकियां

### शिक्षक की भूमिका में नजर आए मुख्यमंत्री

शनिवार को कस्बे के नवीन तहसील भवन के पास हुई चुनावी जनसभा में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक शिक्षक की भूमिका में नजर आये वहीं जनसमूह ने भी एक छात्र की भांति दोनों हाथ उठाकर उनकी हर बात पर हामी भरते हुए उन्हें जीत के लिए आश्वस्त किया। जनसभा में जुटी भारी भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री ने जहां बिधूना क्षेत्र के लोगों की जमकर सराहना की वहीं कहा कि सुब्रत पाठक से किसी तरह की कोई नाराज़गी हो तो भुला देना और मेरा सम्मान रख लेना। भारी भीड़ को अनुशासित देखकर कई सपाई भी यह कहते नजर आए कि यही जनसभा यदि सपा मुखिया की होती तो अराजकता का माहौल देखने को मिलता।

### अल्पसंख्यक भी भगवा टोपी लगाकर पहुंचे

भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में आयोजित मुख्यमंत्री की जनसभा में अल्पसंख्यक समाज के लोग भी भाजपा की टोपियां लगाए योगी मोदी ज़िंदाबाद सुब्रत पाठक जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आये। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुरवा रावत से तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शबाना बेगम के पति, प्रधान शहाने आलम निजाम खान आदि के नेतृत्व में टोलियों में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे जबकि बंदरियापुर सहार बूंछपुर आदि मुस्लिम बाहुल्य गांवों से भी भारी संख्या में लोग जनसभा में पहुंचे। गुलालपुर, हरचंदापुर आदि कई यादव बाहुल्य गांवों के यादव समाज के लोग जय श्रीराम के नारे लगाते जनसभा में जोश खरोश से शिरकत करने पहुंचे।

### युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लगभग 40 मिनट के संबोधन में शुरुआत में बिधूना की जगह दिबियापुर विधानसभा कहा उल्लेख किया लेकिन कुछ देर बाद एहसास होने पर उन्होंने भूल सुधारी और फिर बिधूना विधानसभा के नाम से ही संबोधित किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत चौहान ने रोडवेज बस स्टैंड को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। जबकि कुछ कार्यकर्ताओं ने भी जनसमस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन भिजवाए।

### महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा में पांडाल में आधी आबादी की भारी संख्या को देखकर चुनावी विश्लेषकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। महिलाओं का उत्साह देखकर कई लोग तो दबी जुबान से यह कहते नजर आये कि यह मोदी की योजनाओं के चलते महिला लाभार्थियों का नया वर्ग उभर कर आया है यह वर्ग चुनाव के सपा के समीकरण को बिगाड़ भी सकता है।

### सपा के पूर्व चेयरमैन भाजपा में हुए शामिल

औरैया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़न खटोला बिधूना कस्बे के तहसील मैदान में बने हेलीपेड पर 3 :52 पर उतरा। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने के समय कौन आया कौन आया शेर आया शेर आया के जमकर नारे लगे। तत्पश्चात बिधूना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार बाथम ने भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता सत्येंद्र सिंह राठौर के साथ कई शिक्षक नेताओं ने भी भाजपा में शामिल होने की घोषणा की जिनका भाजपा में शामिल होने के लिए स्वागत किया गया। जनसभा के मौके पर पुलिस प्रशासन के सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा बल तैनात रहा। वहीं वाहनों की पार्किंग के लिए भी जगह-जगह सुरक्षा कर्मी व्यवस्था में लगे नजर आए। जिससे सड़कों पर यातायात में किसी प्रकार का व्यवधान नजर नहीं आया। वहीं मुख्यमंत्री की सभा समाप्त होने के बाद और उनका उड़नखटोला उड़ने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# स्पार्किंग से कूड़े के ढेर और उपलों में लगी आग

- फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर पाया काबू
- एक घंटा तक कंचौसी नगर की बिजली व्यवस्था चौपट रही

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** स्पार्किंग के चलते तारों से निकली चिंगारी से कंचौसी-ककोर रोड पर बिहारीपुर गांव के पास शनिवार को सड़क किनारे पड़े गोबर के उपलों और कूड़े के ढेर में आग लग गई। लपटें देख बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। दमकल दल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से करीब एक घंटा कंचौसी नगर की बिजली व्यवस्था चौपट रही।

भीषण गर्मी में बिजली के तार जर्जर हो गए हैं। इस कारण लाइनों में फाल्ट हो रहे हैं। शनिवार को बिहारीपुर उपकेंद्र से निकली 11 लाइन के खंभे पर फाल्ट होने पर चिंगारी जमीन पर गिरने लगीं। इससे कूड़े के ढेर और उपलो में आग लग गई। जल्द ही आग ने झाड़ियों को भी चपेट में ले लिया।

लपटें उठती देख अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बिजली आपूर्ति बंद कराई गई तथा आग बुझाने का काम शुरू किया गया। दमकल भी मौके पर पहुंच गई तथा काफी कोशिशों के बाद आग पर काबू पाया। जेई सतीश जायसवाल ने बताया कि आग कूड़े व झाड़ियों में लगी थी। समय रहते इस पर काबू पा लिया गया, जिसके कारण कोई भी नुकसान नहीं हुआ है।



आग बुझाता फायरकर्मी। अमृत विचार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे पत्रक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सहार, पुरवा दानशाह, पुरवा जैन, पुरवा देवीदास, पुरवा मदारी, पुरवा फकीरे, मानधवन, बरुं और अरियारी सहित दर्जन भर गांवों में भ्रमण किया।

भाजपा नेता मोहित अग्निहोत्री व विकास त्रिपाठी ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा टोली बना कर हर गांव में केंद्र सरकार की योजनाओं आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, जनधन योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण, स्वच्छ भारत मिशन आदि की जानकारी दी जा रही है।



गांव में भ्रमण करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

- सहार, दानशाह, पुरवा जैन व अन्य गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

नितिन पांडेय ने बताया कि गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना वरदान साबित हो रही है। बहुत ऐसे गरीब परिवार के लोग पैसों के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते थे, आज उनका निःशुल्क इलाज संभव हुआ है। जीतू शुक्ला, श्यामू सिंह राजावत, टीटू भदौरिया, मयंक चतुर्वेदी, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के श्रीगुलजारी लाल सुखदेवी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को देहाती इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य बांकेलाल झा ने शील्ड देकर सम्मानित किया। वर्ष 2024 की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल में चारु ने 93.3 प्रतिशत, श्रेजल ने 87.5, हेपेंद्र ने 87.3, मोनिका ने 86.1, काजल ने 85.3, प्रियांशु ने 83.3, रिचा ने 83, दीक्षा ने 82.6,अंशिका ने 82, सान्या ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में हितकर्ष शाक्य ने 88 प्रतिशत, शिखा ने 87, लवी ने 87, दीक्षा ने 86.4, शिवमूर्ति ने 85.4,श्रष्टि ने 85.2, साबिया बानो ने 85, शिव सक्षम ने 84, सौरभ ने 83.6, रौनक ने 83.6, शिखा ने 83, शिवानी ने 82.2, विनय ने 82, प्रियंका ने 80.8, अजय ने 80.4, साहिल ने 80.2, गोविंद दुबे ने 80.2, सलोनी ने 80.2, महक ने 80 और कृतिका ने 80 प्रतिशत अंक पाए। प्रधानाचार्य आराधना यादव, प्रबंधक राजेश यादव, अध्यापक अखिलेश शर्मा, जोली यादव, संजय यादव, भुवनेश पांडेय, मोहित पांडे, मुकेश सक्सेना, मनोज शर्मा, रिहान,चंद्रशेखर, शशिशेखर, स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।



छात्रा को सम्मानित करते बांकेलाल झा।

# घरेलू विवाद में महिला ने लगाई फांसी, मौत

**ऐरवा कटरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदापुर में शनिवार सुबह घर में एक महिला का शव फांसी के फंदे लटका पाया गया। मृतका रजनी उर्फ बबली (35) पत्नी अमित कुमार शाक्य का शव घर के अंदर बरामदे के कड़े मे लटका मिला। थाना अध्यक्ष संत प्रकाश पटेल ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। चर्चा है कि रजनी का का पति से मूंग फसल की निराई को लेकर विवाद हुआ था।



रजनी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर जानकी वाटिका के सामने शनिवार से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा से पहले सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

परीक्षित व पीतांबर वस्त्रधारी महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर मंगलगीत गाकर चल रहीं थीं। शोभा यात्रा में कई आकर्षक झांकियां रथ पर विराजमान थीं। श्रद्धालु बैंडबाजा की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर थिरक रहे थे। शनिवार को शहर के जानकी वाटिका के सामने सत्तेश्वर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। अयोध्या धाम से आए कथावाचक राघवाचार्य जी महाराज ने गणेश पूजन कर कलशों का पूजन कराया। शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कथा वाचक ने बताया कि प्रभु की कथा हमारे जीवन में समरसता, प्रेम और आत्मीयता को स्थापित करती है।

## सार-संक्षेप

### वकीलों ने कलश यात्रा पर की पुष्प वर्षा

**औरैया।** शहर के सत्तेश्वर मोहल्ले में शनिवार से शुरू हुए श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन निकली भव्य कलश यात्रा का जिला जज के सामने वकीलों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा व्यास जगतगुरु सधवाचार्य जी महाराज ( अयोध्या धाम) का जिला बार एसोसिएशन महामंत्री शैलेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वकीलों ने अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कथा आयोजन पूरन पांडे व नीलम पांडे के अलावा अधिवक्तागण अनुराग त्रिपाठी, हृदय नारायण पांडे ,शिवम शर्मा, अरुण चतुर्वेदी, नितिन अवस्थी, अंकुर अवस्थी, अतुल शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, प्रदीप पोरवाल, शशांक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### रैली निकाल कर दिया मतदान करने का संदेश

**कुदरकोट, औरैया।** शनिवार को ब्लाक सभागार में बाल विकास परियोजना अधिकारी की ओर से जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें कुदरकोट तथा सभी ब्लाक की आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं ने भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या यादव ने सभी आंगनबांड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बताया कि कि सभी लोगों को 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने आसपास रहने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है तथा आप लोगों को भी समय से मतदान करना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओंग, सहायिकाओं तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित सभी कर्मचारियों ने मिलकर जागारुकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान के लिए आंगनबाड़ी महिलाओं ने नारे भी।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**अजीतमल।** कस्बा स्थित आरएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के अभिभावकों सहित बच्चों ने हमारा गौरव, हमारी शान चलो करें मतदान जन-जन की पुकार है वोट देना अधिकार है। जनता को जगाना है मतदान करवाना है आदि स्लोगन के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्रबंधक शिव महेश दुबे, प्रधानाध्यापक मंजू, संरक्षक अश्वनी शर्मा, अनुपम दुबे, डॉक्टर बृजेंद्र सिंह, आयुष सिंह, देवराज, खुशी, आस्था, शिवा सेंगर आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओ ने मतदान करने को किया प्रेरित

**अजीतमल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अनूप के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। जिला प्रचारक के साथ उपेंद्र त्रिपाठी, विपिन चौबे, नंदू आदि कार्यकर्ताओं ने सूर्य नगर अजीतमल निवासी बबलू दीक्षित के आवास पर करीब दो दर्जन लोगों के साथ वार्ता की और मतदान की अलख जगाई। इसके बाद गांव अमावता, पूठा,जगतपुर, अलीपुर, भीकेपुर आदि गांवों का भ्रमण किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शिव महेश दुबे के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जगन्नाथपुर सराय अमिलिया, विरुहनी, कल्ले का पूर्व, रजपुरा, सूर्य नगर अजीतमल आदि ग्रामों और नगरों का भ्रमण किया। मतदाताओं से अनुरोध किया कि अपने मत का उपयोग करें और राष्ट्र के उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। धर्मेंद्र कुमार निवासी कल्ले का पुरवा के आवास पर मतदाताओं के साथ वार्ता की और उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। विमल किशोर निवासी सराय अमिलिया के पैतृक निवास पर कार्यकर्ताओं ने वार्ता की। विहिप के जिला सेवा प्रमुख प्रमोद भदौरिया, विवेक, बबलू दीक्षित, प्रभात दुबे, प्रमोद दुबे, रवि अवस्थी, अशोक दुबे, अमित दुबे, आदि मौजूद रहे।

### पीएम की रैली को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक

**औरैया।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के भरथना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकपुरा में आगामी 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की विशाल जनसभा की तैयारी बैठक भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुई। इसमें लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरैया, दिबियापुर एवं कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के बिधूना विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी को अलग- अलग जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा में इटावा, कानपुर देहात, कन्नौज, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की आने की उम्मीद की जा रही है। औरैया, बिधूना से अधिक से अधिक लोगो को वाहनों में से ले जाए रैली में औरैया,बिधूना की लोगो की संख्या अच्छी हो इसके लिए सभी लोग प्रयास कर प्रधनमंत्री की जनसभा को सफल बनाएं। बैठको में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**शिक्षा** | सीबीएसई कार्यशाला में समावेशी शिक्षा पर दिया जोर, 20 विद्यालयों के 60 शिक्षक हुए शामिल

# विज्ञान, गणित को सुरुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, प्रयागराज के तत्वावधान में कराए गए दो दिवसीय जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (कार्यशाला) का शनिवार को समापन हो गया। 'समावेशी शिक्षा' विषय पर आयोजित कार्यशाला में औरैया जिले के लगभग 20 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया।

शुक्रवार को कार्यशाला की शुरुआत गेल इंडिया लिमिटेड के प्रभारी, कार्यकारी निदेशक अजय त्रिपाठी के संबोधन से हुई। उन्होंने शिक्षकों को विज्ञान और गणित जैसे विषयों को सुरुचि पूर्ण ढंग से पढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान सीबीएसई जिला प्रशिक्षण समन्वयक और प्राचार्या दीपा शरण ने शिक्षकों से कार्यशाला से प्राप्त जानकारी को कक्षा तक पहुंचाने पर बल दिया।

कार्यशाला में सीबीएसई विषय विशेषज्ञ राजीव मोहन पांडे( प्राचार्य, रोजी पब्लिक स्कूल, फतेहगढ़) और अनीता सक्सेना (प्राचार्या, पीएन फाउंडेशन पब्लिक स्कूल, फर्रुखाबाद) रहे। उन्होंने समावेशी शिक्षा के महत्व और उसमें आने वाली परेशानियों और उनके निदान पर चर्चा की। समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें सामान्य और विशेष जरूरतों वाले छात्र एक साथ सामान्य कक्षा में पढ़ते हैं। यह शिक्षा का एक निष्पक्ष और उचित दृष्टिकोण है जो समानता को बढ़ावा देता है और भेदभाव को समाप्त करता है।

सेंट फ्रांसिस के प्राचार्य फादर एंटोनी, जिला प्रशिक्षण उप समन्वयक सीबीएसई के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला के अंतिम दिन सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र किए गए तथा विशिष्ट अतिथियों को स्मारिका से सम्मानित किया गया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार



कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट जल्द होगी शुरू

**अजीतमल।** सीएचसी अजीतमल के अधीक्षक डॉक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में मरीजों को प्राथमिक स्तर का इलाज मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट मिशन की शुरुआत की गई। जिसका कार्य जिला अधिकारी स्तर पर प्रत्येक विकासखंड में किया जा रहा है। इसमें डॉक्टर से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ होंगे जो सामान्य बीमारी से पीड़ितों को इलाज मुहैया कराएंगे। योजना के अंतर्गत एनसीडी (नॉन कम्युनिकेबल डिसीज) के अंतर्गत आने वाली समस्त जांचों की सुविधा दी जाएगी। दवा, पैथोलॉजी, शुगर,कैंसर, ब्लड प्रेशर आदि जांचों की सुविधा होगी। इन सेंटरों पर निःशुल्क इलाज होगा। अधीक्षक ने बताया कि इसका कार्य मार्च से प्रारंभ हुआ और तकरीबन जुलाई तक पूर्ण तैयार हो जाएगा।

## एक नजर

### कांग्रेस के उप चुनाव प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत इंदिरा नगर के पार्कों से की। इसके बाद सी ब्लॉक में ही डोर टू डोर जनसंपर्क करने के बाद राजीव नगर, हरिहर नगर, अवध विहार में मतदाताओं से मुलाकात की। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने बताया कि पूर्वी विधानसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता और लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे कामरेड अतुल कुमार अंजान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए और भैसाकुंड पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### चुनाव को लेकर पेंशनरों की बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति, लखनऊ मंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रादेशिक, जोनल एवं जनपदों के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन रविवार प्रातः 11 बजे एलडीए स्थित सीएमएस स्कूल गेट न.1 के सामने पार्क में स्थित मन्दिर हाल में किया गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव में पेंशनर्स के हितों एवं लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ मंडल सचिव अशोक बाजपेयी ने दी।

### राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में विशेष सचिव नगर विकास विभाग डॉ दीपक कोहली की पुस्तक 'पर्यावरण और प्रौद्योगिकी : नये क्षितिज' का लोकार्पण किया। इस मौके पर डॉ. कोहली ने बताया कि पुस्तक में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती, पर्यावरण अनुकूल कार्बन फार्मिंग, बहुआयामी जलवायु संकट, जैव ईंधन और हरित बांड जैसे समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई है, इसके साथ ही, कृषि प्रौद्योगिकी, स्वच्छ तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डिजी यात्रा, साइबर जागरूकता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व क्वांटम प्रौद्योगिकी के नये आयामों को उजागर करने वाले लेखों का समावेश है।

# ध्वस्त होगा प्रश्नपत्र आउट कराने वाला हर तंत्र

## अब तक की जांच में 29 गिरोह सक्रिय पाए गए, 196 आरोपी गिरफ्तार

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को आउट कराने वाले हर उस व्यक्ति तक एसटीएफ पहुंचेगी, जो आंशिक रूप से भी इस कड़ी में जुड़ा था। एसटीएफ का मुख्य उद्देश्य उस साहस को भी तोड़ना है, जो शिक्षा माफिया लगातार कर रहे हैं। दोनों परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल 196 आरोपियों को एसटीएफ और यूपी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सूचनाओं के संकलन में जो स्थिति नजर आ रही है, उससे यह लगता है कि यह संख्या 400 तक जा सकती है।

▶▶ **आरओ-एआरओ परीक्षा व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र आउट होने का मामला**

बताया जा रहा है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक कराने में 29 गिरोह सक्रिय थे। एसटीएफ पूरे गिरोह का सफाया करने में जुटी है, ताकि भविष्य में परीक्षार्थियों के भविष्य से कोई खिलवाड़ न कर सके। एसटीएफ चीफ के मुताबिक, अब तक की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उससे लगता है कि फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा आउट के कार्य को अंजाम दिया जा रहा था।



> एक फ्रेंचाइजी व्यवस्था की तरह पर्चा लीक कराने का कार्य किया जा रहा था। सॉल्वर के लिए अलग गिरोह, अभ्यर्थी लाने का अलग गिरोह, एडवांस लेने, अभ्यर्थियों को सूचित करने जैसे तमाम क्रम बने हुए थे। पर्चा लीक कराने में शामिल अंतिम व्यक्ति तक हम पहुंचेंगे। यह कार्रवाई एक संदेश है, ताकि कोई भविष्य में भी इस तरह की गलती न करे।
> – **अमिताभ यश, एडीजी कानून व्यवस्था, उप्र. पुलिस**

एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाइयों में 16 मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्त में आए हैं। जिला पुलिस की कार्रवाइयों पर गौर किया जाए तो यह संख्या 196 पहुंच गई है। एसटीएफ सिर्फ सजा दिलाने में नहीं लगी है, बल्कि इस कार्य में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यही नहीं यह पता चलने पर कि आरोपियों द्वारा पर्चा आउट कराने पर अर्जित किए धन से संपत्तियां खरीदी गई हैं, वह संपत्ति भी कुर्क होगी। एसटीएफ मुख्यालय ने इसके लिए रणनीति तैयार कर ली है। आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए एसटीएफ न्यायालय में भी ढंग से पैरवी कर रही है।

बताया जा रहा है कि एसटीएफ के कई कार्मिक अभी भी आरोपियों की तलाशी और छापेमारी में जुटे हुए हैं।

# एसटीएफ ने पूरे किए सार्थकता के 26 वर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **उप्र. पुलिस के विंग स्पेशल टास्क फोर्स के स्थापना दिवस पर एडीजी ने दी बधाई**

**अमृत विचार :** 4 मई को उप्र. पुलिस के महत्वपूर्ण विंग स्पेशल टास्क फोर्स ने अपनी स्थापना के 26 वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर एसटीएफ मुखिया एवं एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने एसटीएफ की समस्त यूनिटों के अफसरों और कार्मिकों को बधाई दी है। बता दें कि यह वही एसटीएफ है, जिसे तत्कालीन माफिया श्रीप्रकाश शुक्ला के खात्मे के लिए मात्र छह महीने के लिए अस्थाई तौर पर बनाया गया था। लेकिन यह फोर्स उप्र. पुलिस के लिए इतना मुफीद साबित हुआ कि कालांतर में सरकारों की जरूरत बन गई।

**अजय राज शर्मा थे पहले एसटीएफ चीफ :** 1966 बैच के आईपीएस अजय राज शर्मा एसटीएफ के पहले चीफ बने थे। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, एसपी सत्येंद्र वीर सिंह और तत्कालीन क्षेत्राधिकारी के साथ राजेश पांडेय के अलावा अन्य कार्मिक शामिल थे। ड्राइबर सहित पूरी टीम 17 पुलिसकर्मियों की थी।

**2017 के बाद उत्कर्ष पर पहुंची एसटीएफ :** उत्तर प्रदेश में 2017 में यूपी एसटीएफ को खुली छूट दे दी गई। निर्देश था कि यूपी में माफिया राज पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। इसके बाद एसटीएफ माफियाओं के लिए काल बनकर उभरी। सैकड़ों अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया।

**कभी एक कंप्यूटर की थी दरकार, आज संसाधन संपन्न :** 1998 में जब एसटीएफ का गठन हुआ था उस समय इस विंग के पास एक कंप्यूटर तक नहीं था। तकनीक के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं थी। लंबे सफर के दौरान आज एसटीएफ का स्वयं का भवन है। सूचना संकलन को आधुनिकतम उपकरण, लैब, मुठभेड़ के लिए कार्मिकों के पास आधुनिक हथियार, हाईस्पीड सुरक्षित गाड़ियां। पूरी व्यवस्था ही कंप्युटराइज्ड है।

# आज थम जाएगा लोस चुनाव के तीसरे चरण का प्रचार

## निर्वाचन आयोग ने दिए मतदान की तैयारी संबंधी निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के चुनाव के लिए पांच मई की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारी के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद सभी दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक रहेगी। पीठासीन अधिकारी अपने फोन को साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे और आवश्यकता पड़ने व आपात स्थिति में केवल सेक्टर अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के साथ संचार के लिए उपयोग कर सकेंगे।

### 100 प्रत्याशी मैदान में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस चरण के निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली जिले में आते हैं।




नीरज सिंघल को दोबारा आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते उद्यमी।

### आईआईए के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए नीरज सिंघल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल वर्ष 2024-25 में भी इसी पद पर बने रहेंगे। वह अप्रैल प्रथम सप्ताह से चल रही चुनाव प्रक्रिया में निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं।

आईआईए भवन, लखनऊ में शनिवार को चुनाव अधिकारी नवीन खन्ना के नेतृत्व में बैठक हुई। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने बताया कि आईआईए के 21 चयनित केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्यों द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नीरज सिंघल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका यह दूसरा कार्यकाल है और आगामी 30 जून 2025 तक रहेगा। पिछले 20 सालों से संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत, नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बताया कि आईआईए मिशन 'ट्रांसफॉर्मिंग एमएसएमई टुवर्ड्स इंडस्ट्री 4.0 एंड 48' पर अपना कार्य जारी रखेगा। उद्यमियों की सुविधा के लिए देश-विदेश में नई मार्केट खोजी जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उत्पाद ले जाने के लिए बिल्ड भारत एक्सपो का आयोजन और आईआईए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जायेगा। बैठक में कई राज्यों से लगभग 100 से अधिक आईआईए पदाधिकारियों व उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया।

# विवि ने लॉक किया फीस का डाटा, अब विभाग की बारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **13,500 छात्र-छात्राओं की फंस गई थी छात्रवृत्ति, फिर से खोला गया था पोर्टल**

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थान फीस का डाटा लॉक नहीं कर पाए थे। पर समाज कल्याण विभाग की ओर से मौका मिलने के बाद विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने मास्टर डाटा लॉक कर दिया है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारियों को सात मई तक डाटा मिलान कर अग्रसारित करना होगा।

बता दें कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की कक्षा दस से ऊपर की कक्षाओं और पाठ्यक्रमों की छात्रवृत्ति योजना के तहत डाटा लॉक न होने के कारण प्रदेश के 13,500 छात्र-छात्राओं की फीस फंस गई थी। विभाग ने विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी को डाटा लॉक करने के लिए दोबारा मौका देते हुए 30 अप्रैल से 3 मई तक के लिए पोर्टल खोला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विश्वविद्यालय और एफिलियेटिंग एजेंसी ने डाटा लॉक कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी 7 मई तक डाटा सत्यापित कर अग्रसारित करेंगे। डाटा सही पाए जाने पर फीस की राशि खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बता दें कि छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार स्तर से और 60 प्रतिशत धनराशि भारत सरकार से सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है।



राजधानी स्थित कैंपल रोड निषाद राज मार्ग स्थित तिलक पैलेस में लोगों को संबोधित करते विधायक पंकज सिंह।

# अटल के सपनों का शहर बना रहे रक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की**

**अमृत विचार :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पिछले दस वर्षों से लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का शहर बनाने में लगे हैं। लखनऊ के सतत विकास के लिए 20 मई को राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करें।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने नुक्कड़ सभाओं के दौरान कही। उन्होंने कैंपल रोड में वरिष्ठजनों के साथ, रकाबगंज और समाज मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के साथ, इरम कॉलेज सेक्टर 3 इंदिरा नगर में प्रबुद्ध वर्ग के साथ, कुर्सी रोड महावीर इंटर कॉलेज में क्षेत्रीय लोगों के साथ, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड में सेक्टर की में रावत समाज के साथ और सिकंदरपुर सेक्टर एच में जनसभा और रहीम नगर रामलीला मैदान में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी सरकार की उपलब्धियां, जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रमों में विधायक डॉ. नीरज बोरा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, गोविंद पांडे, रमेश तूफानी आदि मौजूद रहे।

दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने राजनाथ सिंह के पक्ष में चरण प्लाजा में व्यापारियों के साथ, हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड के अंतर्गत जीपीओ सभागार में भारतीय टेलीकॉम इंप्लाइज यूनियन बीएसएनएल संबंध भारतीय मजदूर संघ के साथ और खदरा चुंगी पर अल्पसंख्यक मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया।

# कांग्रेस और सपा की होंगी संयुक्त रैलियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **दोनों संगठनों के नेता कार्यक्रमों को दे रहे अंतिम रूप**

▶▶ **आप नेता संजय सिंह और केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी होंगी शामिल**

**अमृत विचार :** प्रदेश के राजनीतिक मैदान में दो लड़कों यानी राहुल और अखिलेश की जोड़ी जल्द रोड शो और जनसभा करती नजर आएगी। राज्य में सपा और कांग्रेस की साझा रैलियां करने के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। इनके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को इसके लिए तारीखें और स्थान तय करने को लेकर दोनों दलों के नेताओं के बीच बातचीत भी हुई है। शुरुआत में कन्नौज, कानपुर, बाराबंकी और लखनऊ में ऐसी रैलियां हो सकती हैं। कुछ सीटों पर बड़े नेताओं का प्रवास भी संभव है। इनमें बाराबंकी, इलाहाबाद, वाराणसी, अमेठी और रायबरेली शामिल हैं।

दरअसल, प्रत्याशियों की तरफ से आई मांग के मुताबिक रैलियों की संख्या, स्थानों और तारीखों का प्रस्ताव कांग्रेस ने सपा को भेजा है। सपा नेतृत्व तारीखों का अपने कार्यक्रम के मुताबिक आकलन कर रहा है और शीघ्र निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा।

इसके बाद अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी आदि की संयुक्त रैलियां एक साथ हो सकती हैं। इनके साथ आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मंच पर नजर आ सकती हैं। वहीं, प्रचार में शामिल होने वाले नेताओं में राज बब्बर, मल्लिकार्जुन खरगे और दीपेंद्र हुड्डा के नाम भी हैं। जबकि, सपा की तरफ से अखिलेश के अलावा, प्रो. राम गोपाल, शिवपाल और डिंपल के नाम हैं।

> संयुक्त प्रचार के लिए सपा नेतृत्व से वार्ता हो चुकी है। वहां से भी समय और स्थान पर सहमति बनने के बाद साझा प्रचार कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।
> – **अविनाश पांडे, प्रभारी, उप्र. कांग्रेस**

> दोनों दलों की संयुक्त रैलियों के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। सपा प्रमुख की फाइनल स्वीकृति के बाद इसे शीघ्र सार्वजनिक किया जाएगा।
> – **राजेन्द्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, सपा**

## वर्ग पहेली-60

**बाएं से दाएं**

1. 1. शब्द, आवाज़, ध्वनि 2. किसी संत या महात्मा के उपदेश, किसी संत कवि की वाणी या भजन

4. 1. होलिका दहन के दूसरे दिन मनाया जाने वाला हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग

6. 1. शत्रु आदि द्वारा उत्पन्न किसी प्रकार के संकट से प्राण बचाने की क्रिया या भाव 2. उक्त आशय से किसी की शरण में जाने की क्रिया या भाव 3. शरण लेने का स्थान, शरण्य, आड़, आश्रय 4. रक्षा, बचाव। (मु.) -मांगना : शरण लेना, किसी से संरक्षण मांगना।

8. 1. आतश, अग्नि, आग 2. अत्यधिक गरमी, ताप 3. विस्फोटक 4. गुस्सा, क्रोध।

10. 1. दो व्यक्तियों का आपसी झगड़ा 2. शत्रुता, दुश्मनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुश्ती लड़ने और कसरत करने का स्थान; व्यायामशाला 2. किसी धार्मिक मत या संप्रदाय विशेष के साधुओं की मंडली

3. चंडी के पति अर्थात शिव, चंडीश।

5. 1. वाह, ख़ूब, अच्छा

7. नाश करना, नष्ट करना।

8. 1. शुरू, शुरुआत, आरंभ 2. पहल 3. लक्षण, आसार।

9. संभोग, रति-क्रिया, सहवास, स्त्री-पुरुष का समागम।



### वर्ग पहेली -59 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बं | | | | | 2 अँ | |
| द | | 3 मा | लि | य | त | |
| गी | | हो | | | ड़ी | |
| | 4 दि | ल | रु | बा | | 5 अं |
| | ठि | | | | | शु |
| | या | | | 6 धों | क | ना |
| 7 शो | र | से | नी | | | भि |

## सुडोकू -139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू -138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 17.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19.57 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज नए अनुबंधों को लेकर सावधान रहें। अपना समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद न करें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। आपको कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। आपको आत्मसम्मान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहेंगे। इसमें आपको अच्छी खासी सफलता भी मिलेगी। व्यापार में आपके नये सहयोगी बन सकते हैं।

**मिथुन** – आज थोक कारोबारियों के लिए दिन शानदार है। उच्च अधिकारी आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आपके व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं।

**कर्क** – आज आपके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने संबंध खराब न करें। नया काम करने में आपको थोड़ी असुविधा हो सकती है। आपकी योग्यता पर लोग संदेह कर सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं।

**सिंह** – आज सोने-चांदी के व्यापारियों को थोड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी के साथ विवाद को बढ़ावा न दें। सूनसान जगहों पर अकेले जाने से आपको बचना चाहिए। नकारात्मक लोगों की संगत के कारण आप काफी निराशा का अनुभव करेंगे।

**कन्या** – आज व्यापारी वर्ग को पुरानी क्रेडिट के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। दांपत्य जीवन में आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। दान-पुण्य आदि में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**तुला** – आज सोच-समझकर आपको शब्दों का चयन करना चाहिए। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है। ईर्ष्यालु लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। आप परिवार के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी। आय में निश्चितता बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों की उन्नति से मन उल्लासित रहेगा। प्रेम प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज अनुभवी व्यक्तियों के साथ समय बिता सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उन्नति होगी। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाकर रखें। अनावश्यक यात्राओं के कारण थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज आपके ज्यादातर काम फोन के माध्यम से हो सकते हैं। आपके संवादकौशल का विशेष लाभ आपको मिलेगा। व्यापार में आप अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। जॉब में विशेष अनुकूलता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** – आज कारोबार के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। समाज सेवी संस्थाओं में आप जुड़ सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने की योजना बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर वक्तव्य देना चाहिए। तनाव लेने से आपको बचना चाहिए।

**मीन** – आज आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय में आपको उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। घर और व्यवसाय में आप सामंजस्य स्थापित कर पाएंगे। दांपत्य संबंधों की खटपट दूर होगी। अपना ध्यान सिर्फ अपने काम पर रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
**प्रेम दीवाने** – दोपहर : 12.00
**परदेसी बाबू** – रात : 08.55

&pictures
**सत्यप्रेम की कथा** – सुबह : 10.53
**द कश्मीर फाइल्स** – रात : 08.00

Sony Pix
**होटल ट्रांसिल्वेनिया 2** – सुबह : 10.48
**द वॉटर हार्स** – रात : 09.00

Zee Cinema
**कार्तिक कॉलिंग कार्तिक** – सुबह : 11.25
**रेस** – रात : 07.45

Colors Cineplex
**हेलो ब्रदर** – सुबह : 07.52
**टाइगर नागेश्वर राव** – शाम : 06.29

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

# दबदबा दोनों का, दांव बैठेगा किसका

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को प्रदेश की जिन 10 सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, संभल, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होने जा रहा है, उनमें से पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा की साइकिल केवल संभल और मैनपुरी में ही दौड़ सकी थी। इस बार भाजपा ने इन सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं जबकि इंडिया गठबंधन से एक सीट पर कांग्रेस और नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ रही है। बसपा ने भी सभी 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन बरेली लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार का नामांकन रद्द हो जाने से उसके भी नौ प्रत्याशी ही मैदान में हैं।

हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, आंवला और बरेली में लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा की जीत का अंतर काफी बड़ा था, सिर्फ फिरोजाबाद और बदांयू सीटों पर उसे टक्कर मिली थी और जीत क्रमशः 28,781 और 18,454 वोटों में सिमट गई थी। यह दोनों ही सीटें समाजवादी पार्टी की गढ़ मानी जाती हैं। 2014 के चुनाव में इन 10 सीटों में सपा ने पांच सीटें जीती थीं। मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव, कन्नौज से डिंपल यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव और बदायूं से धर्मेंद्र यादव जीते थे। समाजवादी पार्टी के लिए इस बार सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पिछली बार की तरह बसपा और रालोद उसके साथ नहीं है। इस बार समाजवादी पार्टी को कांग्रेस का साथ तो मिला है, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के अकेले चुनाव मैदान में उतरने से इन 10 में से आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है।

**2019 में जीत का आंकड़ा**

08 भाजपा

2 सपा

**तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटें, मैदान में प्रत्याशी**

| 10 | 09 | 09 |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

**60.52%** मतदान हुआ था पिछली बार तीसरे चरण में

**तीसरा चरण : भाजपा-सपा का रण**

| 01 | 02 | 13 | 4.95 |
|---|---|---|---|
| केंद्रीय मंत्री की आगरा में दांव पर लगी है प्रतिष्ठा | योगी सरकार के मंत्रियों की मैनपुरी व हाथरस में परीक्षा | महिला प्रत्याशी थीं 2019 चुनाव के तीसरे चरण में | लाख वोटों से 2019 में भाजपा जीती थी फतेहपुर सीकरी सीट |

### संभल : सपा के चुनावी समीकरण में सेंधमारी

■ सपा ने अपने सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को मैदा में उतारा है। इसके मुकाबले भाजपा ने एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली को टिकट दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव में 1.74 लाख मतों से शफीकुर्रहमान बर्क ने परमेश्वर लाल सैनी को हराया था। बसपा की नजर दलित के साथ मुस्लिम मतदाताओं पर है जबकि सपा अपने मुस्लिम-यादव समीकरण के साथ दलित वोट बैंक पर निगाह जमाए है। भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी योगी-मोदी के नाम पर वोट जुटाने में लगे हैं।



■ प्रदेश में तीसरे चरण की 10 में ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के बीच चुनावी संग्राम

■ बसपा कुछ सीटों पर संघर्ष त्रिकोणात्मक बनाकर सपा के लिए बढ़ाती दिख रही है चुनौती



### बरेली : बसपा के वोट हड़पने की मारामारी

भाजपा ने यहां से आठ बार के सांसद संतोष गंगवार की जगह पूर्व राज्य मंत्री छत्रपाल गंगवार पर भरोसा जताया है। छत्रपाल 2022 में बहेरी विधानसभा सीट से चुनाव हार गए थे। शुरू में उनकी प्रत्याशिता का स्थानीय स्तर पर विरोध हुआ पर भाजपा ने हालात संभाल लिए। यहां सपा ने कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को टिकट दिया है। ऐसे में उन्हें सपा और कांग्रेस दोनों का वोट मिलेगा। इस सीट बसपा उम्मीदवार का पर्चा रद्द होने के बाद भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर में लड़ाई अब बसपा के वोट हथियाने की तरफ मुड़ गई है। पांच लाख मुस्लिम और करीब चार लाख कुर्मी मतदाताओं के कारण दोनों दल जातीय समीकरणों में मजबूत नजर आ रहे हैं।

### मैनपुरी में विरासत और बदलाव में सीधी टक्कर

■ मैनपुरी लोकसभा सीट पर विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव का मुकाबला योगी सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से है। वह मैनपुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में डिंपल यादव कन्नौज से हार गई थीं लेकिन मुलायम सिंह के निधन से कारण खाली हुई मैनपुरी सीट पर उपचुनाव में उन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार अखिलेश के कन्नौज में चुनाव लड़ने और पूरे प्रदेश में प्रचार करने तथा शिवपाल के अपने बेटे की सीट बदायूं में व्यस्त होने से डिंपल को अकेले मोर्चा संभालना पड़ रहा है। इस सीट पर 1996 से सपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दो विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली थी। बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने के लिए शिवप्रसाद यादव को खड़ा किया है, लेकिन सीधी टक्कर जयवीर सिंह और डिंपल यादव में है।

### बदायूं है सपा का गढ़, क्या यहां फिर खिलेगा कमल

■ सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव फिर शिवपाल यादव और अंत में उनके बेटे आदित्य यादव को उतारा था। भाजपा से मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य के स्थान पर दुर्विजय शाक्य चुनावी मैदान में हैं। यहां दोनों ही उम्मीदवार नए हैं। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। 2014 में मोदी लहर के बावजूद सपा के धर्मेंद्र यादव चुनाव जीते थे। यह सीट सपा का गढ़ गिनी जाती है। भाजपा सिर्फ दो बार ही जीत सकी है। सपा का मुस्लिम और यादव समीकरण है, तो भाजपा ने गैर यादव ओबीसी को गोलबंद किया है। बसपा ने पूर्व विधायक मुस्लिम खां को उतार कर सपा की मुश्किल बढ़ाई है, लेकिन सीधा मुकाबला सपा और भाजपा में ही नजर आ रहा है।

### आगरा सीट पर केंद्रीय मंत्री बघेल के सामने दोहरी चुनौती

■ आगरा लोकसभा सीट पिछले तीन बार से भाजपा ने जीती है। इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल को पार्टी ने फिर से मैदान में उतारा है। सपा से सुरेश चंद कर्दम और बसपा से पूजा अमरोही मैदान में हैं। दोनों ही दलित समुदाय से आते हैं और जाटव बिरादरी से तालुल्क रखते हैं। एससी-आरक्षित इस सीट पर, 20 .57 लाख मतदाताओं में लगभग 30% दलित हैं। इनमें से लगभग तीन-चौथाई जाटव हैं, जो बसपा के गिरते प्रदर्शन से तो निराश हैं, लेकिन अधिकतर अभी भी बसपा के साथ हैं। बाजपा वैश्य, ब्राह्मण, पंजाबी, गैर-यादव ओबीसी और दलितों के एक वर्ग का समर्थन पाकर आगरा में जीतती रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा दोनों द्वारा जाटव प्रत्याशी को मैदान में उतारने से लगभग दो लाख मुस्लिम वोट महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। मुसलमान बड़े पैमाने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ नजर आ रहे हैं, लेकिन बसपा भी उन्हें लुभाने की कोशिश कर रही है।

### फिरोजाबाद की तस्वीर में कमल और साइकिल के बीच कांटे का मुकाबला

■ फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर है। यहां एक-दूसरे के मतदाताओं में सेंध लगाने के प्रयास चल रहे हैं। भाजपा के प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह 2014 मे बसपा से भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में भाजपा के डॉ. चंद्र सेन जादौन ने सपा के अक्षय यादव को हराया था। लेकिन भाजपा ने सांसद चंद्र सिंह जादौन का टिकट काट दिया था, जबकि सपा ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को तीसरी बार यहां से मैदान में उतारा है। अक्षय यादव ने 2014 में भाजपा के के प्रो. एसपी सिंह बघेल को शिकस्त दी थी। प्रो. रामगोपाल यादव ने फिरोजाबाद में सपा के चुनाव प्रचार और प्रबंधन की कमान संभाल रखी है। बसपा से अलग हुए मंडल प्रभारी सत्येंद्र जैन सोली को सपा में शामिल कर उन्हें राष्ट्रीय सचिव पद दिया है। बसपा ने सोली को पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया था, बाद में प्रत्याशी बदल दिया, जिससे वह नाराज थे। बसपा आगरा के चौधरी बशीर को प्रत्याशी बनाया है। वह तीसरा कोण बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### फतेहपुर सीकरी : यहां इस बार कठिन चुनौती में फंसे भाजपा सांसद

■ सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने रामनाथ सिकरवार को उतारा है। वह प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं। प्रियंका उनके लिए रोड शो करके माहौल भी बना गई हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के राजकुमार चाहर संसद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस के राज बब्बर को हराया था। भाजपा ने चाहर पर फिर से भरोसा जताया है। लेकिन चाहर के प्रति स्थानीय जनता में नाराजगी भी नजर आ रही है। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी से ही भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के बेटे रामेश्वर चौधरी चाहर के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चौधरी बाबूलाल 2014 में भाजपा से यहां के सांसद रह चुके हैं। बसपा से यहां राम निवास शर्मा मैदान में हैं। समीकरण उलझने से कांग्रेस यहां से अपनी जीत की उम्मीद लगा रही है। पार्टी की कोशिश करीब आठ फीसदी मुस्लिम मत बटोरने के साथ ब्राह्मण मतों में सेंध लगाने की है।

### हाथरस में किस बाहरी प्रत्याशी की चमकेगी तकदीर

■ भाजपा ने हाथरस सीट से अनूप वाल्मीकि को टिकट दिया है। वह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और योगी सरकार में राजस्व राज्यमंत्री हैं। अनूप से उम्मीद है कि वह वाल्मीकि वोटरों के साथ ही ओबीसी और सवर्ण वोटरों को भाजपा के पाले में रखने में कामयाब रहेंगे। इसी फॉर्मूले से भाजपा को बीते चुनाव में जीत मिली थी, तब राजवीर सिंह दिलेर जीते थे। इस बार पार्टी ने उन्हें मौका नहीं दिया है। सपा कांग्रेस गठबंधन से भी बाहरी प्रत्याशी जसबीर वाल्मीकि हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। सपा वाल्मीकि वोटों में सेंधमारी करके मुस्लिम और यादव वोटरों के सहारे मुकाबले जीतने की रणनीति को अंजाम देने में लगी है। बसपा ने आगर के हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। हाछरस में दलित वोटों की संख्या करीब चार लाख है। इसमें करीब ढाई लाख जाटव वोटर है। इनके साथ दनगर और मुस्लिम वोट मिलने से बसपा खुद को लड़ाई में मान रही है।

### आंवला सीट पर भाजपा के सामने चुनौती का दोहरा मोर्चा

■ आंवला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी भाजपा के बड़े नेता लगातार दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। चार दिन में मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। लेकिन सपा की चुनौती कम नहीं हुई है।

### एटा में सपा का शाक्य पर दांव कितना असरदार

एटा लोकसभा सीट को भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गढ़ माना जाता रहा है। 2009 में कल्याण सिंह यहां से जीते थे। इसके बाद बीते डेढ़ दशक से यहां विपक्ष वनवास पर है। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर तीसरी बार इस सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन समीकरण पिछली बार से बदले हैं। सपा इस बार उनके मुकाबले में देवेश शाक्य को चुनाव में लाई है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान को उतारा है। मुस्लिम होने के नाते वह सपा को चुनौती दे रहे हैं। यादव बाहुल्य इस सीट पर सपा के शाक्य प्रत्याशी मैदान में उतारने से कई यादव नेता अखिलेश यादव से नाराज हो गए हैं। एटा सीट पर सर्वाधिक मतदाता लोधी समाज के हैं। इसके बाद यादव और शाक्य भी बहुतायत में हैं। भाजपा सवर्ण, लोधी और शाक्य मतदाताओं के समीकरण पर यहां चुनाव जीतती है, तो सपा यादव, मुस्लिम का मेल बैठाती थी। लेकिन सपा ने इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर यादव, मुस्लिम और शाक्य का समीकरण बनाया है। सपा जहां शाक्य मतदाताओं का अपने साथ होने का दावा कर रही है, वहीं भाजपा यादव वोट अपने खेमे में आने का प्रचार कर रही है। यह देखने वाली बात होगी कि सपा का शाक्य और बसपा का मुस्लिम दांव कितना असरदार होगा।

# कन्नौज में आसान नहीं 'साइकिल' का सफर

इरा अवस्थी, कन्नौज

● सपा के लिए बसपा संजीवनी भाजपा का कर सकती नुकसान

● सपा दूसरे वर्गों में जितना कर लेगी सेंधमारी, उतना फायदा

**अमृत विचार।** कंकरीली-पथरीली राहों से होते हुए अब कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का चुनाव चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की तैयारियां जोरों से शुरू हैं तो प्रत्याशियों के भाग्य के फैसले की घड़ी की भी उल्टी गिनती शुरू है। इस बार भले ही सपा मुखिया मैदान में हैं और जीत को लेकर आश्वस्त हें लेकिन राह इतनी भी आसान नहीं है। भाजपा प्रत्याशी से सीधी टक्कर है तो बसपा से भी उम्मीदवार मैदान में है। ऐसे में बसपा किसी का खेल बनाने तो किसी का बिगाड़ने का काम करने वाली है।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज एक बार फिर से वीआईपी की श्रेणी में आ गया है। सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां से मैदान में हैं तो सामने फिर से भाजपा के सुब्रत पाठक टक्कर दे रहे हैं तो तीसरी ओर बसपा से इमरान बिन जफर भी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की जुगत में हैं। पार्टी मुखिया के मैदान में होने से सपाई अतिउत्साहित हैं और सौ फीसदी जीत तय मानकर चल रहे हैं। हालांकि वे राह जितनी आसान समझ रहे हैं उतनी तो होने वाली नहीं लगती है। कारण यह कि भाजपा के प्रत्याशी के पास मोदी-योगी के काम के सहारे के अलावा राम मंदिर का भी तुरुप है। यह बात अलग है कि क्षेत्र में कोई काम न होने को लेकर जगह-जगह वोट मांगने जा रहे भाजपाइयों के विरोध का सामना करना पड़ा रहा है। बावजूद इसके वे मानते हैं कि एक वर्ग विशेष के पास भाजपा ही एकमात्र विकल्प है तो वोट तो हर हाल में कमल को ही मिलेगा। उधर, समाजवादी पार्टी बार-बार अपने पुराने विकास कार्य जो कन्नौज की धरती पर कराए वह गिनाने के साथ ही सरकार को घेर रही है कि उसने काम रुकवा दिए। इसके साथ ही देश स्तर के मुद्दे भी देकर जीतने की पूरी कोशिश में हे। दो दिन पहले हसेरन में हुई जनसभा में अखिलेश यादव ने वोट के लिए लगभग सभी दांव खेले। कोरोना वैक्सीन का मुद्दा उठाने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कह बड़े वर्ग को वोट के लिए प्रेरित करने की कोशिश की।

फिर रसूलाबाद की हवाई पट्टी व तिर्वा के पैरामेडिकल कॉलेज को अवंतीबाई के नाम पर करने का भरोसा दिलाकर लोधी वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश की। क्षत्रियों का भी हिमायती बन वोट से फैसला करने आह्वान किया। बसपा की बात करें तो कोर वोट दलित तो किसी और को न मिलने की बात कही जा रही है जबकि विगत चुनाव में यह वोट भाजपा को गया था। इस तरह से यह बड़ा नुकसान भाजपा को झेलना पड़ सकता है। कौम का वोट बहुत अधिक काट सकेंगे इसको लेकर संदेह है।

अब सपा की जीत का गणित समझें तो यादव और मुस्लिम वर्ग के बारे में माना जाता है कि उनका वोट उसी को जो 'भाजपा को हराए।' राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह वोट तो उनका पक्का है। बताया जा रहा है कि हितों की अनदेखी से व्यापारियों का बड़ा वर्ग भी भाजपा प्रत्याशी से नाराज है तो इसे सपा भुनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ेगी। इसके साथ ही बसपा जितना दलित वोट काटेगी उतना भाजपा को नुकसान तो सपा का फायदा होगा। हालांकि यह तो गुणा-भाग है और जनता फिलहाल मौन है। बात करने पर नाराजगी तो जताती है लेकिन वोट के नाम पर साफ कह दिया जाता है कि मौके पर ही मन बनाएंगे कि किसको चुनें। चुनेंगे उसको ही जो काम कराएगा।

**मांगा समर्थन**



शिकोहाबाद में आयोजित जनसभा को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबोधित किया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहे।

# गैर यादव ओबीसी से सपा ने रचा चुनावी चक्रव्यूह

चुनाव डेस्क



● पार्टी ने सिर्फ 7 प्रतिशत यादव प्रत्याशी उतारे, भाजपा से केवल एक यादव चुनाव के मैदान में

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 80 में से 62 सीट पर चुनाव लड़ रही है, 17 सीटें उसने कांग्रेस और एक तृणमूल कांग्रेस के लिए समझौते में छोड़ी है। अब तक यादव-मुस्लिम समीकरण के सहारे चुनावी रण में उतरती आई समाजवादी पार्टी ने इस बार भाजपा को घेरने के लिए नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाई है। इसके चलते पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश में सिर्फ इस बार पांच यादव प्रत्याशी उतारे हैं। कन्नौज सीट पर खुद अखिलेश स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं, तो मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव और फिरोजाबाद सीट से रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा किसी भी सीट पर सपा ने कोई भी यादव प्रत्याशी नहीं दिया है, यहां तक कि पूर्वांचल में भी केवल आजमगढ़ में ही यादव प्रत्याशी उतारने का जोखिम उठाया है, जबकि इस इलाके में करीब आधा दर्जन सीटों पर यादव मतदाता प्रभावी भूमिका में है। सपा ने वर्ष 2009 में 11 तो 2014 में 13 और 2019 के लोकसभा चुनाव में 11 यादव समुदाय के प्रत्याशी प्रदेश में उतारे थे।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार चार यादव समाज के प्रत्याशी उतारे हैं। बसपा ने मैनपुरी सीट से शिव प्रसाद यादव, रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव, सीतापुर में महेंद्र यादव और बलिया से ललन यादव को प्रत्याशी घोषित किया था। सपा-बसपा के मुकाबले भाजपा ने यादव बिरादरी से सिर्फ दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया है। प्रदेश में करीब आठ फीसदी वोटर्स यादव समुदाय के हैं, जो कि ओबीसी समुदाय की कुल आबादी का 20 फीसदी माने जाते हैं। इस तरह ओबीसी समुदाय में सबसे बड़ी आबादी यादव वोटर्स की है, यादवों को टिकट देने में कटौती करने वाली सपा ने कुर्मी समाज पर दरियादिली दिखाई है।

सपा ने 10 लोकसभा सीटों पर कुर्मी समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं, जो पार्टी में किसी एक समुदाय के सबसे ज्यादा उम्मीदवार हैं। यूपी में पिछड़ी जातियों में यादव समाज के बाद सर्वाधिक आबादी कुर्मी समाज की मानी जाती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुर्मी समाज से लखीमपुर खीरी में उत्कर्ष वर्मा, बांदा से शिवशंकर पटेल, अंबेडकर नगर सीट पर लालजी वर्मा, बस्ती में रामप्रसाद चौधरी, प्रतापगढ़ सीट पर डॉ. एसपी सिंह पटेल, गोंडा सीट पर श्रेया वर्मा, पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार, श्रावस्ती सीट पर राम शिरोमणि वर्मा और फतेहपुर में प्रदेश अध्यक्ष नरेश सचान को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रत्याशियों की सूची में जातिगत भागीदारी के लिहाज से 48% से अधिक टिकट गैर-यादव ओबीसी को मिले हैं। 2014 और 2019 के मुकाबले यह आंकड़ा दोगुना है।

# भाजपा ने ब्राह्मण और राजपूत को दी बराबर भागीदारी

**बदलते समीकरण**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की 80 में से 75 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पांच सीटों पर पार्टी के सहयोगी दल चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की तरफ से सामान्य वर्ग के 33, ओबीसी के 26 और अनुसूचित जाति के 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। जातीय समीकरणों के लिहाज से भाजपा ने 13 ब्राह्मण, 13 राजपूत तथा दो वैश्य उम्मीदवार उतारे हैं। इनके अलावा सामान्य वर्ग को पांच और टिकट दिए हैं, जनमें दो भूमिहार प्रत्याशियों के अलावा एक-एक पंजाबी और पारसी प्रत्याशी भी है। भाजपा ने ओबीसी जातियों में सबसे अधिक छह प्रत्याशी कुर्मी समाज से उतारे हैं। इसके बाद चार लोध, तीन जाट, तीन निषाद और दो गुर्जर जाति के लोगों को टिकट दिए गए हैं। पार्टी ने कश्यप, सैनी, यादव, शाक्य, कुशवाहा और तेली जाति का एक-एक प्रत्याशी मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों में तो भाजपा ने पासी जाति से छह, खटिक से तीन और जाटव जाति के दो लोगों को उम्मीदवार बनाया है। धनगर, धानुक, बाल्मिकी, गोंड और कोरी जाति से एक-एक प्रत्याशी बनाया है।




■ प्रदेश में पार्टी के लगभग 80 फीसदी प्रत्याशी सामान्य और ओबीसी वर्ग से

### सात महिलाओं पर जताया भरोसा

■ नारी शक्ति वंदन बिल पास होने के बाद भले ही पार्टी ने महिलाओं को एक तिहाई भागीदारी की बात कही हो, लेकिन चुनावी मैदान में 10 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया गया है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सात महिलाओं को ही टिकट दिया है। इसमें भी जातियों का ध्यान रखा गया है। तीन महिला प्रत्याशी सामान्य श्रेणी से हैं तो दो-दो ओबीसी और अनुसूचित जाति वर्ग की हैं। इनमें मथुरा से हेमा मालिनी, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, अमेठी से स्मृति ईरानी, फतेहपुर से निरंजन ज्योति, धौरहरा से रेखा वर्मा, बाराबंकी से राजरानी रावत और लालगंज से नीलम सोनकर हैं।

इलेक्शन बायस्कोप



भाजपा से लखनऊ संसदीय सीट पर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को ईसाई अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी अपना समर्थन दिया है रक्षामंत्री के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने समुदाय के लोगों को प्रेरित करते, मोर्चा के पदाधिकारी। –अमृत विचार

## युवाओं के साथ छलावा कर रही भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश व देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान व प्रदेश महासचिव आर्यन मिश्रा ने संयुक्त तौर पर कहा कि कोई नया निवेश नहीं हो रहा है इसलिए नये रोजगार सृजित नहीं हो रहे हैं। पार्टी नेता शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि अभी हाल ही में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आई है जिसमें पता चला कि देश में जो बेरोजगार हैं उसमें से 83 प्रतिशत युवा हैं। यह उस देश की स्थिति है जहां पर 18 से 35 वर्ष के बीच की 60 प्रतिशत की आबादी युवाओं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जुलाई 2017 में दरोगा भर्ती समेत विभिन्न भर्तियों के लिए परीक्षाएं हुईं, पर पर्चा लीक होने से युवाओं का भविष्य पर संकट आ गया।

# रिश्ते-नातों के भरोसे बाहुबलियों की राजनीति

**लोकसभा चुनाव में फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं मैदान में नहीं**

**बृजभूषण पुत्र को तो धनंजय पत्नी को लड़ा रहे चुनाव**

**हाईकोर्ट के फैसले पर टिका अफजाल अंसारी का भविष्य**

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बाहुबलियों का चुनाव लड़कर सत्ता में भागीदार बनने के सिलसिले का लगभग अंत हो चला है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाहुबलियों की राजनीति अब रिश्ते-नातों के भरोसे रह गई है। कोई अपने पुत्र-पुत्री को लड़ा रहा है तो कोई पत्नी को। गाजियाबाद से गाजीपुर तक इसबार एक भी बाहुबली चुनाव मैदान में नहीं है। जिस प्रदेश में बाहुबलियों के भरोसे चुनाव जीते जाते थे, वहां फिलहाल एक भी बाहुबली स्वयं चुनाव नहीं।

यह पहला चुनाव है जिसमें एक भी बाहुबली सीधे तौर पर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। टिकट न मिलने की परिस्थिति जो भी हो, लेकिन यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत जरूर हैं। जब टिकट नहीं मिला तो बाहुबलियों के रिश्ते-नातों में टिकट दिया गया। संभवतः यहां पार्टियों को जीत की गारंटी दिख रही थी। कानून के लगातार शिकंजा कसने का असर यह हुआ कि धनंजय सिंह स्वयं चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिलवा दिया। वहीं बृजभूषण सिंह का भारी विरोध हो रहा था, ऐसी स्थित में भाजपा द्वारा उनको टिकट देना संभव नहीं था। इसलिए उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया गया। बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण भी विधायक हैं। अभी तक प्रतीक भूषण को ही बृजभूषण सिंह का राजनैतिक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलना इनके राजनैतिक विराम के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि राजनीति में कुछ भी संभव है। वहीं अफजाल अंसारी के भविष्य का फैसला 13 मई को हाईकोर्ट में होना है। तीन मई को हाईकोर्ट में उनके भाग्य का फैसला होना था, लेकिन हाईकोर्ट ने तिथि आगे बढ़ाकर 13 मई कर दी। फिलहाल सजा का अंदेशा होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी नुसरत अंसारी को मैदान में उतार दिया है। वह अपने पक्ष में प्रचार भी कर रही हैं। उसी तरह सक्रिय हैं जैसे एक प्रत्याशी सक्रिय होता है। बताया जा रहा है कि अगर 13 मई को अफजाल की सजा में अफजाल के अनुरूप कोई संसोधन होता है तो अफजाल ही चुनाव लड़ेंगे अथवा उन्होंने विकल्प के रूप में बेटी को उतार दिया है। अफजाल के चुनाव न लड़ने से एक और बाहुबली चुनाव लड़ने से दूर हो जाएगा। इंडी गठबंधन भी हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। अगले ही दिन यानी 14 मई से गाजीपुर संसदीय सीट के लिए नामांकन शुरू हो जाएगा। ऐसी स्थित में 13 मई के फैसले पर सभी पार्टियों कीनजरहै।

● **अफजाल ने बेटी नुसरत को भी मैदान में उतारा है**





## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस का फ़ैसला किसी हिस्ट्री से कम नहीं है कि गांधी परिवार ने अमेठी के अपने तथाकथित गढ़ को छोड़ दिया है, यह पहली बार नहीं है। – **स्मृति इरानी**



यह चुनावी लड़ाई मंदिर बनाने और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है। कांग्रेस के शासन में आतंकियों को बिरयानी खिलायी जाती थी, आज मुंह तोड़ जवाब दिया जाता है। – **ब्रजेश पाठक**



राहुल भारत के मूल सिद्धांत समझना नहीं चाहते। वे जातिगत गणना कराना चाहते हैं। जबकि बहुत से लोग अपनी जाति बताना नहीं चाहते। – **जयंत चौधरी**



भाजपा के लोग विपक्ष को दबा रहे हैं। इनके मंत्री विधायक जमीनों पर कब्जा रहे हैं। सरकारी संस्थानों को प्राइवेट हाथों में बेचा जा रहा है। –**नरेशउत्तमपटेल**

# मुस्लिम, यादव और ब्राह्मण के नाम पर सपा-बसपा करेंगी संग्राम

**15 दिनों में माहौल बदलने की बिसात बिछा रहीं दोनों पार्टियां**

**पिता से राजनीतिक ककहरा सीख मैदान में उतरे करण**

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज लोकसभा की जमीन के जर्रे-जर्रे पर नींव खड़ी कर चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह ही धमक पर भाजपा की बांछें खिली हुई हैं, जबकि कैसरगंज की जमीन से दूर रहे नेताओं पर सपा व बसपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की तैयार 15 साल के मैदान पर ही बैटिंग करनी है वह भी 15 दिनों में। बृजभूषण की सजाई फील्डिंग पर ही पुत्र भी बैटिंग को उतर चुका है, जबकि सपा मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण फैक्टर पर भगतराम को मैदान में उतारा है, और बसपा को कैडर वोट के वापस आने तथा ब्राह्मण वोटरों का सहारा है।

शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण शरण सिंह को पार्टी ने मैदान में उतारा है। अपने पिता से राजनीतिक ककहरा सीख कर मैदान में उतरे करन को अपने पिता की सजाई फील्ड पर ही बैटिंग करनी है और उनके 15 साल की तैयार जमीन पर ही जीत का पौध लगाना है। कैसरगंज में तरबगंज विधानसभा उनकी अपनी विधानसभा है और यहां से भाजपा के विधायक प्रेम नरायन पांडेय नामांकन के दौरान उपस्थित रहे। दूसरी विधानसभा करनैलगंज है। यहां के विधायक अजय कुमार सिंह भी बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। कटरा बाजार विधानसभा में भाजपा के विधायक बावन सिंह भी बृजभूषण व उनके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में डटे हैं। तीसरी विधानसभा कैसरगंज है। वहां भाजपा का विधायक तो नहीं है लेकिन वहां बृजभूषण सिंह की अपनी साख है। पयागपुर में भाजपा के विधायक सुभाष त्रिपाठी हैं और वह भी बृजभूषण के करीबी हैं। ऐसे में कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा के सिटिंग एमएलए हैं और पूरी शिद्दत के साथ पार्टी उम्मीदवार के साथ डटे हैं। मुख्यमंत्री ने भी भाजपा के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जीत दिलाने की हामी भरवा चुके हैं। ऐसे में भाजपा के नवधा खिलाड़ी को राजनीति की डोर थमाने के लिए तेज तर्रार प्रशिक्षक की भूमिका में विधायक लगे हैं।

उधर समाजवादी पार्टी ने राजनीति के माहिर खिलाड़ी भगतराम मिश्र को मैदान में उतारा है। भगतराम मिश्र लोकसभा व विधानसभा का चुनाव पहले ही अलग-अलग सीट से लड़ चुके हैं। बहराइच लोकसभा से 2004 में चुनाव बसपा से लड़े थे। 2007 में भिनगा विधानसभा का चुनाव लड़े तथा 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर से चुनाव लड़ चुके हैं। जीत तो उन्हें नहीं मिली परंतु राजनीति के उतार चढ़ाव की जानकारी अवश्य है। मुस्लिम व यादव मतदाता के साथ उन्हें ब्राह्मण मतदाताओं का बैकअप तैयार करने के लिए तरबगंज से राम भजन चौबे, करनैलगंज से पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, मुस्लिम नेता मसूद आलम, पयागपुर से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव का साथ मिला है। कैसरगंज में सपा विधायक आनंद यादव का बल भी प्राप्त है। वहीं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का पैतृक घर पयागपुर में है। वह बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के करीबी हैं और पुराने कैडर मतों के साथ ब्राह्मण वोटों पर भरोसा है। कैसरगंज लोकसभा के पांचों विधानसभा में केवल एक बार करनैलगंज में बसपा का विधायक रहा। भाजपा के साथ सपा व बसपा के उम्मीदवारों को मात्र 15 दिनों में सीट फतह करनी है। इसमें किसी की फील्ड सजी है तो किसी को सजाना है।



करण भूषण सिंह



भगत राम मिश्र



नरेंद्र पाण्डे

### जातीय समीकरण का आंकड़ा




### भाजपा के चार विधायकों व बृजभूषण की भी परीक्षा

भाजपा करनभूषण शरण सिंह को लेकर आश्वस्त है और राम तथा विकास के नाम के साथ मोदी व योगी की छवि पर वोट मिलने की उम्मीद जता रही है लेकिन कैसरगंज की सीट उतनी आसान नहीं है जितनी समझी जा रही है। जाति के फैक्टर के साथ जातियों व धर्म रुझान भी बहुत कुछ मायने रखते हैं। कैसरगंज में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिसमें चार पर भाजपा का ही कब्जा है। इन चारों विधायकों की भी अग्नि परीक्षा है साथ में 15 साल तक कैसरगंज की नुमाइंदगी कर चुके बृजभूषण शरण सिंह की पैठ व उनके कद की भी परीक्षा होनी है।

### कैसरगंज से तीनों प्रत्याशी पहली बार मैदान में

पहली बार है जब कैसरगंज सीट से लड़ने वाले तीनों दलीय उम्मीदवार पहली बार मैदान में उतरे हैं। कैसरगंज सीट पर भाजपा से करनभूषण पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सपा से भगत राम बहराइच सीट से एक बार चुनाव जरूर लड़ चुके हैं लेकिन कैसरगंज के लिए उनका चेहरा भी पहली बार सामने आया है। इसी तरह नरेंद्र पांडेय बसपा से मैदान में हैं लेकिन वह भी पहली बार ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में तीनों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है सिर्फ पाने की जद्दोजहद करनी है। अंतर सिर्फ इतना है कि करन भूषण के पिता की प्रतिष्ठा कैसरगंज से जुड़ी है।

## चुनावी चक्कर

● **डीएम साहब ! भूसा रख लो, चुनाव लड़ने दो :**

बोरी में चिल्लर पैसे भरकर बैंक में जमा करने या कार खरीदने शो-रूम पहुंचने की खबरें तो आती रहती हैं। लेकिन इस बार चुनाव के दौरान कुछ ऐसा दिलचस्प मामला सामने आया है। बलिया में एक प्रत्याशी जिलाधिकारी कार्यालय में भूसा लेकर पहुंच गया। वहां, उसने कहा कि उसके पास नामांकन के दौरान जमानत राशि जमा करने के लिए रुपए नहीं है, ऐसे में वह भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ना चाहता है। इस बीच इस शख्स को देखने के लिए तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। जब उसने डीएम रविन्द्र कुमार को पत्र देकर भूसा और अनाज बेचकर चुनाव लड़ने की बात कही तो वह भी अपनी हंसी न रोक सके। अब यह भी जान लीजिए आखिर यह शख्स है कौन? इनका नाम है नवीन कुमार राय जो बलिया के पटखौली के रहने वाले हैं और काफी समय से सड़क पर टहलने वाले आवारा पशुओं की सेवा करते हैं। सड़क पर घायल पशु दिखाई देते हैं तो तत्काल उनका इलाज करते हैं। उनका कहना है कि इन बेजुबानों की सेवा बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग पशुओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसीलिए वह सांसद बनकर पशुओं के लिए भी बनने वाली नीतियों में शामिल होना चाहते हैं। इससे पहले जब नवीन कुमार बलिया डीएम के ऑफिस जा रहे थे तो राहगीरों ने देखा कि उनके सिर पर एक बोरी रखी थी, जिसमें भूसा और अनाज रखा हुआ था। भूसा और अनाज लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचने की जब नवीन ने वजह बतायी कि तो वहां मौजूद डीएम समेत सभी हंसने लगे। नवीन कुमार ने बताया कि नामांकन करने और सिक्योरिटी मनी जमा करने के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में वह अपना अनाज और भूसा बेचना चाहते हैं। बेचकर जो रुपए उन्हें मिलेंगे उनसे वे चुनाव लड़ेंगे। बहरहाल, डीएम रविन्द्र कुमार ने नवीन की भावनाओं की कद्र करते हुए उसे सलाह दी कि वह भूसा गोवंश आश्रय केंद्र में दान कर दे और अनाज के सदुपयोग पर भी विचार करे।

# देवरिया में भाजपा और इंडी गठबंधन आमने-सामने, बसपा ने नहीं खोले पत्ते

**मौजूदा सांसद का टिकट काट कर भाजपा ने शशांक मणि को बनाया प्रत्याशी**

**इंडी गठबंधन के अखिलेश सिंह हैं मैदान में, बसपा ने नहीं घोषित किया प्रत्याशी**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** देवरिया जिले में भी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य से सटा यह जिला प्रदेश महत्वपूर्ण जिलों में गिना जाता है, इस सीट से राज्य के कई कद्दावर नेता चुनाव लड़ चुके हैं. देवरिया जिले को मार्च 1946 को गोरखपुर से अलग कर बनाया गया था।

देवरिया संसदीय सीट को 2 जिलों की सीट को मिलाकर बनाया गया। सवर्ण बाहुल्य इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा 6 बार और भाजपा 4 बार चुनाव जीत चुकी है। इस सीट से सपा और बसपा ने भी जीत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में देवरिया संसदीय सीट से रमापति राम त्रिपाठी को जीत मिली थी। भाजपा का यहां पर पिछले 10 साल से कब्जा बना हुआ है। देवरिया से भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह से है। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह कांग्रेस के प्रवक्ता और दिग्गज नेताओं में गिने जाते हैं। इस सीट पर शशांक जहां पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। तो वहीं अखिलेश का जनाधार भी काफी मजबूत है। वहीं बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं जिससे यहां का समीकरण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। फिलहाल सवर्ण बाहुल्य सीट होने के नाते यहां गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है।

2019 के चुनाव में भाजपा ने रमापति राम त्रिपाठी को मैदान में उतारा और उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विनोद कुमार जयसवाल को हराया। रमापति राम त्रिपाठी को 580,644 वोट मिले तो विनोद कुमार जयसवाल के खाते में 3,30,713 वोट आए। रमापति ने 2,49,931 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया। इससे पहले 2014 के चुनाव में भी भाजपा को जीत मिली थी, भाजपा के टिकट पर कलराज मिश्रा ने बसपा के नियाज अहमद को 2,65,386 मतों के अंतर से हराया था, कलराज मिश्रा को चुनाव में 4,96,500 वोट मिले थे।वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवार गोरखप्रसाद जयसवाल ने 2,19,889 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर भाजपा के उम्मीदवार श्री प्रकाशमणि त्रिपाठी रहे थे, जिन्हें 1,78,110 मतदाताओं का साथ मिल सका था।



शशांक मणि त्रिपाठी।



अखिलेश सिंह।



### 1984 में आखिरी बार जीती थी कांग्रेस

ये सीट आजादी के बाद से 1984 तक सोशलिस्ट और कांग्रेस का गढ़ बनी रही। कांग्रेस ने यहां 1951 में जीत के साथ शुरुआत की। लेकिन 1990 में राम मंदिर आंदोलन के बाद यहां मंडल और कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ लिया। कांग्रेस धीरे-धीरे हाशिए पर चली गई और मुकाबाल सपा-बसपा और भाजपा के बीच सिमट गया। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां से जीती थी, उस समय दिग्गज नेता राज मंगल पांडेय यहां जीते और केंद्रीय मंत्री बने थे।

### जातीय समीकरण

जातिगत समीकरण की बात करें, तो ये सीट सवर्ण बाहुल्य सीट मानी जाती है। इसमें सर्वाधिक संख्या में ब्राह्मण 27 प्रतिशत हैं, अनुसूचित जाति के लोग 14 प्रतिशत, अल्पसंख्यक 12 , यादव 8 , वैश्य 8 , सैंथवार 6 , कुर्मी 5 , क्षत्रिय 5, कायस्थ 4 , राजभर 4 , निषाद 3 प्रतिशत हैं वहींअन्य 4 प्रतिशत मतदाता हैं।

### 2019 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमापति राम त्रिपाठी | 5,80,644 |
| बसपा | विनोद कुमार जयसवाल | 3,30,713 |
| कांग्रेस | नियाज अहमद खान | 51,056 |




### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कलराज मिश्र | 4,96,500 |
| बसपा | नियाज अहमद | 2,31,114 |
| सपा | बालेश्वर यादव | 1,50,852 |
| कांग्रेस | सभा कुँवर | 37,752 |




### 2009 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | गोरख प्रसाद जयसवाल | 2,19,889 |
| भाजपा | प्रकाश मणि त्रिपाठी | 1,78,110 |
| सपा | मोहन सिंह | 1,51,389 |
| कांग्रेस | बालेश्वर यादव | 91,488 |




**2024 - मतदाताओं की संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,62,393 |
| पुरुष | - 9,85,102 |
| महिला | - 8,77,183 |
| अन्य | - 108 |

**2014 नोटा**
12,405

**2019 नोटा**
13,421

### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1951 | विश्वनाथ राय/सरजू प्रसाद मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम जी वर्मा | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1962,67 व 71 | विश्वनाथ राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | उग्रसेन सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | रामायण राय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राजमंगल पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राजमंगल पांडे | जनता दल |
| 1991 | मोहन सिंह | जनता दल |
| 1996 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | प्रकाश मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहन सिंह | समाजवादी पार्टी |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

देवरिया लोकसभा सीट के तहत आने वाली पांचों विधानसभा क्षेत्रों पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में पथरदेवा सीट पर सूर्य प्रताप शाही (उप्र. सरकार में कृषि मंत्री), देवरिया सदर सीट पर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट पर सुरेंद्र चौरसिया, तमुकुहीराज सीट पर आसिम कुमार और फाजिलनगर सीट पर सुरेंद्र कुशवाहा ने जीत हासिल की।

### सपा नेताओं को था पूरा भरोसा

समाजवादी पार्टी ने देवरिया लोकसभा सीट पर लगभग एक साल पहले ही तीन लोगों को प्रभारी बनाया था, जिसमें पूर्व मंत्री और किसान नेता राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की बेटी और पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह और नौकरशाह से नेता बने अशोक सिंह कुशवाहा शामिल थे। तीनों प्रभारियों ने काफी जोर-जोर से अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था। कार्यकर्ताओं को पक्का भरोसा था कि गठबंधन चाहे किसी भी पार्टी से हो, इस बार समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार ही यहां से चुनाव लड़ेगा लेकिन कांग्रेस से गठबंधन के बाद सीट शेयरिंग के फार्मूले ने यहां के सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मायूस कर दिया है ।यह सीट कांग्रेस के खाते में आ गई।

## बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं स्वामी प्रसाद



**अमृत विचार, लखनऊः** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य प्रदेश में चुनाव के आखिरी चरण में बसपा से गठबंधन कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में शनिवार को ऐसी चर्चाएं होती रहीं। सातवें चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्गंज सीटें शामिल हैं।

मौर्य अपनी पार्टी के ओर से कुशीनगर सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं। चर्चा है कि इस सीट पर बसपा से समर्थन लेंगे। इस सीट पर भाजपा ने विजय कुमार दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। इंडी गठबंधन के तहत सपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू को टिकट दिया है। बसपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का गठन किया। पूर्व में उन्होंने इंडी गठबंधन को समर्थन दिया था, पर सीटों के बंटवारे में इंडी गठबंधन ने ध्यान नहीं दिया, तो उन्होंने कुशीनगर सीट से अपनी पार्टी की ओर से खुद को प्रत्याशी घाषित कर दिया। फिलाल स्वामी के मैदान में उतरने पर यहां का मुकाबला रोचक हो गया है।

# चुनावी इश्तिहार में युवा खोज रहे रोजगार

दिग्विजय सिंह

चुनावी मुद्दा

## राजनीतिक दलों के वादों में फिर से गुम न हो जाए युवाओं की नौकरी की चाहत

## चुनावी अभियान में चर्चा पाने के बावजूद दूसरे मुद्दे परवान चढ़ने से चिंतित हैं युवा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इस बार 1.8 करोड़ युवा पहली बार वोट डाल रहे हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 19.47 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बूथ पर पहुंचने के लिए बेताब है। इन युवाओं के मन में सबसे बड़ा मुद्दा नौकरी और रोजगार का है, लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच छिड़े आरोप-प्रत्यारोप में उसे नौकरी की बात कम ही सुनाई दे रही है। हालांकि चुनावी घोषणा पत्र के बाद प्रचार अभियान में इस बड़े वोट बैंक पर सभी प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पैनी नजर है। कांग्रेस और भाजपा के साथ उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने खासतौर पर इन युवा वोटरों पर फोकस कर रखा है। युवाओं को अपने पाले में खींचने के लिए रोजगार की बात को हर कोई अपने तरीके से एड्रेस करने में लगा है।

### परीक्षा भर्ती के लिए सख्त कानून, आरोपी पाएंगे सजा

- भाजपा सरकार को रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस लगातार कठघरे में खड़ी करती रही है। हाल में यूपी, बिहार समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए थे। इससे आक्रोशित युवाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। पेपर लीक की वजह से यूपी पुलिस भर्ती समेत कई परीक्षाएं रद हो गई थीं। ऐसे में इस मुद्दे को दोनों दलों ने चुनाव पूर्व वादे में गंभीरता से लिया है। कांग्रेस ने पेपर लीक मामलों से निपटने के लिए फास्ट-ट्रैक्ट कोर्ट बनाने और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा देने की बात कही है, वहीं भाजपा का कहना है कि उसने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। इसके जरिए आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**1.8** करोड़ युवा पहली बार डाल रहे हैं वोट

**19.47** करोड़ 20-29 वर्ष आयु वर्ग के वोटर



**27%** लोग मानते हैं बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा

**30%** से ज्यादा बढ़ी बीते 24 साल में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं की जमात

मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024

बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है।

### 62 % बोले, नौकरी पाना कठिन हुआ

- पिछले पखवाड़े सामने आए सीएसडीएस-लोकनीति के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में मतदाताओं ने भी सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी को लेकर दर्ज करायी थी। सर्वे में सबसे 27 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी को बड़ी मुद्दा बताया था। सर्वेक्षण में शामिल लगभग दो तिहाई 62% लोगों का मानना था कि नौकरियां पाना अधिक मुश्किल हो गया है। ऐसा मानने वाले शहरों में 65%, गांवों में 62% और कस्बों में 59% थे। केवल 12% ने यह राय दी थी कि नौकरी पाना आसान हो गया है। सर्वेक्षण के मुताबिक 17 फीसदी लोग राज्य सरकार, 21 फीसदी केंद्र और 57 फीसदी लोग केंद्र व राज्य दोनों सरकारों को नौकरी के अवसर कम करने का जिम्मेदार मानते हैं। मानव विकास संस्थान और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 भी देश में बेरोजगारी की स्थिति को बयां करती है। रिपोर्ट के अनुसार देश के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं और कुल बेरोजगार युवाओं में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 65 .7% है, जबकि वर्ष 2000 में यह दर 35 .2 फीसदी थी। यानी बेरोजगार युवाओं के बारे में कोई यह भी नहीं कह सकता है कि जब पढ़ोगे नहीं तो, रोजगार कहां से मिलेगा। पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, इंफ्रास्टक्चर और पर्यटन में रोजगार के साथ फूड प्रोसेसिंग हब बनाएगी भाजपा

- भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार, इंफ्रास्टक्चर में निवेश से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की बात कही है, लेकिन कितने रोजगार या कितनी नौकरियां दी जाएंगी, इसे लेकर कोई ठोस आंकड़ा नहीं दिया है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए भाजपा ने देश को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की घोषणा की है। दावा किया गया है कि इससे युवाओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। खासकर श्रीअन्न का उत्पादन करने वाले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। पार्टी का कहना है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू करने के साथ ही मुद्रा योजना में 20 लाख रुपये लोन देकर रोजगार के साधन पैदा किए जाएंगे। नौकरियों के अवसर पैदा करने के लिए ढांचागत सुविधाओं, निर्माण क्षेत्र, स्टार्टअप, निवेश, खेल, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं पर ध्यान दिया जाएगा। आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएम और एम्स के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को सुदृढ़ करके उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ायी जाएगी। युवाओं के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना, शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने की भी भाजपा ने घोषणा की है।

### कांग्रेस ने किया रोजगार क्रांति का वादा पेपर लीक होने पर मिलेगा मुआवजा

- कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में केंद्र सरकार में स्वीकृत पड़े लगभग 30 लाख रिक्त पद भरने का वादा किया है। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामलों में फैसला देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा के साथ ही सभी पीड़ित अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की भी बात कही है। पार्टी ने पक्की नौकरी की गारंटी के लिए 1961 के अप्रेंटिस शिप एक्ट की जगह प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम लाने की बात कही है। पार्टी के मुताबिक यह नया कानून 25 साल से कम उम्र के हर डिप्लोमा धारक या कॉलेज ग्रेजुएट पर लागू होगा। निजी और सरकारी कंपनियों में युवाओं को एक साल की ट्रेनिंग देने के लिए राइट टू ऑपरेटिव एक्ट की गारंटी की बात कांग्रेस के न्याय पत्र में है। पार्टी का कहना है कि स्टार्टअप के लिए फंड आफ फंड्स योजना लाई जाएगी। इससे 40 साल से कम उम्र के युवाओं को खुद का व्यापार शुरू करने में मदद मिलेगी।

# भाजपा के लिए इस बार खास है तीसरा चरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 95 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। प्रचार में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। 2019 के चुनाव में इन 95 सीटों में भाजपा 72 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। कांग्रेस सिर्फ 4 सीटें ही पा सकी थी। तीसरे चरण में गुजरात की 25 सीटों पर चुनाव है। भाजपा 2014 और 2019 में राज्य की सभी सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस तरह एमपी की जिन नौ सीटों पर चुनाव है, वहां भी भाजपा ने पिछले चुनाव में क्लीन स्वीप किया है। भाजपा छत्तीसगढ़ की 7 में से 6 सीटें जीती थी। कर्नाटक की सभी 14 सीटों पर उसने कब्जा जमाया था। सात मई के मतदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, एमपी के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की किस्मत का फैसला हो जाएगा।

**राजनीति के चाणक्य को नहीं चुनौती:** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह गुजरात की गांधीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। गांधीनगर से दूसरी बार जीत के लिए अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। भाजपा इस सीट पर 1989 से अपराजित है। 2019 के चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के सीजे चावड़ा पर 5.55 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

**विदिशा में शिवराज का सिक्का:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान विदिशा निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। प्रधानमंत्री उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कह गए थे।

### हार का दाग मिटाने की चुनौती

- कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए यह चुनाव बेहद खास है। गुना लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2019 के चुनाव में भाजपा के कृष्ण पाल सिंह ने कांग्रेस से चुनाव लड़े ज्योतिरादित्य सिंधिया को हरा दिया था। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र से हो रहा है। पिछली बार कृष्णपाल सिंह यादव वोटों में सेंधमारी से कांग्रेस को रोकने में लगे हैं।

### भाभी और ननद की रोचक लड़ाई

- एनसीपी संरक्षक शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बारामती सीट से जिताने के लिए जूझ रहे हैं। यहां मुकाबला पवार बनाम पवार है। तीन बार की मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला राज्य के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी के विभाजित गुट के अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। अजित पवार की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है।



मारेंगे मैदान

पश्चिम दिल्ली से आप के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित जुलूस में कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से नाराज भी दिखे।



हक के लिए उठे हाथ

आगरा में बसपा प्रमुख मायावती की रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। बसपा प्रमुख भी भीड़ उत्साहित दिखीं।

## लोहरदगा में जेएमएम के बागी ने बिगाड़ा गणित

**चुनाव डेस्क।** झारखंड की लोहरदगा संसदीय सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। भाजपा के कब्जे वाली इस सीट पर कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर समीर उरांव मैदान में आए हैं। यहां मुकाबला इसलिए भी दिलचस्प हो गया है क्योंकि जेएमएम के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

इसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य मुकाबला होता रहा है लेकिन 2009 के चुनाव में चमरा लिंडा ने निर्दलीय मैदान में उतरकर सारे गणित को बदल दिया था। हालांकि वे इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 में वे टीएमसी से लड़े थे लेकिन तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्तमान में वे जेएमएम से विधायक हैं। यह सीट गठबंधन की वजह से कांग्रेस के खाते में चली गई। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ही समर में कूदने की घोषणा कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी। भाजपा ने भी तीन बार के सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट दिया है।

# अर्जुन मुंडा खिला पाएंगे कमल या कांग्रेस के काली चरण मुंडा लेंगे हार का बदला

खूंटी संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड राज्य की खूंटी लोकसभा सीट पर मुकाबला कांटे का है। यहां से मोदी सरकार में मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस से कालीचरण मुंडा है। वह दो बार के विधायक रहे हैं और 2019 में अर्जुन मुंडा के हाथों हार गए थे। 2014 में भी इसी सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जहां वे हार का बदला लेने के लिए आतुर दिख रहे हैं तो अर्जुन मुंडा फिर से इस सीट पर जीत दर्ज कर मोदी सरकार के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति करने को रात दिन एक किए हुए हैं।

अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित इस संसदीय सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के मैदान में आने से पूरे देश की निगाह इस सीट पर है। क्योंकि जल्द ही यहां विधानसभा के चुनाव भी होने हैं और अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उनकी दोबारा जीत उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाएगी। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। पहली बार राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1989 में इस सीट पर खाता खुला था। तब पार्टी नेता करिया मुंडा यहां से सांसद बने थे और वे 1991, 1996, 1998 और 1999 में भी इस सीट पर जीते। 2004 के चुनाव में यहां से कांग्रेस को जीत मिली हालांकि यह जीत 2009 में बरकरार नहीं रह पाई। करिया मुंडा न सिर्फ 2009 में जीते बल्कि 2014 में भी उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिला। 2019 में भाजपा ने इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को मौका दिया और वे भी सांसद बनने में कामयाब हुए। पिछले चुनाव में मिली हार की टीम काली चरण मुंडा के जेहन में आज भी है। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कोर वोटरों के दम पर जीत दर्ज करने के लिए प्रयासरत हैं। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।



अर्जुन मुंडा।



कालीचरण मुंडा।

### दो बार विधायक रहे कालीचरण

- कालीचरण मुंडा की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष के पद पर वह रह चुके हैं। 1992 में वह तमाड़ सीट से जीत दर्ज कर विधायक बने थे। 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 2000 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए। 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था पर मोदी लहर में हार गए थे। तीसरे स्थान से उन्हें संतोष करना पड़ा था।

- 2014 और 2019 में हारे कालीचरण को कांग्रेस ने फिर से मैदान में उतारा है
- आठ बार इस सीट पर भाजपा के करिया मुंडा बने सांसद, पहली बार 1989 में जीते थे
- 2019 में जीते पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का सहारा

### आरक्षण खत्म होने का दिखा रहे डर

कांग्रेस , झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता यहां आदिवासियों व अन्य जातियों के मतदाताओं को बताने में जुटे हैं कि भाजपा सत्ता में आई तो इस बार आरक्षण खत्म हो जाएगा और संविधान बदल जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति को न बुलाए जाने को जनजाति समाज का अपमान बताया जा रहा है। जबकि भाजपा के नेता यह बताने में जुटे हैं कि मोदी की गारंटी है कि आदिवासियों के हित सदैव सुरक्षित रहेंगे। आदिवासियों के लिए अलग बने मंत्रालय द्वारा अब तक कराए गए कार्यों का भी बखान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी साधने में भाजपा जुटी हुई है।

# बीजद के गढ़ में खिलेगा कमल या फिर होगी शंख ध्वनि

पुरी की चुनावी कथा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** ओडिशा की पुरी संसदीय सीट बीजू जनता दल (बीजद) का अभेद्य किला है। इसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस और भाजपा ने खूब किया पर सफलता हाथ नहीं लगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा यहां से मैदान में थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी ने उन पर दांव लगाया है। कांग्रेस इस लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई थी पर उम्मीदवार सचरिता महांति के टिकट वापस किए जाने से पार्टी की मुश्किल बढ़ गई है। अब कांग्रेस को यहां नये चेहरे के साथ मैदान में उतरना होगा। सुचरिता महांति 2014 में इस सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। 2019 में उनका टिकट कट गया था। इस संसदीय सीट पर 25 मई को मतदान होना है और पर्चा दाखिल करने की तिथि छह मई तक है। 25 मई को ही इस संसदीय क्षेत्र की सातों विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। फिलहाल पांच विधानसभा सीटों पर बीजू जनता दल और दो पर भाजपा का कब्जा है।

भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की । एक बार जनता पार्टी और एक बार संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और दो बार जनता दल के उम्मीदवारों को यहां जीत मिली। पहली बार 1998 में बीजू जनता दल को यहां जीत मिली और इसके बाद से पार्टी इस सीट को अपने पास ही रखे हुए है। इस अभेद्य किले को ढहाने के लिए कोशिशें कांग्रेस ने भी खूब की और भाजपा ने भी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। 2009 और 2014 में भाजपा को यहां तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2014 में जब मोदी की लहर चल रही थी तब भी पार्टी जीत नहीं पाई थी।

कांग्रेस को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। 2019 में संबित पात्रा मैदान में उतरे तो भाजपा मुख्य मुकाबले में आई। हालांकि वे बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा से हार गए। इस बार बीजू जनता दल ने इस बार अरूप पटनायक को मैदान में उतारा है जबकि उनके सामने भाजपा से संबित पात्र मैदान में हैं। अब कांग्रेस की सुचरिता महांति ने टिकट वापस कर दिया है तो देखना यह है कि पार्टी किसे उम्मीदवार बनाती है।



अरूप पटनायक।



संबित पात्रा।

- लगातार छह बार से बीजू जनता दल इस सीट पर फहरा रही है परचम
- भाजपा के संबित पात्रा एक बार फिर टक्कर देने के लिए मैदान में आए
- उम्मीदवार के टिकट वापस करने से कांग्रेस के लिए खड़ी हुई मुश्किल

### चार बार सांसद रहे पिनाकी मिश्रा

2009, 2014 और 2019 में बीजू जनता दल के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले पिनाकी मिश्रा ने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर पुरी से जीत दर्ज की थी। बाद में वे बीजू जनता दल में शामिल हुए और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खास नेताओं में शामिल हो गए। इस बार उनका टिकट कटा तो यह माना गया कि विवादों में आईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से नजदीकी के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

### पुलिस कमिश्नर रहे हैं अरूप पटनायक

- अरूप पटनायक मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे हैं और बीजू जनता दल के मुखिया एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद नेताओं में शामिल हैं। 2019 में उन्होंने भुवनेश्वर से चुनाव लड़ा था तब उन्हें भाजपा की अपराजिता सारंगी ने हराया था ।अब पार्टी ने उन्हें पुरी से संबित पात्रा के विरुद्ध उतारा है।

समझाया गणित



नेशनल कांफ्रेस के प्रमुख फारुख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में बैठक की और पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र बताया। मतदाताओं को बूथ तक लाने की अपील की।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 15 लोग घायल, सात गंभीर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर से रायपुर के बीच रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हुए हादसे में तेज रफ्तार बस ने खड़ी हाईवा को मारी टक्कर जिससे 15 लोग घायल हो गये जिनमें सात की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। रॉयल ट्रेवल्स की बस क्रमांक शुक्रवार की रात अंबिकापुर से निकली थी। बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। यहां रतनपुर के बीएलटी कालेज के पास हाईवे के किनारे ट्रेलर खड़ी थी। अचानक तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना शुक्रवार को देर रात दो बजे के करीब की है।

### कोलकाता के पास फैक्टरी में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के 'न्यू टाउन' इलाके में शनिवार सुबह कपड़े की फैक्टरी में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें सुबह करीब आठ बजे पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर देखी गईं जहां अन्य वाणिज्यिक इकाइयां भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को काम पर लगाया गया। जो आग की लपटों को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के नेता शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की कर रहे दुआ : मोदी

## झारखंड की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**पलामू (झारखंड), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार के 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 'एयर स्ट्राइक' ने पाकिस्तान को इतना हिला दिया है कि पड़ोसी देश के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने। मोदी ने झारखंड के पलामू और गुलमा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि पड़ोसी देश भले ही उन्हें (राहुल गांधी को) प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो, लेकिन भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। उन्होंने कहा-मां भारती का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश की स्थिति ऐसी है कि पाकिस्तान देश को बचाने के लिए दुनिया से मदद मांग रहा है।



नरेंद्र मोदी झारखंड में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए। ●

### मोदी ने विपक्ष पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर सोनिया मैडम के शासनकाल के दौरान अपनी तुष्टीकरण की नीति के तहत गोधरा कांड के जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने गोधरा कांड का जिक्र किया और आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। गुजरात में 2002 में हुये गोधरा कांड में 60 कार सेवकों की मौत हो गयी थी। इस घटना के समय मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने कहा- राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर लगाकर हमेशा तुष्टिकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री, राजद के शाहजादे के पिता थे, जो (चारा घोटाला मामले में) सजा काटकर जमानत पर घूम रहे हैं।

### टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में सुनवाई 29 जून तक के लिए टाल दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जब मामला भिवंडी में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो इस आधार पर स्थगन की मांग की गई कि आवेदक द्वारा दाखिल एक रिट याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है और उस पर अभी तक कोई आदेश नहीं दिया गया है। अय्यर ने कहा, दोनों पक्षों को सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 29 जून को तय की। मानहानि का मामला स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदस्य राजेश कुंटे ने दायर किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने एक भाषण में संगठन को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा था।

# कोर्ट ने खारिज की इंदौर में कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की अपील

**इंदौर, एजेंसी**

● मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को फिर लगा झटका

कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने कांग्रेस के "डमी" (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की अपील खारिज कर दी है। अपील के जरिए सिंह ने उच्च न्यायालय की एकल पीठ के 30 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति की गुहार वाली उनकी याचिका नामंजूर कर दी गई थी।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने एकल पीठ के फैसले को सही ठहराया और कांग्रेस के "डमी" उम्मीदवार की दायर अपील को ''योग्यता और तथ्यों से रहित'' बताते हुए खारिज कर दिया। युगल



पीठ ने सिंह की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई करके अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को जाहिर किया गया। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा आठ दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार की थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# केरल में पुलिस हिरासत में मौत मामले में चार पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**मलप्पुरम।** केरल के कोच्चि में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तनूर थाने में अगस्त 2023 में थमीर जिफ़री की कथित तौर पर हिरासत में हुयी मौत के मामले में शनिवार को चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया। जो जिला एंटी-नारकोटिक्स स्पेशल एक्शन फोर्स के सदस्य हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में तनूर थाना के वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) जिनेश, परप्पनगाडी थाने के (सीपीओ) एल्बिन ऑगस्टीन, कल्पाकांचेरी थाने के (सीपीओ) अभिमन्यु और थिरुरंगडी थाने के (सीपीओ) विपिन शामिल हैं।

# पुलिस ने प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप जोड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**अमित शाह फर्जी वीडियो मामला**

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के फर्जी वीडियो के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में आपराधिक साजिश के आरोप भी जोड़े गए हैं।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले अरुण बीरेड्डी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' नाम के खाते को संभालते हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस की यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) जोड़ी है क्योंकि जांच से एक बड़ी साजिश का संकेत मिला है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक बीरेड्डी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं। बीरेड्डी पर उन लोगों में शामिल होने का आरोप है।

# मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कड़ी

**मंगलुरु।** मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवसथा कड़ी कर दी गई है। हवाई अड्डा प्रशासन को ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। शनिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सीआईएसएफ और पुलिस ने पूरे हवाई अड्डे पर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बाजपे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में ईमेल भेजने वाले समूह की पहचान 'टेरराइजर्स 111' के रुप में की गई है। प्राथमिकी में ईमेल का हवाला देकर लिखा गया है कि 'हवाई अड्डे पर कुल तीन जगहों पर बम रखे गये है और हमें आशा है कि बड़े स्तर पर रक्तपात होगा।

# रोहित वेमुला की मां ने मुख्यमंत्री से की न्याय की मांग

**हैदराबाद, एजेंसी**

रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इस संबंध में एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेड्डी ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2016 में हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र वेमुला की आत्महत्या से जुड़े मामले की दोबारा जांच की जाएगी और न्याय दिलाया जाएगा।

रोहित वेमुला के भाई राजा वेमुला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार में उनके साथ न्याय होगा। राजा वेमुला ने कहा-हमने पुलिस द्वारा सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट का



रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को यहां तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात। ● एजेंसी

● राधिका वेमुला ने तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी से की मुलाकात

विरोध किया है। हमने उन मुद्दों पर भी चिंता जताई है जिनका उन्होंने रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए पड़ोसी आंध्र प्रदेश में गुंटूर के जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी हैं, न कि पुलिस। राजा वेमुला ने उन्होंने कुछ अन्य छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले रद करने की भी मांग की।

पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष एक 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर की वजह से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी "वास्तविक जाति" के बारे में सबको पता न चल जाए। 'क्लोजर रिपोर्ट' पर रोहित वेमुला की मां और अन्य लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेह को देखते हुए तेलंगाना के पुलिस महानिदेशकरवि गुप्ता पहले ही मामले की विस्तृत जांच की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि संबंधित अदालत में एक याचिका दायर कर मजिस्ट्रेट से मामले की आगे की जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया जाएगा। पुलिस ने मामले में सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए हरियाणा के निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य एन. रामचंदर राव समेत आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

### फगवाड़ा में हिंसक झड़प नोएडा निवासी छात्र गोली लगने से घायल

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में शनिवार तड़के लॉ गेट के पास छात्रों के दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान गोलीबारी में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) का एक छात्र गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि तीन अन्य छात्रों को मामूली चोटें आईं और चारों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल नोएडा के सत्यम पंवार (21) को जालंधर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां तीन छात्रों यश राठी, आदर्श त्रिपाठी और परीक्षित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार पीजी लॉ गेट पर रहने वाला पंवार अपने आवास के पास अन्य लोगों के साथ टहल रहा था तभी दो समूह के छात्रों में झड़प हुई थी।




जम्मू में स्कूली छात्राओं ने पक्षियों को बचाने के अभियान में भाग लेते हुए पेड़ों पर पानी से भरे मिट्टी के बर्तन लटकाए। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800 -5900 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -11000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13700-13800 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7100-7150 |
| मसूरदाल | 7350-7400 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500 -10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# निर्यात प्रतिबंध हटने के बाद प्याज के दाम बढ़े

## नासिक की लासलगांव मंडी में फैसले के बाद कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ीं

**नासिक, एजेंसी**

केंद्र सरकार के शनिवार को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव मंडी में इसकी कीमतें औसतन 200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गईं। लासलगांव में कृषि उत्पादन बाजार समिति (एपीएमसी) को भारत में सबसे बड़ा थोक प्याज बाजार बताया जाता है। इससे पूर्व दिन में सरकार ने लोकसभा चुनावों के बीच प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया, लेकिन 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगा दिया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया था। एपीएमसी के अध्यक्ष बालासाहेब



क्षीरसागर ने कहा-बाजार में कुछ बढ़ोतरी हुई है। औसत कीमतों में लगभग 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। इस फैसले से किसानों को फायदा होगा, लेकिन वास्तविक प्रभाव सोमवार को पता चलेगा जब बाजार फिर से खुलेगा। सूत्रों ने बताया कि दिन के दौरान लगभग 200 क्विंटल प्याज एपीएमसी में पहुंचा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के आधार पर कीमतें 801 रुपये, 2,551 रुपये और 2,100 रुपये प्रति क्विंटल के बीच थीं। बाजार में एक किसान ने एक समाचार चैनल को बताया कि निर्यात प्रतिबंध हटाना एक अच्छा निर्णय है, लेकिन इसे कम से कम एक साल तक लागू रहना चाहिए। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, निर्यात शुल्क से प्याज उत्पादकों का मुनाफा कम हो जाएगा। एक किसान ने पूछा- प्रतिबंध के कारण हमें जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कागज उद्योग का सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए बंजर भूमि आवंटित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** भारतीय कागज उद्योग ने सरकार से पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को दीर्घकालिक पट्टे पर बंजर भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उद्योग का कहना है कि इससे कच्चे माल की कमी को दूर करने और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पल्पवुड ऐसे वृक्षों को कहा जाता है, जिनकी लकड़ी को पीसकर रेशेदार गूदे में बदला जा सकता है। उद्योग ने कहा कि देश में भारी मात्रा में बंजर भूमि उपलब्ध है और अगर इसका एक छोटा सा हिस्सा पल्पवुड वृक्षारोपण के लिए कागज मिलों को पट्टे पर आवंटित किया जाता है, तो यह उद्योग की वृद्धि और देश की हरियाली के लिए क्रांतिकारी कदम हो सकता है। इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कागज उद्योग को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और यह भारत में मिलों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### पेटीएम के सीईओ भावेश गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। फिनटेक फर्म पेटीएम ने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

कंपनी ने अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया है। पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। बयान में कहा गया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है।

# एनसीएलटी के कर्ज समाधान मामलों में 43 प्रतिशत उछाल

**कोलकाता, एजेंसी**

● आईबीबीआई ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित करते हुए दी जानकारी

कई बाधाओं के बीच भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 2023-24 को एक ऐतिहासिक वर्ष घोषित किया है। इसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा किए गए समाधान मामले 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 270 रहे हैं जो पिछले साल 189 मामले थे।

उम्मीद है कि आईबीबीआई दिवाला और ऋण अक्षमता संहिता (आईबीसी) में 'मध्यस्थता' को शामिल करने के लिए अगले दो-तीन महीनों में सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। फिलहाल इसपर चर्चा और जांच चल रही है। नियामक बड़े कॉरपोरेट मामलों के लिए प्रीपैकेज्ड समाधान पर भी काम कर रहा है, जिसकी अनुमति अब तक केवल एमएसएमई मामलों में ही है। आईबीबीआई के पूर्णकालिक सदस्य सुधाकर शुक्ला ने सीआईआई द्वारा आयोजित सातवें 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि एक साल में पहली बार नए मामलों की संख्या से समाधान हुए मामलों की संख्या बढ़ी है, जिससे पूरे भारत में लंबित मामलों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बाधाओं के बावजूद 3.5 लाख करोड़ रुपये का समाधान हासिल किया गया और 10 लाख करोड़ रुपये के 27,000 आवेदन वापस ले लिए गए। इससे आईबीसी देश में ऋण समाधान के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन गया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550-54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,650 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,650 |
| चांदी पक्की | 805 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,650 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

# टाटा पावर रिन्यूएबल ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपेश नंदा ने शनिवार को कहा कि उसने 460 मेगावाट की दृढ़ और प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) परियोजना स्थापित करने के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एफडीआरई संयंत्र से निर्बाध रूप से लगातार बिजली आपूर्ति की जा सकती है। इससे बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को उनके नवीकरणीय खरीद दायित्वों (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्वों (ईएसओ) को पूरा करने में मदद मिलती है। बयान के मुताबिक 460 मेगावाट की एफडीआरई को इस तरह तैयार किया गया है, ताकि यह सौर, पवन और बैटरी भंडारण प्रौद्योगिकियों के संयोजन से बिजली की अधिकतम मांग के दौरान कुशलता के साथ बिजली आपूर्ति कर सके। टीपीआरईएल ने कहा कि इस संयंत्र से सालाना करीब 300 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने और 220 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन की भरपाई होने की उम्मीद है।

### आईडीबीआई बैंक का तिमाही में 44 प्रतिशत बढ़ गया शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 44 प्रतिशत उछलकर 1,628 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 1,133 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने शनिवार को कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 7,887 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल समान तिमाही में 7,014 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत बढ़कर 5,634 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है।

# आरबीआई की कार्रवाई से वित्तीय प्रभाव सीमित, प्रतिष्ठा क्षति को लेकर चिंता ज्यादा

**मुंबई, एजेंसी**

कोटक महिंद्रा बैंक को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों का वित्तीय प्रभाव अपेक्षाकृत कम होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हालांकि बैंक प्रतिष्ठा को होने वाले नुकसान के बारे में अधिक चिंतित है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी ने संवाददाताओं से कहा कि इसका देनदारी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा।

● प्रतिबंध लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारी ने कही बात




बैंक ने संकेत दिए हैं कि प्रतिबंध कुछ महीनों तक जारी रह सकता है। पिछले महीने के अंत में आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग माध्यमों के जरिए नए ग्राहकों को शामिल करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया था क्योंकि बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में कमी पाई गई थी। वासवानी ने इसी साल जनवरी में कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा कि बैंक तकनीकी मोर्चे पर अपने प्रयासों को दोगुना कर रहा है, और विश्वास वापस जीतना अब बैंक के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस आदेश का असर क्रेडिट कार्ड कारोबार और इसके डिजिटल बैंकिंग केंद्रित कारोबारों पर पड़ेगा।

